ईश्वर में हमारा विश्वास
सत्यमेव जयते
# राष्ट्रीय नवीन मेल
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 05 ● विक्रम संवत 2080 ● सोमवार, 04 सितम्बर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 212 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

इंडिया गठबंधन कर रहा सनातन धर्म का ... पेज 12 पर



## गेंदा फूल की खेती में किस्मत आजमा रहे मुरहू, खूंटी व अड़की के किसान

### 50 लाख रुपये के कारोबार की उम्मीद

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
जिले में सूखे की आशंका को देखते हुए किसान गेंदा फूल की खेती की ओर आकर्षित हो रहे हैं। प्रदान के जरिए किसानों को इसकी खेती का प्रशिक्षण और तकनीकी मदद दी जा रही है। इसके लिए मुरहू, खूंटी और अड़की प्रखंड के 800 किसानों के बीच गेंदा फूल के 15 लाख पौधों का वितरण किया गया है।

किसान गेंदा फूल की खेती की तैयारी लगभग ढाई महीने पहले शुरू कर देते हैं। किसानों को फिक्की आदित्य बिरला सेंटर फॉर एक्सीलेंस, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम और प्रदान के सहयोग से बनी सहकारी संस्था महिला कृषि बागवानी स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड मदद कर रही है। एकता कुमारी, सीईओ झरिया महिला कृषि बागवानी स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के दिशा-निर्देश पर किसानों का ट्रेनिंग दी जा रही है। प्रदान की कविता बोदरा कहती हैं कि इस साल वर्षा कम हुई है। इसके कारण खेत की ऊपरी जमीन खाली है। इसमें गेंदा फूल की खेती कर किसान अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक एकड़ जमीन के लिए किसान को दस हजार पौधे की आवश्यकता होती है। पूरी खेती में किसान को बीस हजार रुपये तक का खर्च आता है जबकि दुगार्पूजा, दीपावली, छठ तक वे दो लाख रुपये तक की आमदनी प्राप्त कर सकते हैं।



जेएसएलपीएस के एक अधिकारी ने बताया कि जिले में पांच सौ एकड़ क्षेत्रफल में गेंदा फूल की खेती की जा रही है। इसके लिए 25 लाख पौधों का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि गेंदा फूल की खेती में चार सौ से अणिक परिवार जुड़े हैं। जिले के हेठगोवा, बाघमा, कोड़ाकेल, साड़ी गांव, इंदीपवीड़ी, सेनेगुटू, तारो, सिलादोन, दुलमी, डाड़ीगुटू, जोरको, कोश, तोड़ांग, तिरला, सारिदकेल, दियांकेल, तोरपा सहित अन्य क्षेत्रों में गेंदा फूल की खेती की गई है।

उन्होंने बताया कि वैसे तो बरसात शुरू होने के साथ ही गेंदा फूल के पौधे लगाए जाते हैं। फसल को तैयार होने में ढाई से तीन महीने का समय लगता है। एक एकड़ खेत में गेंदा फूल की खेती करने में मात्र पांच से छह हजार रुपये की लागत आती है जबकि इससे दो से तीन लाख तक की आमदनी हो जाती है। अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ में खूंटी जिले में गेंदा फूल के 50 लाख रुपये के कारोबार की उम्मीद है। पौधा वितरण के मौके पर एकता कुमारी, निशा सुरीन, कविता बोदरा, आदर्श कुमार, रीडा लोहरा, दीपा कुमारी, पम्मी, रूपू, एस्बिना, सोनाली आदि मौजूद थीं।

## लेवी के 5 लाख के साथ दो माओवादी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**
पलामू प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के खिलाफ पलामू पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने माओवादियों के पास जा रहे पांच लाख रुपए को जब्त कर लिया है। जबकि दो माओवादियों को गिरफ्तार भी किया गया है। लेवी का यह पैसा 10 लाख के इनामी माओवादी कमांडर नितेश यादव के पास जा रहा था। दरअसल, पलामू पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि टॉप माओवादी नितेश यादव को पैसा जाने वाला है। इसी सूचना के आलोक में पलामू पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया था। पुलिस सूत्रों से मिली



जानकारी के अनुसार सर्च अभियान के क्रम में पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने माओवादी हरि यादव और विनोद यादव को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से लेवी के पांच लाख रुपए बरामद किया गया। वहीं, पुलिस को गिरफ्तार माओवादी हरि यादव और विनोद यादव के पास से टॉप नक्सली कमांडर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### 500 के 58 पीस नकली नोट के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार

**पलामू।** नकली नोट के कारोबार रोकने को लेकर चलाए जा रहे हैं अभियान में मेदिनीनगर शहर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कचहरी ओवरब्रिज के पास से 58 पीस 500 के नकली नोट के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। सभी तस्करों को रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों में मोहम्मदगंज के निवासी विमलेश कुमार और संदीप कुमार, मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के कांडू मुहल्ला के राजीव रंजन उर्फ मुकेश दुबे एवं सदर थाना क्षेत्र के बिजली ऑफिस के पीछे के नरेश सिंह शामिल है। उन्होंने बताया कि नकली नोट बरामद होने के बाद उसकी पहचान कचहरी स्थित एसबीआई में ब्रांच के शाखा प्रबंधक से कराई गई। उन्होंने नकली नोट होने की पुष्टि की। इसके बाद सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि चारों में से राजीव रंजन उर्फ मुकेश दुबे मास्टरमाइंड है। सारे नकली नोट पश्चिम बंगाल के मालदा से मंगाये जाते हैं और उसे शहरी क्षेत्र में खपाया जाता है। नकली नोट के कारोबार में जुड़े अन्य लोगों के बारे में कार्रवाई की जा रही है।

### उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी की मौत

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदी सोमा उरांव(62) की इलाज के दौरान रविवार को रिम्स में मौत हो गई। सोमा इटकी थाना क्षेत्र के रानी खटंगा का रहने वाला था। सोमा उरांव को इलाज के लिए सात अगस्त को रिम्स में भर्ती किया गया। वह हैपेटाइटीस बी बीमारी से पीड़ित था। उसे रिम्स के मेडिसीन विभाग के आइसीसीयू में भरती कराया गया था। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक के आग्रह पर रिम्स प्रबंधन ने कैदी के वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिखा है। मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में कैदी का परिजनों का फर्दबयान लिया गया लेकिन शाम हो जाने के कारण रविवार को पोस्टमार्टम नहीं हो सका। सोमवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### पेशकार पर हमला मामले में संतरी सस्पेंड

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर कोर्ट में शुक्रवार एक सितंबर को हुई घटना को लेकर एसएसपी प्रभात कुमार ने कोर्ट के मेन गेट पर तैनात संतरी आरक्षी सुरेश प्रसाद को सस्पेंड कर दिया। इसके अलावा कोर्ट प्रभारी एएसआई धर्मेन्द्र कुमार चौधरी को शोकॉज किया है। इधर, चापड़ के हमला से घायल एडीजे-वन के पेशकार राकेश कुमार के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। उन्हें शनिवार दो सितंबर, 2023 को टीएमएच से छुट्टी मिल गयी। घटना के बाद से कोर्ट कर्मी सहमे हैं। कदमा शास्त्रीनगर ब्लाक नंबर-दो निवासी मो साहिल बच्चा से पूछताछ के बाद सीतारामडेरा पुलिस ने शनिवार को आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### 1000 करोड़ के अवैध खनन केस का मामला

# एसडीपीओ राजेंद्र दुबे से पूछताछ आज

### डीसी ने ईडी को पूछताछ में पुलिस की भूमिका बताई थी

### पहले न्यायिक हिरासत में बंद पंकज मिश्रा से बात कर बुरे फंसे थे दुबे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन केस में ईडी की टीम एसडीपीओ राजेंद्र दुबे से पूछताछ करेगी। राजेंद्र दुबे से पूर्व में दिसंबर 2022 में पूछताछ हुई थी। इस मामले में नए तथ्य सामने आने के बाद डीएसपी को ईडी ने फिर से समन किया है। डीएसपी को सोमवार को दिन के 11 बजे एजेंसी के रांची जोनल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सीबीआई रांची पुलिस के अफसरों से भी करेगी पूछताछ




### ईडी के अफसरों के खिलाफ भी विजय हांसदा ने दिया था धारा 164 के तहत बयान

सीबीआई साहिबगंज में अवैध खनन व उससे जुड़े सारे केस की जांच कर रही है। सीबीआई एसीबी की टीम इसी कड़ी में धुर्वा थाने में विजय हांसदा से जुड़े केस में भी पुलिस अफसरों से पूछताछ करेगी। हांसदा ने धुर्वा थाने में ईडी के दो गवाहों अशोक यादव व मुकेश यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी थी। इस केस की जांच में पीई के तहत सीबीआई कर रही है। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, इस केस में केस के अनुसंधान पदाधिकारी हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा व धुर्वा थाना के पुलिस पदाधिकारियों का भी बयान दर्ज कराएगी। धुर्वा थाने में दर्ज एफआईआर में पुलिस ने आनन फानन में विजय हांसदा का बयान भी 164 के तहत दर्ज कराया था। बयान में विजय हांसदा ने ईडी के अफसरों के खिलाफ भी जातिसूचक शब्द के प्रयोग की बात कही थी। जिसके बाद ईडी के अफसर भी इस मामले में जांच के दायरे में आ गए हैं। झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई विजय हांसदा के कंडक्ट की भी जांच कर रही है। सीबीआई के द्वारा यह भी जांचा जा रहा है कि विजय हांसदा ने क्या किसी के प्रभाव में आकर हाईकोर्ट में दायर याचिका वापस लेने की कोशिश की थी। याचिका को लेकर ही ईडी के अफसरों से विजय का विवाद हुआ था। सीबीआई की टीम साहिबगंज में विजय हांसदा से पूछताछ कर बयान दर्ज कर चुकी है। सीबीआई को एक माह में जांच पूरी कर हाईकोर्ट को रिपोर्ट देनी है।

### डुमरी विधानसभा उपचुनाव में थम गया प्रचार अभियान

## बेबी देवी के पक्ष में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया रोड शो, वोटिंग कल

### 373 बूथों पर पांच को होगा मतदान

### 2019 में डुमरी से जीते थे जगरनाथ महतो

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
डुमरी विधानसभा क्षेत्र में 5 सितंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए चल रहा प्रचार अभियान रविवार को शाम 5 बजे थम गया। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डुमरी में भव्य रोड शो किया। हेमंत सोरेन का रोड शो पूरे ईसरी बाजार में हुआ। इस दौरान उनके साथ राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और मंत्री हफीजुल हसन और उत्पाद मंत्री सह डुमरी की जेएमएम प्रत्याशी बेबी देवी भी ओपन जीप में रही। डुमरी विधानसभा क्षेत्र उप चुनाव में पांच सितंबर को होने वाले मतदान को देखते हुए हेमंत सोरेन ने पूरा जोर लगा दिया है। लिहाजा, चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बेबी देवी के पक्ष में खुद चुनाव मैदान में कूद पड़े और लंबा रोड शो किया। इसमें सदर विधायक सुद्दिया कुमार सोनू, बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद समेत डुमरी और जिला जेएमएम के हजारों नेता और कार्यकर्ता बाइक पर सवार होकर रोड शो में हिस्सा लिया।




बाइक रैली में शामिल इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन और गठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी के समर्थन में जमकर नारे भी लगाए। रोड शो को देखने के लिए डुमरी से ईसरी बाजार तक जनसमूह उमड़ पड़ा। लोगों के बीच से भी हेमंत सोरेन और बेबी देवी के समर्थन में नारेबाजी हुई।

इससे पहले एनडीए की अगुआ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और आजसू ने दो सितंबर को डुमरी विधानसभा क्षेत्र में प्रचार किया था। झारखंड के तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने एनडीए की उम्मीदवार यशोदा देवी के पक्ष में प्रचार किया। तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों में बीजेपी के नेता बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास शामिल थे। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो झारखंड ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### झारखंड के खेल प्रशिक्षकों को दिया जायेगा कैश अवार्ड

## 5 सितम्बर तक करना होगा आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड के खेल प्रशिक्षकों को कैश अवॉर्ड का लाभ दिया जाना है। इसके लिए खेल निदेशालय, झारखंड के निर्देश के बाद सभी जिलों में इसके लिए जिला खेल पदाधिकारी के माध्यम से पांच सितम्बर तक आवेदन मंगाए जा रहे हैं। रांची सहित दूसरे जिलों में भी इस संबंध में सूचना जारी की गयी है।रांची डीएसओ के स्तर से जारी सूचना के आधार पर कहा गया है कि जिले के वैसे प्रशिक्षक, जिन्होंने मान्यता प्राप्त खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों या टीम को उपलब्धि दिलाई हो और अबतक अवॉर्ड के लिए आवेदन नहीं दिया हो, वे पांच सितम्बर को दोपहर दो बजे तक डीएसओ कार्यालय में आवेदन दें। आवेदन का फॉर्मेट खेल निदेशालय की वेबसाइट से लिया जा सकता है।

खेल निदेशालय की ओर से भी खेल प्रशिक्षकों को कैश अवॉर्ड के लिए पांच सितम्बर तक आवेदन करने को कहा गया है। इसके अनुसार झारखंड के वैसे खेल प्रशिक्षक जिन्होंने 10 जून 2022 के बाद भारतीय ओलंपिक संघ से या अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों, टीम को उपलब्धि दिलाई हो, वे कैश अवॉर्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए अपने आवेदन संबंधित जिले में डीएसओ कार्यालय से संपर्क करना होगा।

### राजभवन से बैरंग लौटे राज्य समन्वय समिति के सदस्य सौंपा ज्ञापन, बोले

## विधेयक को जन हित में वापस करें राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची। हेमंत सोरेन सरकार की राज्य समन्वय समिति के सदस्य रविवार को राजभवन पहुंचे लेकिन उन्हें अंदर जाने नहीं दिया गया। समिति के सदस्यों ने राजभवन और राज्यपाल की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए गेट पर तैनात सुरक्षा सेल के एक संतरी को ज्ञापन सौंपा और वहां से चले गये।



समिति के सदस्य और झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत में राजभवन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी राजभवन से समय मांगा गया था लेकिन नहीं दिया गया था। इस बार विधिवत रूप से एक सितंबर को राजभवन को पत्र लिखकर तीन सितंबर का समय मांगा गया था लेकिन न तो समय मिला और न ही कोई सूचना दी गयी। इससे साफ है कि राजभवन और राज्यपाल किसी विशेष दल या व्यक्ति विशेष के दबाव में आकर काम कर रहे हैं।

विनोद कुमार पांडेय कहा कि जब भी कोई बिल विधानसभा से पास कर उसे राजभवन भेजा जाता है और राज्यपाल उसे वापस करते हैं तो उसकी सूचना उन्हें देनी पड़ती है ताकि सरकार उसमें संशोधन कर फिर से उसे विधानसभा में पारित कराये। इसके बाद बिल को राजभवन भेजा जा सके। पांडेय ने कहा कि हेमंत सरकार के तीन महत्वपूर्ण बिल लौटाने के मामले में राजभवन ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यपाल ने संविधान के अनुच्छेद 200 का उल्लंघन किया है। लगता है कि राज्यपाल किसी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### जी20 शिखर सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन सहित कई मुद्दों पर होगा विमर्श

## विकासशील देशों की आवाज बनेगा भारत

**एजेंसी। नई दिल्ली**
9 से 10 सितंबर के बीच होने वाला नई दिल्ली जी20 शिखर सम्मेलन अब नजदीक है और इसे भारत को कम विकसित देशों की आवाज के रूप में स्थापित करने में सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में से एक के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। दो दिनों के गहन विचार-विमर्श के बाद, जी20 शिखर सम्मेलन नई दिल्ली घोषणा के साथ समाप्त होगा, इसमें जलवायु परिवर्तन और जलवायु वित्त, गरीबी उन्मूलन में बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) की भूमिका, टिकाऊ विकास पर प्रगति, विकास लक्ष्य, तकनीकी परिवर्तन और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा और सबसे महत्वपूर्ण रूप से रूस-यूक्रेन संघर्ष के सामाजिक-आर्थिक परिणाम जैसे मुख्य एजेंडा आइटम की रूपरेखा तैयार करने की उम्मीद है। भारत ने खुद को ग्लोबल साउथ(कम विकसित देशों) की आवाज के रूप में स्थापित किया है। भारत ने ऐसे देशों के हितों की वकालत करने के लिए जी20 की अध्यक्षता के मंच का उपयोग किया है।




जनवरी में हुए वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के दौरान, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि दुनिया संकट की स्थिति में है और विकासशील देशों के नेताओं से कहा था कि आपकी आवाज भारत की आवाज है और प्राथमिकताएं भारत की प्राथमिकताएं हैं।

उन्होंने कहा था, भारत ने हमेशा अपने विकासात्मक अनुभव को ग्लोबल साउथ के हमारे भाइयों के साथ साझा किया है। जैसा कि भारत इस वर्ष अपनी जी20 अध्यक्षता शुरू कर रहा है, यह स्वाभाविक है कि हमारा उद्देश्य वैश्विक दक्षिण की आवाज को बढ़ाना है।

भारत की जी20 की अध्यक्षता के लिए एक वाक्यांश, जो प्राचीन संस्कृत पाठ हितोपदेश से लिया गया है 'वसुधैव कुटुंबकम', या 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' है। सरकार ने अपनी विदेश नीति स्थापित करने के लिए लगातार इसका उपयोग किया है। भारत का लक्ष्य जी20 के अध्यक्ष के रूप में मिले राजनयिक अवसर का अधिकतम उपयोग करना है और इसलिए लगभग सभी देशों ने आगामी जी20 शिखर सम्मेलन के लिए अपनी उपस्थिति की पुष्टि कर दी है।

जी 20 समूह में वे देश शामिल हैं, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 80 प्रतिशत और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में 70 प्रतिशत से अधिक का योगदान करते हैं। जी20 शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन और कनाडाई प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो सहित लगभग 25 विश्व नेताओं की उपस्थिति होगी। सूत्रों के मुताबिक, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को छोड़कर लगभग सभी जी20 नेताओं ने नई दिल्ली जी20 शिखर सम्मेलन के लिए अपनी उपस्थिति की पुष्टि कर दी है। 28 अगस्त को पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ टेलीफोन पर बातचीत में नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने में असमर्थता जताई थी और बताया था कि रूस का प्रतिनिधित्व उनके विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव करेंगे। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 7 सितंबर को चार दिवसीय द्विपक्षीय यात्रा पर आ रहे हैं, इस दौरान वह जी20 शिखर सम्मेलन में भी शामिल होंगे। बहुपक्षीय कार्यक्रम में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की उपस्थिति की अभी पुष्टि नहीं हुई है। 11 अगस्त को इस बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि सरकार ने सभी प्रतिभागियों को आमंत्रित किया है और उनकी भागीदारी के लिए उत्सुक है। मेक्सिको के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उसके राष्ट्रपति एन्ड्रेस ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### अब इंस्टा पर 10 मिनट की रील

## यू ट्यूब व टिक टॉक को देगा टक्कर

**आरएनएम। नई दिल्ली**
मेटा के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम एक और नए फीचर पर काम कर रहा है। इस नए फीचर के आने के बाद इंस्टाग्राम पर 10 मिनट तक के रील पोस्ट किए जा सकेंगे। फिलहाल इंस्टाग्राम रील की साइज 1 मिनट की है। मेटा का कहना है कि नए अपडेट से उन्हें काफी फायदा होगा जो कि एजुकेशन, मेकअप और रेसिपी आदि से संबंधित वीडियो तैयार करते हैं। इंस्टाग्राम के इस नए फीचर की जानकारी जाने-माने रिवर्स इंजीनियर एलेसेंड्रो पलुजी ने एक्स पर दी है। इसके अलावा अंग्रेजी टेक साइट टेकक्रंच ने भी इसकी पुष्टि की है। 10 मिनट वाले रील्स की टेस्टिंग फिलहाल बीटा वर्जन पर हो रही है। नए फीचर के जारी आने के बाद इंस्टाग्राम रील्स का मुकाबला टिकटॉक और यूट्यूब से होगा। टिक टाक ने यही फीचर पिछले साल फरवरी में लॉन्च किया था। मालूम हो कि कुछ दिन पहले ही इंस्टाग्राम के सीईओ एडम मोसेरी ने नए फीचर की जानकारी देते हुए कहा था कि अब एक स्टोरी में सिंगल मेंशन में एक साथ लोगों के एक ग्रुप को टैग करने का तरीका तलाश रहे हैं। ग्रुप में कोई भी व्यक्ति उस ग्रुप मेंशन का उपयोग कर सकेगा और भविष्य में अपनी प्रोफाइल से भी स्टोरी में टैग कर सकेगा।

# रेलवे से जुड़ी समस्या को लेकर रांची डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी** रेलवे से जुड़ी कई समस्याओं के निदान को ले सांसद संजय सेठ के पहल पर भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज के नेतृत्व में बिसरिया पंचायत मुखिया जितनी देवी, पंचायत समिति सदस्य मनोहर महतो एवं युवा कमिटी संघ के तापस महतो ने रविवार को रांची मंडल के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा से रांची में मुलाकात की। ज्ञात हो कि पिछले कुछ महीने पहले ग्रामीणों ने सांसद संजय सेठ को रेलवे से जुड़ी समस्या से अवगत कराया था जिसके तुरंत बाद ही सांसद ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं चेयरमैन को पत्र लिखा था।कल सांसद क्षेत्र भ्रमण के दौरान सिल्ली पहुंचे थे जहां ग्रामीणों ने पुनः उक्त समस्या से अवगत कराया उन्होंने अगले दिन ही डीआरएम से मिलाने की बात कही। इसी क्रम में दूसरे दिन भाजपा नेता विनय महतो धीरज व बिसरिया पंचायत के ग्रामीणों के साथ रांची पहुंचे और रेलवे से जुड़ी कई समस्याओं के निदान को ले डीआरएम से चर्चा की और मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि मुरी से बिसरिया गांव जाने वाली सड़क काफी जर्जर है स्कूल के बच्चों और ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है उक्त सड़क के निर्माण हेतु विभागीय पहल की जाए,सिल्ली स्थित आर ?ओबी निर्माण के बाद दोनों ओर एप्रोच रोड अधूरा है जिसका अविलंब निर्माण किया जाए वहीं आरओबी के ऊपर बड़ा जानलेवा गड्ढा हो गया है जिसमें कभी भी बड़ी दुर्घटना की हो सकती है इसका भी अविलंब सुदृढ़ीकरण किया जाए, सिल्ली स्टेशन पर हटिया- पटना (इस्लामपुर) ट्रेन का पुर्व की भांति ठहराव तथा मुरी - बरकाकाना लाईन पर बांसारूली गांव के समीप सबवे निर्माण आदि कई बिंदुओं पर सकारात्मक बात हुई। डीआरएम ने उपरोक्त सभी बिंदुओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा आश्वस्त किया है कि जल्द सभी समस्याओं का निदान किया जाएगा।

### विश्व हिन्दू परिषद रांची विभाग की बैठक लक्ष्मीनारायण धर्मशाला में संपन्न

# बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा व समिति की हुई घोषणा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** विश्व हिन्दू परिषद रांची विभाग की बैठक रविवार को रांची स्थित लक्ष्मीनारायण धर्मशाला में हुई। इसके बाद तीन बार प्रणवोच्चार, एकात्माता मंत्र व तेरह बार विजय महामंत्र से किया गया। मंचासीन अधिकारियों का परिचय रांची विभाग के सहमंत्री विकास सिंह ने कराया। बैठक के प्रथम सत्र में सभी जिला मंत्रियों ने अपने-अपने जिले का वृत्त निवेदन किया। विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय सहमंत्री व प्रचार-प्रसार विभाग के केंद्रीय सहप्रमुख सचिन्द्र सिन्हा ने कहा कि हम जितना सोचते हैं समाज हमसे आगे सोचता है। एक समय था जब जब हॉल बड़ी और संख्या छोटी होती थी पर अब स्थिति विपरीत है। देशभर में हिंदुओं का जबर्दस्त जागरण हुआ है बस हमें उन्हें समेटने की आवश्यकता है। हम कोई भी शुभकार्य पूजा आदि प्रारंभ करने पर संकल्प लेते हैं। उसी प्रकार संगठन कार्य के लिए भी हमें संकल्प लेने की आवश्यकता है। केंद्रीय सहमंत्री ने कहा कि बैठक में आए एक एक कार्यकर्ता केवल भीड़ मात्र के लिए नहीं हैं। बल्कि हम सब दायित्ववान कार्यकर्ता हैं। हम सब नियमित बैठक में आते हैं तथा हमारा नित्य संगठन कार्य के लिए प्रशिक्षण होता है। हिन्दू समाज को उनके पूर्वजों का गौरवशाली इतिहास बतलाकर उनके पुरुषार्थ को जगाने का कार्य विश्व हिन्दू परिषद कर रहा है। जाति, प्रान्त, भाषा से ऊपर उठकर हम केवल हिन्दू हैं यही भाव जगाने का कार्य अपना है। विश्व भर में हम आज संगठित हो रहे हैं और भारत एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। लेकिन राष्ट्रविरोधी शक्तियां यहां के अनुसूचित जाति, जनजाति, दलित एवं अत्यंत पिछड़े समाज के लोगों के बीच एक विमर्श स्थापित कराने का षड्यंत्र कर रहे हैं कि हम हिन्दू नहीं हैं। इसे हमें समाप्त करने की आवश्यकता है। प्रान्त सहमंत्री रंगनाथ महतो द्वारा रांची विभाग की निम्नलिखित घोषणाओं का प्रस्ताव बैठक में उपस्थित सभी लोगों के समक्ष लाया गया जिसे उपस्थित सभी लोगों द्वारा दोनों हाथ उठाकर ओंकार ध्वनि से इसे पारित कर दी गई। शौर्य यात्रा मुख्य संरक्षक -गंगा प्रसाद यादव, शौर्य यात्रा संरक्षक - कैलाश केसरी, शौर्य यात्रा संरक्षक-रामेश्वर दयाल सिंह, शौर्य यात्रा संरक्षक -विनोद जयसवाल, शौर्य यात्रा संरक्षक - आलोक चौधरी, शौर्य यात्रा विभाग संयोजक- कृष्ण कुमार झा, शौर्य यात्रा विभाग सहसंयोजक-चंद्रदीप दुबे, शौर्य यात्रा विभाग सहसंयोजक - रोबिन कुमार, शौर्य यात्रा विभाग सहसंयोजक-छोटू वर्मा, शौर्य यात्रा विभाग प्रमुख - विशाल कुमार, शौर्य यात्रा विभाग सहप्रमुख - अंकित सिंह, शौर्य यात्रा विभाग सहप्रमुख - भगीरथ पोद्दार, शौर्य यात्रा विभाग सहप्रमुख - रोहित साहू, नवीन घोषणा (बजरंग दल व विहिप समिति की) : बजरंग दल विभाग संयोजक - प्रिंस अजमानी, महानगर संयोजक - अंकित सिंह, खूंटी जिला मंत्री - विशाल चंद्रा, खूंटी जिला सहमंत्री - राजीव झा जी साथ ही अनेक प्रखंडों व नगरों की घोषणा हुई।

## मोटरसाईकिल दुर्घटना में यूवक घायल, रिम्स रेफर



**सिल्ली।** पुरुलिया रांची मुख्य सड़क पर सिल्ली सामुदायिक अस्पताल के समीप सड़क दुघर्टना में मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका सिल्ली सामुदायिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक सिल्ली के लगाम गांव निवासी अर्जुन कर्मकार अपने गांव से मोटरसाइकिल से सिल्ली जा रहे थे इसी क्रम में अस्पताल के समीप मवेशी को बचाने के क्रम में अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिर पड़े एवं गंभीर रूप से घायल हो गए । स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया।

## सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न



**सिल्ली।** प्रखण्ड कंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष, कार्तिक चंद्र महतो की अध्यक्षता मे रविवार को सिल्ली प्रखण्ड कार्यालय मे पंचायत कमिटी की गठन एवं कंग्रेस पार्टी बी एल ए बनवाने के बिषय मे एक अवश्यक बैठक की गई। बैठक का संचालन नागेश्वर महतो ने किया। इस बैठक मे मुख्य रुप से रांची जिला ग्रामीण कंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, जिला उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला महासचिव गुलजार अहमद, रामगढ़ जिला महासचिव कुमार रंजीत उपस्थित थे। इस मौके पर सिल्ली प्रखण्ड कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, कोषाध्यक्ष मो.मंजुर मोमीन, मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो, मंडल अध्यक्ष पूर्वी भुतनाथ मंडल वरिष्ठ कंग्रेस नेता सुरेश गोंझु, दुर्गा चरण यादव, योगेन्द्र कोइरी, रामेश्वर महतो, प्रकाश मुंडा बलराम महतो, निताई महतो, सदानंद सोनार, सुखदेव मुंडा, रुपेश वेदिया, सरफुल अंसारी, तापस पोद्दार, लालू राम कोइरी गोपाल मुंडा, भगीरथ महतो, पिनाकी बनर्जी, गौरचंद्र पातर, रविन प्रमाणिक, कमल सिंह मुंडा,काशीराम पातर, मो.विलाल, मुख्तार आलम, समेत कंग्रेस कमिटी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### टोटेमिक कुर्मी/ कुड़मी कोर कमेटी की बैठक सम्पन्न

# मांग को सफल बनाने को लेकर लाखों की संख्या में लोग पहुंचेंगे मुरी जंक्शन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** टोटेमिक कुरमी/ कुड़मी विकास मोर्चा के बैनर तले रेल रोको आंदोलन की कोर कमेटी का आवश्यक बैठक सिंगापुर मैरिज हॉल छोटामुरी में रखा गया। बैठक का अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष शीतल ओहदार और संचालन सखीचंद महतो ने किया। कोर कमेटी का बैठक टोटेमिक कुरमी/ कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति में सुचिवद्ध करने और कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर रेल रोको आंदोलन को सफल बनाने के संबंध में रखा गया था। बैठक में झारखंड के विभिन्न जिला के सभी प्रखंड के प्रतिनिधि शामिल हुए, जिसमें सभी क्षेत्र से जनसंपर्क तैयारी की समीक्षा की गई। कोर कमेटी के सदस्यों ने पुरे झारखंड से आगामी 20 सितंबर को मुरी जंक्शन में लाखों कुड़मी के पहुंचनें की भरोसा दिलाया। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री ओहदार ने कहा कि कुड़मीयों का मुरी में अनिश्चितकालीन रेल टेका आंदोलन ऐतिहासिक होगा। लाखों की संख्या में समाज के महिला पुरुष अपने पारंपरिक वेशभूषा और अपने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ मुरी रेल ट्रेक में उतरेंगे। रेल टेका₹ रेल चक्का जाम₹ तब तक जारी रहेगा जब तक कि केंद्र सरकार हमारी मांग पुरा नहीं करती है। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन से रेलवे की नुकसान की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी क्योंकि कुड़मी जनजाति लगातार 72 वर्षों से अपनी संवैधानिक अधिकार के लिए आंदोलनरत है किंतु सरकार हमें अपने अधिकार से वंचित रखा है। कोर कमेटी के संयोजक दानिसिंह महतो ने कहा कि केंद्र सरकार हमारी मांग को अनदेखा करती है तो आगामी 2024 के चुनाव में भाजपा को कुड़मी बहुल क्षेत्र से झारखंड में नौ लोकसभा क्षेत्र से बुरी तरह से हराने का काम करेंगे। बैठक को रामपोदो महतो, थानेश्वर महतो, सपन कुमार महतो, शशिरंजन महतो, नरेश महतो, क्षेत्रमोहन महतो, शिशुपाल महतो, रघुनाथ महतो, डब्लू महतो, राजू महतो, जयराम महतो, सुनील महतो, परमेश्वर महतो आदि ने संबोधित किया। कोर कमेटी के सदस्यों ने कहा कि दुर-दराज से आंदोलन में शामिल होने के लोग लिए 19 सितंबर को ही मुरी पंहुचेगें जिसकी ठहरने की व्यवस्था की तैयारी की जा रही है।

## नीलकंठ मुंडा ने फुटबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

**खूंटी।** विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा रविवार को युवा क्लब रेमता के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। रेमता पहुंचने पर गांव वालों और आयोजन समिति के सदस्यों ने पारंपरिक रूप से विधायक का स्वागत किया। विधायक ने उपस्थित खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टूर्नामेंट की शुरूआत की। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि युवा क्लब रेमता की ओर से प्रतिवर्ष फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। इसके लिए आयोजक धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि आज झारखंड के कई खिलाड़ी विभिन्न क्षेत्रों में अपने राज्य और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से युवा क्लब रेमता के अध्यक्ष कृतिवास मुंडा, देवानंद मुंडा, महेंद्र मुंडा,जिला सोशल मीडिया के प्रभारी रूपेश जायसवाल सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## रेलवे लाइन किनारे वृद्ध महिला का शव बरामद




**मुरी।** मुरी बोकारो रेल मार्ग के झालदा कोटशीला के बीच पॉल संख्या 369/13-11पर शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे झालदा आरपीएफ ने 55 वर्षीय महिला का शव बरामद किया। जानकारी के अनुसार ड्यूटी में तैनात आरपीएफ एल. के.मिश्रा को सुचना मिला की रेलवे लाइन के किनारे एक शव पडा. हुआ है।आरपीएफ घटना स्थल पर पहुँच शव को आसनसोल बोकारो मेमु पेसेंजर ट्रेन से मुरी ले जाया गया। जहाँ रेलवे के चिकित्सक प्रभारी डॉक्टर जे कच्छप ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया। मुरी जीआरपी ने शव को अपने कब्जे मे लेकर युडी कांड संख्या 3/23 दर्ज कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। महिला की पहचान अंकुरी धीवर पति हराधन धीवर झालदा मुनिस्पलिटी वार्ड-12 गांव अड़सा पुरुलिया की रहने वाली थी। मृतक महिला बीना किसी को बताए शुक्रवार की शाम पांच बजे घर से निकली थी। पुलिस ने बताया की महिला शायद ट्रेन से गिर गई है। जिससे दोनों पैर का पंजा पुरी तरह अलग हो गया है।

## सांसद पहुंचे सिल्ली, कई गांवों का किया दौरा



**सिल्ली।** रांची सांसद संजय सेठ शनिवार को सिल्ली पहुंचे इस दौरान उन्होंने पिस्का, बिसरिया, कुटाम एवं छोटा मुरी का दौरा किया। ज्ञात हो कि प्रखंड के पिस्का गांव जहां पिछले दिनों कुंआ धंसने से 6 लोगों की मौत हुई थी उनके परिजनों से सांसद संजय सेठ ने मुलाकत किया। उन्होंने गहरा शौक व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया तथा उनके मुआवजे को लेकर जरुरी पहल करने की आश्वासन दिया। वहीं बिसरिया गांव में ग्रामीणों के साथ मुलाकात की। जहां ग्रामीणों ने सांसद से गांव के पहुंच पथ के समस्या को लेकर शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि बिसरिया गांव पहुंच पथ पर रेलवे की जमीन होने कारण अन्य विभाग से सड़क नहीं बन पा रही है न ही रेलवे की ओर से सड़क का निर्माण किया जा रहा है जिससे आवागमन में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। सांसद ने उनकी समस्या सुनी एवं रेल मंत्री से वार्ता कर अविलंब समाधान का आश्वासन दिया। इसी क्रम में रेलवे कॉलोनी ए टाइप दुर्गा पंडाल में पहुंचे और कॉलोनी वासियों से मुलाकात किये। कॉलोनी वासियों ने अर्ध निर्मित पूजा पंडाल में शेड बनाने के लिए उनसे अग्रह किया। सांसद ने क्लोनीवासियों को आशवासन दिया की सेड की निर्माण कर दी जाएगी। मौके पर जिला उपाध्यक्ष धीरज महतो, मंडल अध्यक्ष विनोद साहु, मुखिया सोमरा मांझी, मुखिया जीतनी देवी, पंसस अनिल मांझी, मनोहर महतो, तापस महतो, पद्मलोचन महतो, सुधीर साहू, शायन त्रिपाठी, भोला प्रसाद, अमित साहू, गोकुल महतो, नोकुल महतो, मुकुंद, समेत ग्रामीण मौजूद थे।

# युवक ने मां-बेटी पर टांगी से किया जानलेवा हमला, गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** मुरहू थानांतर्गत भोंडा गांव निवासी सुकरमनी धनवार (55) और उसकी बेटी मोनिका नाग (30) पर पड़ोस में ही रहने वाले युवक रौकन नाग ने रविवार को धारदार टांगी से जानलेवा हमला कर दोनों मां-बेटी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को मुरहू थाना पुलिस के सहयोग से स्थानीय लोगों द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों को रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार घायल मां-बेटी अपने घर में खाना बनाने की तैयारी में जुटी थी। तभी पड़ोस में रहने वाला आरोपित रौकन नाग धारदार हथियार टांगी लेकर उनके घर में घुसा और जब तक दोनों महिला कुछ समझ पाती, रौकन ने दोनों पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। इस घातक हमले में मोनिका नाग के सिर और आंख में गंभीर चोट लगी है, वहीं सुकरमनी धनवार के पेट और चेहरे में गंभीर जख्म है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित रौकन नाग को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसे यह संदेह था कि मां-बेटी ने कुछ जादू टोना कर दिया है, जिसके कारण आरोपित के घर की माली हालत में सुधार नहीं हो रहा है।

## नौ दिवसीय राधा रमण महोत्सव प्रारंभ

**सिल्ली।** भक्ति वेदांत विद्याभवन गुरुकुल कुटाम परिसर में रविवार को कलश यात्रा एवं जलाभिषेक के साथ नौ दिवसीय राधा रमण महोत्सव की शुरूआत हो गई। नगर कीर्तन एवं भव्य कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। महिलाए स्वर्णरेखा नदी से कलश में पानी भरकर अनुष्ठान स्थल तक कीर्तन करते हुए आई। कलश स्थापना के बाद प्रभु का अभिषेक किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान की पुष्पाभिषेक एवं प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। भागवत कथा एवं संध्या आरती के साथ पहले दिन का कार्यक्रम समाप्त हुआ।अनुष्ठान आठ अगस्त तक चलेगा। इसके अलावे जन्माष्टमी एवं आविर्भाव दिवस का भी भव्य आयोजन किया गया है। छह सितंबर को राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन भी इस महोत्सव में शामिल होंगे। इस मौके पर भक्ति वेदांत विद्याभवन गुरुकुल के संस्थापक आचार्य दास गदाधर प्रभु, सुबल प्रभु, सचिसुता प्रभु, भागवत प्रभु,विजय प्रभु समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# न्यायायुक्त ने होटवार जेल और रिमांड होम का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** व्यवहार न्यायालय के न्यायायुक्त अरुण कुमार राय ने रविवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा, होटवार और रिमांड होम डुमरदगा का निरीक्षण किया। इस दौरान जेल में विशेष विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। न्यायायुक्त ने रिमांड होम डुमरदगा में बाल बंदियों की समस्याएं सुनीं। होटवार जेल में न्यायायुक्त ने कैदियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को अपनी बात रखने का पूर्ण अधिकार है। न्यायालय से संपर्क कर अपनी समस्या रख सकते हैं। इस दौरान न्यायायुक्त ने बंदियों की समस्याएं सुनीं तथा महिला बंदियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि दोष सिद्ध बंदी जिन्होंने अभी तक अपील नहीं की है, वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आवेदन देकर जेल से अपील कर सकते हैं। इनकी बातों को विधिक सेवा प्राधिकार अपने अधिवक्ता के जरिये अपीलीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेगा। उन्होंने कहा कि जो बंदी बेल बांड की शर्तें पूरी नहीं कर पा रहे हैं, वे शर्तों में परिवर्तन के लिए भी आवेदन दे सकते हैं। एक बंदी ने जेल अपील और तीन बंदियों ने बेल शर्तों पर परिवर्तन के लिए न्यायायुक्त के समक्ष आवेदन दिया। न्यायायुक्त ने उस आवेदन पर डालसा को आगे की कार्रवाई करने निर्देश दिया।

### सेवा भाव | 105 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद वितरण

# प्रसाद ग्रहण के लिए श्रद्धालुओं की मंदिर में उमड़ी भीड़




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के संस्थापक एव संरक्षक संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमआर एस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा (श्री राधा-कृष्ण) जी भगवान संत शिरोमणी श्रीश्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज प्रणामी समाज के गुरुजनों के आशीर्वाद एवं संस्था के सेवाभावी सदस्यों एवं समाज के सेवाभावी धर्म प्रेमीजनो के सौजन्य से अभी तक लगातार 104 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण किया जा चुका है। आज रविवार को 105 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण कर सफलतापूर्वक संचालन किया गया गया। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवा आश्रम) के प्रांगण में संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल एवं अन्नापूर्णा भंडारे के संयोजक ओमप्रकाश सरावगी की देखरेख में सह संयोजक पवन पोद्दार संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुरणमल सर्राफ के द्वारा वहां के जरूरतमंद एवं अभावग्रस्त लोगों को श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। आज के भंडारे में लगभग 1300 श्रद्धालुओं ने संस्था के द्वारा बनाये गये भोजन के प्रसाद मे विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनो में पुडी, समोसा, जलेबी, आलुचप, केसरीया खीर, आलु टमाटर मिश्रित सब्जी, भेजिटेबल पुलाव फल में केला एवं आलु चिप्स के पैकेट का वितरण किया। आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के कार्यक्रम संयोजक ओमप्रकाश सरावगी सह- संयोजक पवन पोद्दार (ताउ) पुर्णमल सर्राफ अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, पुर्णमल सर्राफ सरीता अग्रवाल, बबीता गुप्ता, उर्मिला पाडिया, अमिता जालान एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

# मुस्लिम समाज के विकास के लिए सभी को एक मंच पर आना जरुरी : उप प्रमुख



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर** मांडर प्रखंड के कंजिया मैदान के समीप मांडर उपप्रमुख अमानत अंसारी की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी गाँव के सदर, सेकेट्री की बैठक रखी गई।यह बैठक मजलिसे सुरा मांडर के तत्वावधान में आहूत की गई थी जिसमें मुस्लिम समाज के सभी लोगों को एकजुट करने के उद्देश्य से एक सुदृढ़ प्रखंड कमिटी के निर्माण का प्रस्ताव सभी के बीच रखा गया।उपस्थित लोगों ने इस सराहनीय प्रयास का सर्वसम्मति से स्वागत किया।उपप्रमुख अमानत अंसारी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को सही दिशा में लेकर चलना ही इस संगठन का मुख्य उद्देश्य है।आप सभी अपने गांव के लोगों के रहनुमा हैं आपसे अनुरोध है कि आप सभी एक होकर नेक काम को अंजाम देने के मुहिम को सफलता प्रदान करें।संगठन ही समाज को विकास के मार्ग पर ला सकती है आप सभी अपने विकास के मार्ग को एक मंच पर आकर ही मंजिल तक ला सकते हैं। वक्ताओं ने कहा कि हम सभी एक हैं और एक रहेंगे हम सभी किसी के बिना बहकावे में आए अपने जाति तथा समाज के हित में मिलकर कार्य करेगें।

# गैस सिलेंडर के दाम में कटौती एक चुनावी स्टंट : राजेश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम में 200 रुपये की कटौती एक चुनावी स्टंट है। उन्होंने कहा कि लूट एनडीए के डीएनए में मौजूद है। केंद्र सरकार अमीरों को और अमीर एवं गरीबों को और गरीब बना रही है। क्या यह आश्चर्य की बात नहीं है कि वर्षों तक प्रधानमंत्री ने कभी भी आमजनों की पीड़ा की परवाह नहीं की और अब चुनाव के नजदीक आने पर उन्हें जनता के दर्द का अहसास हुआ। वे रविवार को प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। ठाकुर ने कहा कि रसोई गैस की कीमत 2014 से लगातार बढ़ी है, जो पिछले 09 वर्षों में दोगुनी से ज्यादा हो गई है। 2020 से भाजपा सरकार ने सब्सिडी देने भी बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में केंद्र सरकार ने रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाकर 31.37 करोड़ लोगों को लूटा है। जनता की जेब से 8,33,640.76 (आठ लाख तैंतीस हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये) से ज्यादा की लूट की। सिर्फ उज्जवला में ही 2017 से अब तक केंद्र सरकार ने 68,702.76 (अड़सठ हजार सात सौ दो करोड़ रुपये ) से अधिक की लूट किए। संवाददाता सम्मेलन के बाद कांग्रेस भवन, रांची में मारवाड़ी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर राजकिशोर राम ने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी को पार्टी की सदस्यता दिलायी। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा, डॉ एम तौसीफ, महासचिव शिव कुमार भगत एवं रांची जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो उपस्थित थे।

## छात्र की आत्महत्या रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं : एबीवीपी

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शुक्रवार को आईआईटी दिल्ली में छात्र की आत्महत्या मामले पर चिंता व्यक्त की। राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने एबीवीपी की ओर से मांग की कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सरकारें शीघ्र प्रभावी कदम उठाए। दो माह में आईआईटी दिल्ली में यह छात्र आत्महत्या का दूसरा मामला है। उन्होंने कहा कि देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाले व शहरों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं चिंता की बात है। कहा, अकेले कोटा में बीते 8 माह में 23 छात्रों ने आत्महत्या की है।

**श्री राणी सती मंडल का 42 वां वार्षिकोत्सव मनाया गया**

# 501 महिलाओं ने परंपरागत रूप से मंगल पाठ में लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री राणी सती मंडल रांची का 42 वां वार्षिकोत्सव मारवाड़ी भवन में अत्यंत श्रद्धा एवं भक्तिपूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री राणी सती दादी जी का दरबार का भव्य एवं अलौकिक नयनाभिराम श्रृंगार कोलकाता से आए कुशल कारीगरों एवं शिल्पकारों द्वारा किया गया। महोत्सव का शुभारंभ सुबह 7 बजे पंडित श्याम भारद्वाज ने मंत्रोच्चारण के साथ गणेश पूजन किया। गणेश पूजन के मुख्य यजमान विनीता- विशाल सिंघानिया थे। तत्पश्चात संस्था के वरिष्ठ सदस्य सांवरमल बुधिया, बालकृष्ण परशुरामपुरिया सोहनलाल बंसल ने संयुक्त रूप से पूरे विधि विधान से पूजन कर पावन अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। तत्पश्चात कोलकाता के निशा सोनी एवं मोनू मोर के नेतृत्व में मंगल पाठ भजन कीर्तन किया गया। मंगल पाठ में 501 महिलाएं परंपरागत राजस्थानी वेशभूषा में सुसज्जित होकर दादी जी के जीवन चरित्र पर मंगल पाठ की। एवं संगीतमय संकीर्तन पर खूब झूमी। दादी जी पांच देवताओं के साथ महल से बाहर आकर अपने भक्तों पर खूब आशीर्वाद बसाई पूरा दरबार दिनभर भक्तिमय एवं दादीमय से गुंजायमान रहा। ख्याति प्राप्त भजन गायक निशा सोनी एवं मोनू मोर ने अपने समधुर भजनों से गंगा प्रवाहित कर श्री रानी सती दादी जी के श्री चरणों में भजनों की लड़ी लगा दी। इनके गाए भजनों में-नाचो गाओ खुशी मनाओ दादी आई है.. हारे हारे हारे तुम हारे के सहारे....भजनों पर हजारों भक्तगण झूमते रहे। रात्रि 10 बजे सामूहिक महा आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव संपन्न हुआ। महोत्सव को सफल बनाने में-मंडल के अध्यक्ष विनोद झुनझुनवाला, महोत्सव संयोजक निर्मल बुधिया, राजेंद्र केडिया, अरविंद मंगल, महेश कनोडिया, राजेश पोद्दार, मनोज अग्रवाल, पवन फोगला, रोहित सरावगी, संजय सर्राफ, आदि शामिल है।

**नगर विकास विभाग की तरफ से रांची में 2037 का मास्टर प्लान प्रोजेक्ट हुआ पास**

# 300 परिवार हो सकते हैं बेघर इसीलिए नक्शा नहीं हो रहा है पास



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी को विकसित करने के लिए बड़ी-बड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। इन योजनाओं के जरिए आम लोगों को राहत पहुंचाने के लिए विकास कार्य किए जा रहे हैं। लेकिन कई बार ये विकास के काम ही लोगों के लिए आफत बन जाते हैं। ऐसा ही कुछ मामला रांची के रातू थाना क्षेत्र से सामने आया है। दरअसल, रांची के रातू इलाके में 2037 का मास्टर प्लान बन रहा है। नगर विकास विभाग की तरफ से यह प्रोजेक्ट पास किया गया है। लेकिन नगर विकास विभाग का यह प्रोजेक्ट करीब 300 घरों में रहने वाले परिवारों को परेशान कर रहा है। इसका कारण है कि मास्टर प्लान 2037 की वजह से लोगों के घरों का नक्शा पास नहीं हो पा रहा है। रांची नगर निगम कार्यालय से मकान के नक्शे पास नहीं होने के कारण नक्शा वापस किया जा रहा है। जिसके बाद रातू इलाके के रहने वाले करीब 300 घरों के परिवारों को काफी तनाव से गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताई अपनी परेशानीः स्थानीय रजनी खलखो बताती हैं कि जब वह अपने मकान का नक्शा पास करवाने नगर निगम के कार्यालय पहुंचीं तो नक्शा पास कराने वाले पदाधिकारी ने बताया कि घर का नक्शा पास नहीं हो सकता। जब उन्होंने पूछा कि आखिर उनके घर का नक्शा पास क्यों नहीं होगा, तो उन्हें यह जानकारी दी गई कि उनके घर के बगल से 2037 के मास्टर प्लान का रोड गुजर रहा है। वहीं राजधानी में बजरा, कुंबा टोली, खकसी टोली, करमकोचा, बनोहरा इलाके में रहने वाले सैकड़ों लोग भी इस बात से परेशान हैं कि यदि उनके घर टूट जाते हैं तो वह कहां जाएंगे। कुंबाटोली निवासी मारिया किस्पोट्टा ने बताया कि वह अपनी समस्या लेकर जब निगम के नगर आयुक्त के पास पहुंचीं तो आयुक्त ने नगर विकास के प्रोजेक्ट का हवाला देते हुए कुछ भी कहने से मना कर दिया।

**विभाग नहीं कर रहा कोई कार्रवाई :** सुजीत भगत बताते हैं कि 2037 के मास्टर प्लान के तहत सभी लोगों की जमीन से 150 फीट का सड़क बनाया जा रहा है। इसे लेकर जब स्थानीय लोगों ने निगम और नगर विकास विभाग में शिकायत की तो उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिया गया। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

# बाबूलाल अपहरण की बात करते हैं, केस क्यों नहीं कराते : सुप्रियो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झामुमो ने डुमरी उपचुनाव का प्रचार समाप्त होने के बाद चुन-चुन कर भाजपा और एनडीए पर अटैक किया। पार्टी महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने डुमरी में अपने दो कार्यकताओं के अपहरण की बातें कही है। यह भी कहा कि उन्होंने डीजीपी से बात की है। अजीब बात है एक पूर्व सीएम ऐसा कर सकता है। अगर उनके दो कार्यकर्ताओं का अपहरण हुआ तो उन्होंने किस थाने में प्राथमिकी दर्ज की। इतना नियम तो वह जानते ही हैं और जानना भी चाहिए। दरअसल, एनडीए अपने तीन-तीन पूर्व सीएम, एक डिप्टी सीएम को मैदान में उतारने के बाद भी अपनी जीत सुनिश्चित नहीं कर पा रही है। यही कारण है बौखलाहट में बिना हाथ-पैर की बातें कर रहे हैं। डुमरी में धनबल की हार और जनबल की जीत होगी। झामुमो का मानना है कि डुमरी के टाइगर रहे स्व. जगरनाथ महतो की पत्नी और झामुमो की जीत का अंतर लाख से पार जाएगा। पांच को शिक्षक दिवस भी है, जिस प्रकार से जगरनाथ ने शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किया, उसमें सुधार के लिए काम किया। जनता अपना प्यार और आशीर्वाद बनाए रखेगी। यह बातें भट्टाचार्य ने आयोजित एक प्रेस वार्ता में कही। भट्टाचार्य ने कहा कि वन नेशन और वन इलेक्शन की बात करना केवल और केवल डॉ भीम राव अंबेडकर के संविधान, न्याय व्यवस्था और संघीय ढांचे को समाप्त करने जैसा है। भाजपा अगर 1952 से लेकर 1967 तक हुए वन इलेक्श को टर्म ऑफ रिफरेंश के रूप में रखती तो आज के दौरान में यह बेमानी होगी।

## हाथियों के झुंड ने पांच एकड़ धान की फसल रौंदी

**रांची।** ग्रामीण क्षेत्रों में दिन प्रतिदिन हाथियों का झुंड आतंक मचाना शुरू कर दिया है और फसलों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है। कुछ इसी तरह प्रखंड के खंटगा और कोटांगदाग गांव में हाथियों के झुंड ने शनिवार की रात पांच एकड़ से अधिक धान की फसल खाने के साथ रौंदकर नष्ट कर दी। किसान पंकज प्रमाणिक, बलदेव महतो और उपेन महतो के खेत में लगे धान को नष्ट किया है। इधर, किसानों ने वन विभाग को सूचना देकर हाथियों को भागने की मांग की है। हाथियों का झुंड बांस वन से निकल कर हितजारा, गोवाली, नुरू, खंटगा, कोटांगदाग होते हुए मोदियाकोचा पहाड़ी के जंगल में पहुंच गया है।

**ठेका मजदूरों ने बैठक कर लिया निर्णय**

# प्लांट में जाने से रोका गया तो एचईसी के कर्मी करेंगे विरोध



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एचईसी सप्लाई ठेका मजदूर संघ की बैठक रविवार को यूनियन कार्यालय में हुई। इस बैठक में सैकड़ों की संख्या में सप्लाई कामगार उपस्थिति हुए। बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि अगर सोमवार को किसी भी मजदूर को प्लांट के अंदर जाने से रोका गया, तो एचईसी सप्लाई ठेका मजदूर संघ इसका पुरजोर विरोध करेगा। संघ सदैव मजदूरों के साथ है। महामंत्री उदय शंकर ने कहा कि सप्लाई कामगार एचईसी की नींव हैं। अगर इस नींव को हिलाने की कोशिश की जाएगी तो एचईसी को धराशाई होने में देर नहीं लगेगी। यह बात अन्य कामगार और ऑफिसरों को भी समझ में आ जाना चाहिए। 5 माह से वेतन नहीं, मानसिक प्रताड़ना से गुजर रहे ठेका मजदूर : संघ के सदस्यों ने कहा कि पांच माह से वेतन नहीं मिलने के कारण सप्लाई कामगार मानसिक प्रताड़ना से गुजर रहे हैं। ऊपर से मैनेजमेंट का यह रवैया आग में घी डालने का काम कर रहा है। मैनेजमेंट को दुर्व्यवहार का गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। जब मजदूरों के अंदर की आग भड़कती है, तो बड़े से बड़ा साम्राज्य को भी हिला दिया जाता है। बैठक में उदय शंकर, पंकज कुमार, अनिल कुमार तिवारी, मोहम्मद असलम, सोमा मुंडा, महमूद, सुधीर चौधरी, घनश्याम ठाकुर, शिव नारायण सिंह, सुनील कुमार, अशोक महल, अमल महतो, सुजीत, सुमन मौजूद थे।

## सांसद प्रतिनिधि के घर पर हुई चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार

**रांची।** राज्य में चोरी की घटनाएं आये दिन बढ़ती जा रहीं हैं। शहर के लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की घटना दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। चोरी की घटना से लोग काफी भयभीत हो गये हैं। हालांकि रात के समय पुलिस की गश्ती होती रहती है लेकिन चोर अपना घाट लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दे देते हैं। बुंडू अनुमंडल के तमाड़ थाना क्षेत्र के एनएच-33 किनारे स्थित खूंटी सांसद के अड़की प्रतिनिधि अनुप कुमार साहु के घर में हुए नगद तथा स्कॉर्पियो की चोरी का खुलासा तमाड़ पुलिस ने रविवार को किया है। तमाड़ पुलिस को अनुसंधान के क्रम में चोरी की मोटरसाईकिल के साथ तमाड़ थाना क्षेत्र के सालगाडीह निवासी आरोपित विवेक सिंह मुण्डा को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके पास से चोरी की गयी जेवरात, स्कॉपियों की चाभी एवं अन्य सामान को भी बरामद किया गया है। बताया जाता है कि दो जुलाई की रात अनूप कुमार साहू अपने परिवार के साथ भोजन कर घर के अन्दर सो गये। रात में करीब डेढ़ बजे जब वह शौच के लिए उठे तो देखा कि उनके घर का दरवाजा बाहर से बंद किया हुआ है तथा उनके घर से करीब चार लाख रुपये कीमत की जेवरात एवं इनके छोटे भाई के पेंट में रखे रुपये चोरी कर लिया गया था।

# 'झारखंड में चल रही तालिबानी सरकार, अपराधी बेखौफ : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
संकल्प यात्रा का तीसरे चरण में रविवार को लोहारदगा विधानसभा क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। मरांडी ने कहा कि भोगनाडीह से शुरू हुई संकल्प यात्रा अब जनता के समर्थन से जनसंकल्प यात्रा बन गई है। हेमंत सरकार से निजात पाने को जनता लालायित दिख रही है। उन्होंने कहा कि पौने चार साल के सरकार में प्रदेश की स्थिति बद से बदतर हो गई है। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। चोरी, डकैती, हत्या अपहरण और दुष्कर्म के मामले देश में सर्वाधिक हेमंत सरकार में हुए है। अपराधी बेखौफ होकर अपराध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस पुलिस को अपराधियों को धर दबोचना था वे सरकार के इशारे पर हेमंत सरकार के खिलाफ बोलने वालों पर केस करना व वसूली कार्य में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस पदाधिकारी और सरकारी पदाधिकारी मोबाइल रिचार्ज की तरह वसूली के माध्यम से रिचार्ज कर रहे। अधिकारी बोलते हैं देकर आए हैं,लेकर जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन पांच से ज्यादा हत्या, पांच से ज्यादा दुष्कर्म, पांच से ज्यादा अपहरण के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जबसे हेमंत मुख्यमंत्री बने हैं तबसे बेतहाशा अपराध बढ़ा है। अपराधियों में हिम्मत बढ़ गई है। आम लोग डरे सहमे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में जिस प्रकार से कोर्ट में सरेआम पेसकार को पीटा गया इससे प्रतीत होता है कि प्रदेश में तालिबानी शासन है। उन्होंने कहा कि इस सरकार को उखाड़ फेंकना राज्य की जरूरत है। मरांडी ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले के प्राचीर से कहा था कि भ्रष्टाचार को समाप्त करना है और भ्रष्टाचारियों को जेल में डालना है। किंतु हेमंत सरकार खुद भ्रष्टाचार फैलाने में व्यस्त है। पैसे के बिना इस सरकार में कोई काम नहीं होता है। कोयला बालू पत्थर की लूट मची है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने दिल्ली मुंबई वालों को बालू घाट व खनिज संपदा को लूटने की खुली छूट दे दिया है। उन्होंने कहा कि महाजनों से लड़ते लड़ते सोरेन परिवार खुद महाजन हो गये। झारखंड में सर्वाधिक जमीन सोरेन परिवार के पास है। यह जमीन गरीब गुरबा, मुंडा, उरांव, संथाल आदिवासियों की जमीन हड़प कर ले लिया है। उन्होंने जेएमएम, कांग्रेस और राजद की सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी गांव, गरीब, किसान युवा महिलाओं की चिंता करते हैं। रक्षाबंधन के अवसर पर गैस में दो सौ और उज्जवला योजना के तहत मिले गैस पर चार सौ की सब्सिडी देने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का मान सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है, 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का अपील किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िलाध्यक्ष मनीर उराँव, व संचालन कृष्णा ने किया।

## जनता ने बदलाव का मन बना लिया है

**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दावा किया कि डुमरी उप चुनाव में जनता अब बदलाव का मन बना चुकी है। ऐसे में एनडीए प्रत्याशी की जीत तय है। उन्होंने कहा कि राज्यभर में लोग हेमंत सोरेन सरकार में कानून व्यवस्था के बद से बदतर होते हालात और करप्शन से त्रस्त हैं। डुमरी की जनता भी इसे महसूस कर चुकी है। बाबूलाल मरांडी ने रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में रविवार को पत्रकारों से बातचीत में चिंता जाहिर करते हुए कहा कि डुमरी सहित अन्य जगहों पर पुलिस टूल्स के तौर पर काम कर रही है। वह पार्टी विशेष के एजेंट के तौर पर काम ना करे। सत्ता पक्ष के दलों में हार की आशंका है। यही वजह है कि झामुमो के दलाल, गुंडे हताशा में अवैध कार्यों को करने में लगे हैं। इसमें पुलिस भी उनके साथ दिख रही। जरीडीह थाना (गिरिडीह) में रहने वाले मथुरा महतो और जेपी मंडल को झामुमो के भोला और तपेश्वर सिंह ने दो सितम्बर को किडनैप कर लिया है। संभवतः दोनों को अबतक नहीं छोड़ा गया है। मरांडी ने कहा कि नावाडीह में ही भाजपा के एक वर्कर निर्मल महतो का एक स्कूल है। डुमरी उप चुनाव के लिए भाजपा के कुछ वर्कर इसमें ठहरे थे। पुलिस कई बार रात में झामुमो के गुंडों के साथ आकर जांच के नाम पर तंग करती रही। यह हेमंत सरकार की हताशा को दिखाता है। बाबूलाल ने एक अन्य उदाहरण देते कहा कि एक गांव के संथाली टोला में जब वे गये तो संथाली भाषा में स्थानीय लोगों ने बताया कि झामुमो के लोगों ने उन्हें धमकी दी है कि यदि एनडीए प्रत्याशी को वोट दिया तो उनको राशन देना बंद कर दिया जाएगा। लोकतंत्र में यह धमकी ठीक नहीं। बाबूलाल ने कहा कि उन्होंने इन मामलों पर डीजी से बात की है। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि वह डुमरी में भयमुक्त और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करे। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा और मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक भी उपस्थित थे।

**उपलब्धि** **बिरसा कृषि विवि ने अनुसंधान के क्षेत्र में कई सफलताएं हासिल की**

# मानव संसाधन की कमी होने के बावजूद राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
देश के प्रसिद्ध आनुवांशिकी एवं पौधा प्रजनन विशेषज्ञ डॉ. ओंकार नाथ सिंह का बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में तीन वर्षों का कार्यकाल 18 सितम्बर, 2023 को पूरा होने जा रहा है। मानव संसाधन की अत्यंत कमी होने के बावजूद विश्वविद्यालय ने विगत तीन वर्षों में कृषि एवं संबद्ध विषयों के अनुसंधान क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अनगिनत सफलताएं हासिल की है। डॉ. सिंह बताते है कि अनुसंधान के मोर्चे पर विगत तीन वर्षों के कार्यकाल को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का स्वर्णिम वर्ष कहा जा सकता है। इस दौरान विश्वविद्यालय द्वारा 40 वर्षों में कृषि एवं संबद्ध विषयों की विकसित 150 से अधिक तकनीकी को लिपिबद्ध कर 'काम्पेंडीयम ऑफ टेक्नोलॉजीज' नामक पुस्तक प्रकाशित की गयी। जो कृषि विकास की रणनीति बनाने तथा कृषि हितकारकों के लिए उपयोगी साबित हो रही है। विगत वर्षों में झारखंड के मौसम का मिजाज में काफी बदलाव आया है। अतिवृष्टि, अल्पवृष्टि, सुखाड़ के अलावा ब्रजपात और ओलावृष्टि की वजह से कृषि कार्य जोखिम हुआ है। वर्षा जल प्रबंधन का आभाव, अम्लीय समस्या ग्रस्त भूमि और परती ऊपरी भूमि (टांड़) कृषि जोखिम की मुख्य वजह रही है। कुलपति का पदभार ग्रहण करते ही कृषि एवं संबद्ध विषयों के अनुसंधान गतिविधियों में समयबद्धता, स्थानीय विशेष उपयुक्त फसल प्रजाति का विकास और स्थानीय उपयोक्त तकनीकी विकास पर विशेष फोकस देकर अनुसंधान कार्यक्रम को गति दी। निदेशालय अनुसंधान अधीन आईआरआरआई एवं इन्क्रीसेट की इंटरनेशनल प्रोजेक्ट तथा आईसीएआर की अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनाओं में वैज्ञानिकों के समन्वय एवं टीम भावना से अनुसंधान कार्यक्रमों को आगे बढाया। वैज्ञानिकों के अपार सहयोग एवं लगन का आशातीत काफी बेहतर परिणाम विश्वविद्यालय को मिला है। दो वर्षों के निरंतर प्रयासों के उपरांत झारखंड गठन के 22 वर्षों के बाद भारत सरकार ने विश्वविद्यालय अधीन कास्ट ऑफ कल्टीवेशन नामक महत्वाकांक्षी परियोजना हाल में लांच की। इससे किसानों की भावना के अनुरूप फसलों की एमएसपी निर्धारण में राज्य का प्रतिनिधित्व होगा। करीब एक दशक के बाद विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा स्थानीय पारिस्थितिकी के उपयुक्त विभिन्न 11 फसलों के कुल 16 उन्नत किस्मों को विकसित किया गया। जिसे कृषि सचिव की अध्यक्षता में स्टेट वेरायटल रिलीज कमिटी ने किसानों के लिए जारी किया।

**दुकान लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद**

# सड़क जाम करने पर पुलिस ने सख्ती से की कार्रवाई, जाम स्थल से लोगों को हटाया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एयरपोर्ट रोड को रविवार को जाम कर बाधित करने का प्रयास किया गया। इस दौरान एयरपोर्ट रोड पर काफी लंबा जाम लग गया। कई लोगों को पैदल चलकर ही एयरपोर्ट जाना पड़ा। पूरा मामला दुकान लगाने को लेकर दो पक्षों में हुई झड़प का है। मामले को लेकर शनिवार की रात को भी जमकर हंगामा हुआ था। रांची एयरपोर्ट के स्टेट हैंगर के पास सड़क जाम कर रहे ग्रामीणों को पुलिस ने खदेड़ दिया। विगत शुक्रवार को दो पक्षों में दुकान लगाने को लेकर हुई मारपीट के बाद इलाके में तनाव है। उसी को लेकर कभी एक पक्ष तो कभी दूसरा पक्ष सड़क पर उतरकर हंगामा कर रहा है। रविवार की सुबह भी एक पक्ष के लोग सड़क पर उतर गए और स्टेट हैंगर के पास सड़क जाम कर दिया। उसी समय कई लोगों को फ्लाइट पकड़ने के लिए एयरपोर्ट जाना था, ऐसे में वे सब जाम में फंस गए। मौके पर पहुंची एयरपोर्ट थाने की पुलिस ने सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाया कि उन्हें जो कुछ भी कहना है थाने में आकर कहें, वे सड़क से हट जाएं क्योंकि कई लोगों को फ्लाइट पकड़ने लिए एयरपोर्ट जाना है। भीड़ में शामिल कुछ युवक जानबूझकर बदमाशी कर रहे थे। जिसके बाद पुलिस ने कड़ाई से पेश आते हुए उन्हें मौके से हटाते हुए सड़क को जाम मुक्त करवाया। रात को भी हुआ था हंगमाः रांची के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के स्टेट हैंगर के समीप शनिवार की रात भी हंगमा हुआ था। पुलिस पर भी पथराव किया गया था। पूरा मामला दुकान लगाने को लेकर उपजे विवाद का है। जिसमें एक पक्ष के द्वारा मारपीट में घायल व्यक्ति को इलाज का पैसा देना था लेकिन ऐसा हुआ नहीं। जिसके बाद पैसा नहीं देने की बात को लेकर दो दुकानदार और उसके समर्थक आपस में भिड़ गए।

# डायन के संदेह में बड़ी मां की पत्थर से कूच कर हत्या, दो गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में डायन प्रताड़ना जारी है. ऐसा ही एक मामला जिले के जरीडीह थाना इलाके के वनचास गांव में सामने आया है. यहां पोखरघुटु निवासी फूलमनी देवी (55) की हत्या उसके देवर के बेटे ने पत्थर से कूचकर कर दी. आरोपितों के शक था कि फूलमनी डायन है. मामले में जरीडीह की पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. घटना 2 सितंबर के शाम की है. बताया जाता है कि फूलमनी के देवर कुनू मांझी के बेटे अजय के बेटे की किसी बीमारी से डेढ़ माह पूर्व मौत हो गई थी. बच्चे के बीमार होने के बाद परिवार ओझा-सोखा के चक्कर में पड़ गया था. उस दौरान किसी ने डायन द्वारा बीमार कर देने की बात बताई. उसके बाद ही कुनू मांझी और उसके पुत्र अजय किस्कु का शक फूलमनी देवी पर चल गया. हांलाकि उसके बाद गांव में पंचायती कर मामला सुलझा लिया गया था. लेकिन अजय के अंदर बेटे की मौत का आक्रोश था.

### बैल चराने के दौरान दिया घटना को अंजाम

इधर, शनिवार की शाम फूलमनी अपने पशुओं को लेकर गांव के पास जंगल में गई थी. उसी बीच आरोपियों ने उसे पत्थर से कुच कर मार डाला. जब शाम को वह घर नहीं आई, तब पति बानेश्वर मांझी कुछ लोगों को लेकर उसे खोजने निकला. इस दौरान रात में जंगल के पास महिला मृत मिली. इसके बाद गांव में तनाव फैल गया. इस बीच पुलिस पहुंची और आरोपियों को पकड़ने में जुट गई. इस मामले में पुलिस ने अजय किस्कु और उसका भाई राजेश किस्कु को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रविवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज है. वहीं घटना को लेकर मृतका के परिजनों ने प्राथमिकी दर्ज कराई है. थाना प्रभारी ललन रविदास ने बताया कि मामला डायन हत्या से जुड़ा हुआ है, अभी तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है.

## विधायक की अनुशंसा पर भी कस्तूरबा स्कूल में नहीं हुआ नामांकन

**चाईबासा।** सदर प्रखंड के हरिला पंचायत के गुंडीपुवा गांव की गरीब महिला अपनी दो जुड़वां बेटी का नामांकन कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कराने के लिए दर-दर भटक रही है. उसे सदर कस्तूरबा स्कूल में नामांकन का आश्वासन दिया गया था. इसके बाद रघुनाथ पान ने अपनी दो बेटी पूजा कुमारी व पुष्पा कुमारी का नाम गांव के स्कूल से कटवा दिया. छठी कक्षा में नामांकन कराने को लेकर स्थानांतर प्रमाण पत्र भी स्कूल से निर्गत करवा लिया. सदर चाईबासा के विधायक दीपक बिरूवा ने भी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सदर चाईबासा में नामांकन करने के लिए पत्र लिखकर अनुशंसा की, लेकिन स्कूल ने अनुशंसा पत्र को नहीं माना और नामांकन लेने से इनकार कर दिया. इसके बाद से माता बसंती देवी व पिता रघुनाथ पान नामांकन के भटक रहे हैं. अभी तक इन बच्चियों का स्कूल में नामंकन नहीं हुआ है.

## रांची नगर निगम के वार्ड नंबर 40 के लगभग 800 घरों में चार दिनों से पानी की आपूर्ति ठप

**रांची।** रांची नगर निगम के वार्ड नंबर 40 में चार दिनों से लगभग 800 घरों में पानी की आपूर्ति ठप है पीएचडी विभाग द्वारा हात्मा टंकी के पाइप वाल्व खराब होने की बात कही जा रही है वार्ड नंबर 40 के टंकी साइड सेक्टर 4 अंबेडकर नगर विद्या नगर कमला खटाल आदि कई इलाके में टंकी से क अस्पताल जाने वाले पाइप से पानी आपूर्ति की जाती थी जो पिछले चार दिनों से बंद होने के कारण क्षेत्र में पानी की भारी किल्लत हो गई है लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है क्योंकि क्षेत्र में लोगों के पास पानी की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है रांची जिला राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने झारखंड सरकार के पीएचडी मंत्री को एक ज्ञापन देकर इस क्षेत्र में पानी की आपूर्ति शीघ्र बहाल करने का आग्रह किया है। मंत्री ने इस दिशा में आवश्यक आदेश विभागीय अधिकारी को दिया है कल तक पानी की आपूर्ति की जाने की संभावना है।

## राजस्थान में झारखंडी लोक संस्कृति प्रस्तुति के लिए क्षितिश और उनके टीम को बधाई: राजेन्द्र

**रांची।** राजस्थान में झारखंड की लोक कला और संस्कृति का नागपुरी लेखक व साहित्यकार झारखंड आंदोलनकारी क्षितिश कुमार राय, के अगवाई में 16 सदस्य कलाकारों ने नागपुरी लोकगीत संगीत तो नृत्य की प्रस्तुति कर झारखंड लौट आने पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने क्षितिश कुमार राय और उनकी टीम को बधाई दी है। ज्ञात हो कि जयपुर राजस्थान आकाशवाणी की ओर से भारत की अगुवाई में जी 20 की अध्यक्षता के उत्सव स्वरूप देश के विभिन्न प्रदेशों से ख्याति प्राप्त कलाकारों को प्रस्तुति के लिए बुलाया गया था। प्रसाद ने कहा कि विभिन्न प्रदेशों के कलाकारों के बीच झारखंडी कला संस्कृति को प्रस्तुत करना झारखंड के लिए सम्मान की बात है।

## ट्रक और टैंकर में जोरदार भिड़ंत, दो की मौत

**धनबाद।** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कालाडीह मोड के समीप जीटी रोड पर रविवार को एक तेज रफ्तार कोयला लदे ट्रक एवं टैंकर के बीच भीषण टक्कर में कोयले के ढेर में दबकर दो लोगों की मौत हो गई। राहत कार्य में एक जेसीबी को लगाया गया है। स्थानीय गोविन्दपुर थाने की पुलिस और एनएचएआई के कर्मियों के अलावा स्थानीय लोग रेस्क्यू कार्य में जुटे हुए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार डिवाइडर में गलत कटिंग की वजह से आए दिन यहां सड़क दुर्घटना होती रहती है। इन दोनों सड़कों का निर्माण का कार्य भी चल रहा है, जिस वजह से सड़क निर्माण की सामग्री यत्र-तत्र डंप है। आवश्यक सूचना पट्ट भी नहीं लगाए गए हैं। इस संबंध में गोविंदपुर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि टक्कर में ट्रक से गिरे कोयले के ढेर से दो लोगों का शव बाहर निकाल लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस घटना में पैदल चल रहा व्यक्ति और एक बाइक सवार शिकार हुआ है। मृतकों में एक गोविंदपुर के भीतिया पंचायत और दूसरा बाघमारा पंचायत का रहने वाला बताया जा रहा है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया है।

## श्राद्ध कर्म में सांसद ने किया आर्थिक सहयोग

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने श्राद्धकर्म के लिए एक गरीब परिवार का आर्थिक सहयोग किया. जानकारी के अनुसार बहरागोड़ा प्रखंड के पाथरा गांव निवासी राम कर्मकार का निधन विगत दिनों इलाज के दौरान हो गया था. वे अत्यंत गरीब परिवार से थे. इसके कारण उनका परिवार श्राद्धकर्म करने में असमर्थ था. इसकी जानकारी सांसद को दी गई. इसके बाद सांसद ने रविवार को मानुषमुड़िया के मुखिया राम मुर्मू द्वारा उनके श्राद्धकर्म के लिए सहयोग राशि एवं सुखा राशन परिजनों को भेजवाया. परिजनों ने इसके लिए सांसद के प्रति आभार प्रकट किया. मौके पर विस्वजीत राणा, लीपु गिरि, पापू गिरि, कृष्ण मान्ना आदि उपस्थित थे.

## बोकारो : मिठाई दुकान में चोरी

**बोकारो।** बोकारो शहर के नयामोड़ में ट्रैफिक थाना से महज 20 मीटर की दूरी पर चोरों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए मिठाई दुकान में चोरी कर ली. घटना दो सितंबर की रात की है. दुकानदार सुरेंद्र प्रसाद को इसकी जानकारी सुबह में हुई, जब वह दुकान खोलने पहुंचे. चोरों ने दुकान के कैश बॉक्स में रखे करीब 3 हजार रुपये, मिठाइयां और कोल्ड ड्रिंक्स लेकर भाग निकले. दुकान के अंदर तोड़फोड़ भी की है. दुकान मालिक सुरेंद्र प्रसाद ने बताया कि क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं अक्सर हो रहीं है, लेकिन पुलिस मौन साधे हुए है. दुकान में चोरी की सूचना जब उन्होंने सिटी थाने को दी, तो पुलिस 2 घंटे बाद नया मोड़ पहुंची. इससे भी पुलिस की सक्रियता का पता लगता है.

## किरीबुरू : लायंस क्लब नोवामुंडी का 45वां इंस्टॉलेशन सेरेमनी आयोजित

**चाईबासा।** लायंसटिक वर्ष 2023-24 के लिए लायंस क्लब नोवामुंडी का 45वां स्थापना समारोह शनिवार को नोवामुंडी ऑफिसर्स क्लब में आयोजित किया गया. अतुल कुमार भटनागर, जेनरल मैनेजर (ओएमक्यू) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. मौके पर नये पदाधिकारियों का चुनाव किया गया जबकि 11 नये सदस्यों को भी क्लब में पदस्थापित किया गया. डॉ. संजय कुमार रॉय को क्लब के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया, प्रियब्रत मिश्रा और सोमनाथ कुंडू को क्रमशः क्लब के सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया. संजय कुमार, वीडीजी क्क्र ने नए सदस्यों को शामिल किया, नए अधिकारियों का इंस्टालेशन राहुल वर्मा, पूर्व डीजी द्वारा किया गया.

## लायंस स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**बोकारो।** बोकारो सेक्टर3 स्थित लायंस स्कूल में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में 3 सितंबर रविवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में स्कूल के शिक्षकों, स्टाफ और क्लब के सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच हुई. डॉक्टरों व मेडिकल स्टाफ की टीम ने लोगों का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन आदि की जांच की. इसमें डॉ. केके सिन्हा व डॉ. एम ठाकुर ने सहयोग किया. मौके पर मधुकर सिन्हा, यूनुस, पीके झा, विनय कुमार सिंह, निखिल श्रीवास्तव, गौरव गुलाटी,मुनीरा, संध्या पांडेय, संतोष पांडेय, जसबीर सलूजा आदि उपस्थित थे.

# आधा घंटा जलापूर्ति के बाद दोबारा खराब हुआ मोटर, जलापूर्ति ठप, मचा हाहाकार



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** चाकुलिया नगर पंचायत के वार्ड नंबर नौ स्थित मुस्लिम बस्ती के पंप हाउस नंबर चार के खराब मोटर की मरम्मत कराकर शनिवार की शाम को जलापूर्ति शुरू हुई. आधा घंटा तक जलापूर्ति हुई. इसके बाद मोटर खराब हो गया और जलापूर्ति बंद हो गई. रविवार की सुबह से वार्ड नंबर एक,आठ और नौ में जलापूर्ति ठप है. पेयजल के लिए आम लोग परेशान हो गए हैं. ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी पंप हाउस का मोटर खराब होने के कारण कई दिनों तक लोग परेशानी में थे. इसके बाद नगर पंचायत प्रशासन ने एक दूसरा मोटर लगाया और जलापूर्ति शुरू हुई. परंतु विगत शुक्रवार की सुबह मोटर दोबारा खराब हो गया और जलापूर्ति ठप हो गई. इससे आक्रोशित लोगों ने नगर पंचायत कार्यालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया. नगर पंचायत के कनीय अभियंता प्रदीप उरांव ने आश्वासन दिया कि शाम तक जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी. इसके बाद लोग वहां से हटे. विगत शनिवार की शाम को मोटर की मरम्मत कराकर जलापूर्ति शुरू की गई. परंतु आधा घंटा जलापूर्ति होने के बाद मोटर फिर से खराब हो गया और जलापूर्ति ठप हो गई. जलापूर्ति नहीं होने के कारण लोगों को पेयजल के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. ग्रामीणों की परेशानियों को देखते हुए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा टैंकर से पानी पहुंचाया जा रहा है. इससे ग्रामीणों को कुछ राहत मिली है. ज्ञात हो कि नगर पंचायत क्षेत्र में समुचित पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध कराने में नगर पंचायत प्रशासन फिसड्डी साबित हुआ है. आज भी यहां की जलापूर्ति पुराने बोरिंग के ही भरोसे है. नगर पंचायत के अधिकांश गांव में पाइप लाइन से जलापूर्ति की व्यवस्था नहीं है. बाजार क्षेत्र में भी कई इलाकों में जलापूर्ति दुरुस्त नहीं है.

## जमशेदपुर : घर के दरवाजा तोड़ हो गई लाखों की चोरी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर से सटे कपाली ओपी क्षेत्र के अलबेला गार्डन निवासी समीर खान के घर से चोरों ने लाखों रुपये नकद व आभूषणों की चोरी कर ली. घटना के वक्त समीर अपने परिवार संग मानगो के सहारा सिटी स्थित अपने दूसरे आवास गए हुए थे. रविवार सुबह पड़ोसियों ने उन्हें फोन पर घर में चोरी होने की सूचना दी. सूचना मिलते ही वह अलबेला गार्डन पहुंचे. उन्होंने पाया कि घर का दरवाजा टूटा हुआ था और घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था. उन्होंने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. समीर खान ने बताया कि चोरों के द्वारा घर में रखे अलमारी को तोड़कर 3 लाख 75 हजार रुपए, दो सोने की चेन, दो सोने की अंगूठी, चार चांदी का चैन, दो रोलेक्स की घड़ी एवं दो मोबाइल फोन की चोरी कर ली है. उन्होंने बताया कि उनका एक घर मानगो के सहारा सिटी में भी है.

# हाईवा-बाइक की टक्कर में युवक की मौत, तोड़फोड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** फुसरो-जैनामोड मुख्य मार्ग के पिछरी गांव के समीप हाईवा ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया. इससे गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर कई वाहनों के शीशे तोड़े. बता दें कि जीता मांझी उम्र 35 वर्ष अपने साथी जीवन डे के संग बाइक से पचौरा गांव से लौट रहा था. इसी क्रम में हाईवा ट्रक ने बाईक को ठोकर मार दी जिससे जीता मांझी की मौत हो गई, जबकि जीवन डे गंभीर रूप से घायल हो गया. जीवन का इलाज स्थानीय अस्पताल चल रहा है. जानकारी के अनुसार उक्त दोनों युवक पिछरी गांव में एक श्राद्धकर्म में बावर्ची का काम कर वापस पाचोरा लौट रहे थे. दुर्घटना के बाद चालक हाइवा ट्रक लेकर भागने का प्रयास कर रहा था. लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने हाइवा को रोक कर सड़क जाम कर दिया. इस दौरान आक्रोशित लोगों ने कई गाड़ियों के शीशे भी तोड़ दिए. घटना की सूचना मिलते ही बेरमो और पेटरवार पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित किया.

# कायस्थवृन्द की जिला कमेटी के रिक्त पदों पर हुआ मनोनयन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय कायस्थवृन्द की बैठक 3 सितंबर को चित्रांश भवन में जिलाध्यक्ष एमके वर्मा की अध्यक्षता व राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश कुमार के संचालन में हुई. बैठक में कायस्थवृन्द की जिला कमेटी के रिक्त पदों पर पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया. इस दौरान सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष के पद पर नवीन कुमार सिन्हा व राजेश कुमार सिन्हा (राजू), सचिव सह मीडिया प्रभारी के पद पर चंदन कुमार सिन्हा का व संयुक्त सचिव के पद पर विकास सिन्हा का मनोनयन किया गया. बैठक में नवमनोनीत पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया. बैठक में भावी कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार कर एक माह में युवा कमेटी के विस्तार का निर्देश दिया गया. इस आपातकालीन बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद बक्सी, प्रदेश अध्यक्ष संजीव रंजन सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष उत्तम लाला आदि मौजूद थे.

## कोडरमा : खेत में शौच करने गए किशोर की करंट लगने से मौत

**कोडरमा।** सतगावां थाना क्षेत्र के नारायडीह गांव में रविवार को करंट लगने से एक किशोर की मौत हो गई. मृतक के परिजनों ने बताया कि सौरभ कुमार (उम्र 15 वर्ष, पिता नवीन प्रसाद यादव) अपने घर के ही बगल खेत में शौच करने गया था. इसी दौरान सौरभ कुमार खेत में लगे ट्रांसफार्मर के तार की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया. इलाज के लिए आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा रेफर कर दिया गया. सदर अस्पताल में इलाज के दौरान चिकित्सकों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया. मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, गांव में मातम पसर गया.

# पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने मेडल जीतने वाली युवतियों को दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** खेलो इंडिया के तहत राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में चिरकुंडा क्षेत्र की चार युवतियों ने अपना परचम लहराते हुए गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉज मेडल जीतकर चिरकुण्डा का नाम रौशन किया है. मेडल जीतने वाली युवतियां में चिरकुडा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या दस की मंदीप कौर, पुष्पांजलि पासवान, राजदीप कौर और अनामया मिश्रा शामिल है. इनकी सफलता पर पूर्व विधायक अरुप चटर्जी ने रविवार 3 सितंबर को युवतियों के घर पहुंच कर प्रसन्नता जाहिर की. साथ ही जाबांज खिलाड़ियों को बधाई देते हुए भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए हौसला अफजाई की. अरूप चटर्जी ने कहा कि ये युवतियां होनहार हैं. क्षेत्र के साथ-साथ अपना व परिवार का नाम रौशन किया है. कहा कि आज युवतियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं है. मौके पर राजू अंसारी, कुलदीप सिंह, संतोष सिंह, त्रिलोचन सिंह, इन्दरपाल सिंह आदि उपस्थित थे.

**दिशा निर्देश**

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में 'क्लासरूम मैनेजमेंट' विषय पर दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन

# सीबीएसई स्कूलों के 62 शिक्षकों ने लिया हिस्सा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) सीओई पटना के तत्वावधान में, 02 और 03 सितंबर 2023 को डीपीएस राँची द्वारा क्लासरूम मैनेजमेंट विषय पर 02 दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रशिक्षक सुलग्ना बसक, टीजीटी, जमशेदपुर पब्लिक स्कूल और डॉ. पुष्कल गिरी, प्राचार्य, सेंट जोसेफ स्कूल, सीवान, बिहार थे। सत्र मुख्य रूप से प्रभावी क्लासरूम मैनेजमेंट को सफल बनाने में कंटेंट मैनेजमेंट, कंडक्ट मैनेजमेंट और कोवेनेंट मैनेजमेंट के महत्त्व को बताया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सीबीएसई स्कूलों के 62 शिक्षकों ने भाग लिया। मुख्य वक्ताओं ने उचित निदेर्शों के साथ कक्षा के प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला क्योंकि अच्छा प्रबंधन शिक्षण के लिए एक अच्छा वातावरण बनाकर सीखने को बढ़ाता है, उसी प्रकार प्रभावी निर्देश एक अच्छी तरह से प्रबंधित कक्षा में योगदान देता है क्यों कि उचित निर्देश कक्षा में विफलताओं को रोकने में मदद करते हैं। गतिविधियाँ शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग हैं। शिक्षकों को ऐसी गतिविधियों का चयन और योजना बनानी चाहिए जिसके परिणामस्वरूप उच्च स्तर की छात्र शिक्षा दी जा सके। कक्षाओं में पढ़ाने वक़्त कई प्रबंधन समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, और इस अवधारणा को समझाने के लिए शिक्षकों के प्रत्येक समूह को टीचर्स एक्टिविटी में भी शामिल किया गया। उन्होंने कक्षा के सही संचालन के लिए सीटिंग अरेंजमेंट के महत्व को भी साझा किया क्योंकि वे प्रभावी कक्षा प्रबंधन के लिए भी अनिवार्य हैं। इस दौरान हर शिक्षक को अलग-अलग बैठने की व्यवस्था और उनके फायदे और नुकसान का सुझाव देने का काम दिया गया था। कार्यशाला में शिक्षकों को समय प्रबंधन के महत्व के बारे में भी बताया गया क्यों कि एक शिक्षक के लिए सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों में से एक है समय का प्रबंधन करना होता है। समय प्रबंधन से संबंधित तालिका भी समझाई गई। इसमें चार चतुर्थांश शामिल थे - पहला (महत्वपूर्ण, अति आवश्यक कार्य), दूसरा (महत्वपूर्ण, अति आवश्यक कार्य नहीं), तीसरा (महत्वपूर्ण नहीं लेकिन अति आवश्यक कार्य) और चौथा (महत्वपूर्ण नहीं और अति आवश्यक कार्य नहीं)। शिक्षकों को कार्य के प्रकार की पहचान करने और उसके अनुसार तालिका को पूरा करने के लिए कहा गया। प्रतिभागियों को शिक्षण शैली, सीखने की शैली और कक्षा प्रबंधन शैली पर आधारित तीन प्रश्नावली भी दी गईं। विद्यालयों में अपनाएँ जाने वाली नियमों, प्रक्रियाओं और दिनचर्या के बीच अंतर पर एक स्पष्टीकरण भी शिक्षकों के साथ साझा किया गया था। प्रत्येक समूह को सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी कक्षा के लिए पाँच नियम बनाने के लिए कहा गया था। उन्होंने छात्र-शिक्षक संबंध के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा किया क्यों की यह भी कक्षा प्रबंधन की आधारशिला है। यदि किसी शिक्षक का छात्रों के साथ अच्छा संबंध है, तो छात्र नियमों और प्रक्रियाओं और उनके उल्लंघन के बाद होने वाली अनुशासनात्मक कार्रवाई को आसानी से स्वीकार कर लेते हैं। बच्चों के साथ तालमेल बनाने के महत्व पर भी चर्चा की गई। यह सुझाव दिया गया कि, प्रत्येक अवधि की शुरूआत में, शिक्षकों को बच्चों के साथ बातचीत करने और संबंध बनाने के लिए पांच मिनट का समय देना चाहिए। प्रभावी शिक्षक-छात्र संबंधों को तीन विशिष्ट शिक्षक व्यवहारों द्वारा दर्शाया जाता है, जिसमें उचित स्तर का प्रभुत्व प्रदर्शित करना, उचित स्तर का सहयोग प्रदर्शित करना और उच्च-आवश्यकता वाले छात्रों के प्रति जागरूक होना शामिल है।

## बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को लेकर तैयारी पूरी

# बरही : विशाल जनसभा आज

### झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री करेंगे जनसभा को संबोधित




**नवीन मेल संवाददाता**

बरही । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को लेकर अंतिम तैयारी जोरों पर है. भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बताया कि यह संकल्प यात्रा भ्रष्टाचार के खिलाफ चुनाव पूर्व महासंकल्प है. राज्य की कुव्यवस्था को लेकर राज्य में त्राहिमाम है. इस कार्यक्रम के माध्यम से जनता को उसके दायित्वों के प्रति जागरूक करना और निष्ठता के साथ देश की एकता और अखंडता के लिए जागरूक करना है. उन्होंने बताया कि संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए विधासभा क्षेत्र की भाजपा अधिकारी और कार्यकर्ता समर्पित है. जनता का पूरा समर्थन है, 4 सितंबर की संकल्प यात्रा में ऐतिहासिक होगी. पांच हजार से अधिक लोगो की जुटने की संभावना है. कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रखंड मैदान में विशाल पंडाल का निर्माण किया जा रहा है. उन्होंने जनसाधारण से अधिकाधिक संख्या में संकल्प यात्रा में शामिल होकर प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मरांडी की बातो को सुने और आवश्यकतानुसार अमल करने का प्रयास करे. दर्ज कर प्राथमिक अभियुक्त शिबू मोदी पिता उर्फ शिव बालक मोदी पिता नारंगी मोदी ग्राम शिबू डीह थाना हीरोडीह जिला गिरिडीह निवासी को जेल भेजा गया।

### हजारीबाग : संस्कार भारती की रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता

**हजारीबाग।** संस्कार भारती हजारीबाग इकाई के तत्वावधान में रविवार को हिंदू प्लस टू हाई स्कूल के प्रांगण में रंगोली सह मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई. इस प्रतियोगिता में 14 वर्ष से कम अधिक दो वर्गों में प्रतियोगिता आयोजित की गई. इस प्रतियोगिता में कुल 175 प्रतिभागियों ने भाग लिया. आकर्षक रंगोली और मनभावन मेहंदी बनाकर प्रतिभागियों ने लोगों का मन मोह लिया. रंगोली वर्ग ब में प्रथम कोमल कुमारी, द्वितीय आयुषी ठकराल होरा, तृतीय वर्षा कुमारी, सांत्वना सृष्टि खंडेलवाल, रंगोली वर्ग अ में प्रथम साक्षी कुमारी, द्वितीय नीतू कुमारी, तृतीय सिमरन कुमारी, सांत्वना में संयुक्त रूप से मीनाक्षी कुमारी, पंखुड़ी भारती और लक्ष्मी कुमारी रहीं. वहीं मेहंदी वर्ग ब में प्रथम शांति कुमारी, द्वितीय पूर्णिमा कुमारी, तृतीय मुस्कान कुमारी, सांत्वना में संजना कुमारी और मुकद्दस परवीन, मेंहदी वर्ग अ में प्रथम श्वेता कुमारी, द्वितीय साक्षी कुमारी, तृतीय वंदना कुमारी, सांत्वना मुस्कान कुमारी वर्मा और ईशा कुमारी पुरस्कृत की गईं.

## 14 सितंबर को बरकट्ठा में किसानों का हल्ला बोल आंदोलन तय : पूर्व विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय बरकट्ठा में रविवार को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर बैठक की गई।जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत कुमार साव एवं संचालन बेडोकला पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव उपस्थित रहे।इस दौरान बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरकट्ठा, चलकुशा, इचाक, टाटीझरिया, दारू तथा कोडरमा के जयनगर एवं चंदवारा सहित पूरे झारखंड प्रदेश को अकाल क्षेत्र घोषित करने, बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में व्यापत भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, विद्युत व्यवस्था ठीक कराने, हाथियों को अन्यत्र जगह पर भगाने, क्षतिपूर्ति मुआवजा का भुगतान दिलाने, पिछले वर्ष के सुखाड़ की राशि किसानों को अविलंब भुगतान , जीटी रोड, पीडब्लूडी पथों का मुआवजा का भुगतान, डिग्री कॉलेज नावाडीह बरकट्ठा में अध्ययन अध्यापन कार्य शीघ्र शुरू कराने समेत तेरह सूत्री मांगों को लेकर आगमी 14 सितम्बर को बरकट्ठा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष किसानों का हल्ला बोल आंदोलन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वही कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष बसंत कुमार साव,महामंत्री विरेंद्र यादव समेत इकतीस सदस्य का समिति गठन किया गया। वहीं पूर्व विधायक ने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र कृषि पर निर्भर क्षेत्र है जहां लोग मंहगे खाद बीज लेकर मशीन के द्वारा नदी ,नाले, तालाब व कुएं से पटवन कर खेती किये हैं, जो पानी के अभाव में खेत में ही सूख गया। भदई फसल- मडुवा, मकई, उडद, कोदो, बरैय जैसे फसल पानी के अभाव में नहीं हो सका ।किसानों के पास जो पूंजी तथा महाजन से कर्ज लेकर खेती करने में खर्च किया वह पूंजी डूब चुका है। इससे किसानों की स्थिति भयावह बनी हुई है। मानव एवं पशु पानी पीने के लिए भी तरस रहे हैं ।सरकार शीघ्र अकाल क्षेत्र घोषित कर राहत कार्य शुरू करे। चेक डैम ,कुएं, तालाब का निर्माण कराकर किसानों के हित में रक्षा करें ।

## हजारीबाग में 76 लाख रुपए से बन रहा ओपेन थिएटर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** प्रमंडलीय मुख्यालय हजारीबाग में लंबे समय से एक ऐसे खुले मंच की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जो यहां की प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभाओं को दिखाने का मौका मिल सके. अब शहरवासियों विशेष रूप से रंगकर्मियों का इंतजार बहुत जल्द खत्म होने वाला है. रंगकर्मियों को अपनी प्रतिभा खुले आकाश के नीचे प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा. शहर की ऐतिहासिक व चर्चित झील परिसर में पर्यटन विकास विभाग की ओर से करीब 76 लाख की लागत से एक ओपेन थियेटर का निर्माण किया जा रहा है. रंगकर्मियों के लिए यह ओपेन थियेटर वरदान साबित होगा. यहां अर्ध वृत्ताकार बनाई जा रही गैलरी में करीब डेढ़ हजार दर्शकों के बैठने की जगह होगी. साथ ही खुला मंच भी होगा. झील की खूबसूरत फिजाओं और मनोरम स्थलकृतियों के बीच दर्शक यहां मनोरंजक कार्यक्रमों का आनंद ले पाएंगे. जाने माने मूर्तिकार अनिल कुमार पृथ्वी बताते हैं कि यह ऑडिटोरियम बेहद खास है.

## रामगढ़ में सफाईकर्मियों को मिली प्रोत्साहन राशि



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ नगर परिषद में कार्यरत सफाई कर्मियों व मजदूरों के कोरोना काल का बकाया प्रोत्साहन राशि लगभग दो वर्षों से नहीं मिल पा रहा था। मजदूरों ने अपने स्तर से कई जन प्रतिनिधियों से संपर्क किया व नगर परिषद से उनका बकाया प्रोत्साहन राशि दिलवाने का आग्रह किया। अंततः सभी सफाई कर्मी व मजदूरों ने इस विषय को रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं अखिल भारतीय मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस को बताया एवं बकाया प्रोत्साहन राशि दिलवाने का आग्रह किया। सफाईकर्मियों व मजदूरों के मामले को गंभीरता से लेते हुए धनंजय कुमार पुटूस ने रामगढ़ एसडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद से मुलाकात कर जल्द से जल्द कर्मियों के बकाया प्रोत्साहन राशि दिलाने की लिखित मांग की थी। धनंजय कुमार पुटूस की मांग को जायज मानते हुए एसडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी ने सकारात्मक पहल करते हुए बकाया प्रोत्साहन राशि की दूसरी किस्त मजदूरों के खातों में ट्रांसफर करवा दिया। प्रोत्साहन राशि मिलने पर नगर परिषद के सफाईकर्मियों ने धनंजय कुमार पुटूस के कार्यालय पहुंच कर उन्हें माला पहनाकर एव मिठाई खिला कर धन्यवाद दिया। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा की नगर परिषद के सफाईकर्मियों व मजदूरों ने कोरोना काल मे अपनी जान को जोखिम में डाल कर लोगो की सेवा की है। उनके बकाए प्रोत्साहन राशि को दिलवाने के लिए हमलोग प्रयासरत थे, अब सभी मजदूरों के खातों में लगभग तीन लाख रुपया प्रोत्साहन राशि पहुंच गया है जिससे सभी कर्मी खुश हैं। आगे भी मजदूरों के हक और अधिकार के लिए हमलोग आवाज उठाते रहेंगे।

## जिप सदस्य प्रतिनिधि ने पौधों का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत चेचकप्पी अंतर्गत ग्राम चौथा के नव प्राथमिक विधालय के प्रांगण में मानव विकास संस्था के सहयोग से बरकट्ठा प्रखण्ड के किसानों एवं आमजनों के बीच निःशुल्क सोलह हजार आम, आंवला, अमरूद, नींबू, शीशम, सागवान जैसे फलदार वृक्षों के पौधों का वितरण स्थानीय जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय के द्वारा किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि आज के समय में मानव जाति के लोगों के द्वारा वन्य प्राणियों एवं वन के पेड पौधों की हो रही अंधाधुंध कटाई व दोहन से पर्यावरण प्रदूषित एवं जंगली जीवों के द्वारा मानव जाति के जीवन में हो रहे आक्रमण इंसान के लिए बहुत बडी चुनौती है।इस प्रकार के निःशुल्क पेड़-पौधों का वितरण कर प्राकृतिक रूप से पेडों की रक्षा एवं पौधरोपण कार्य कर असंतुलित हो रहे पर्यावरण की रक्षा किया जा सकता है। पौधों के वितरण कार्य के अवसर पर पंचायत चेचकप्पी मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, पंचायत समिति सदस्य सूरजमुन्नी देवी, समाजसेवी सुरेश कुमार पाण्डेय, रिंकू माली, अभिषेक पाण्डेय, श्याम मोदी, अर्जुन दास, दुर्गा सिंह, दीपक कुमार, विकास दास,रोहित टुड्डू, विकास मंडल समेत अन्य लोग उपस्थित थे ।

## बरही प्रेस क्लब का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न राजदेव अध्यक्ष और सोनू बने सचिव



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** निर्धारित तिथि के अनुसार रविवार को स्वामी विवेकानंद सार्वजनिक पुस्तकालय के सभागार में बरही प्रेस क्लब का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ. जिसमे कुल 24 मतदाता भाग लिए. लोकतांत्रिक तरीकों से शांतिपूर्ण संपन्न हुए इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए दो, सचिव के लिए पांच और उप सचिव के लिए तीन उम्मीदवार चुनावी समर में थे. दो पद के लिए हुए उपसचिव के चुनाव में अमित कुमार सोनी 16 मत लाकर विजयी बने. वही सुरेंद्र निषाद और कुमकुम सोनी 15-15 मत लाकर ताई की स्थिति में रहे. जिन्हें दोनों उम्मीदवार के निर्णय अनुसार टॉस के आधार पर कुनकुन सोनी को निर्वाचित किया गया. वही सचिव पद के लिए सोनू प्रजापति 10 मत लाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अनुज कुमार सोनी को दो मतों के अंतराल से परास्त किया. इस पद के लिए अन्य उम्मीदवार राजेश केसरी और रितेश गुप्ता की मात्र दो तथा सोमनाथ ठाकुर जी एक से ही संतोष करना पड़ा. सबसे ज्यादा चर्चित मुकाबला अध्यक्ष पद के लिए था. जिसमे राजदेव गुप्ता 17 प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी बिपिन बिहारी पांडेय को 10 मतों के अंतराल से पराजित किया. विदित हो कि इस चुनाव में कमल शंकर पंडित संयुक्त सचिव, जयदीप कुमार सिन्हा कोषाध्यक्ष, अजय कुशवाहा और कृष्णा यादव उपाध्यक्ष, शान अख्तर, पंचम कुमार पांडेय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पहले ही निर्विरोध निर्वाचित किए जा चुके है. मतगणना पर्यवेक्षक आरएनवाईएम महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार वर्णवाल सहित बतौर अतिथि जेजेए के हजारीबाग जिलाध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह, सचिव विस्मय अलंकार और उपाध्यक्ष दीपक कुमार ने निवार्ची पदाधिकारी श्याम मोहन शर्मा, प्रमोद कुमार विश्वकर्मा, कृष्णा प्रजापति और दयानंद चौरसिया की निगरानी में संपन्न हुआ. उपस्थित अतिथियों और निवार्ची पदाधिकारियों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी और सदस्यों को माला पहनाकर बधाई देते हुए शुभकामनाएं दिया.

## श्री श्याम मनुहार महोत्सव में कंठ करिश्मा संजय मित्तल के भजन पर झूमे श्रद्धालु



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** लड़खड़ा जो मैं जाऊं कहीं, तुम संभालोगे विश्वास है, क्यों घबराऊं मैं, मेरा तो श्याम से नाता है. श्री श्याम मनुहार महोत्सव में शनिवार की रात कंठ करिश्मा संजय मित्तल के भजन पर श्रद्धालु झूमते रहे. हजारीबाग शहर के मुनका बगीचा प्रांगण में श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार की ओर से एकदिवसीय द्वितीय श्री श्याम मनुहार महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया था. हनुमान जी, भोले बाबा सहित अन्य देवी देवताओं के भजन गाते हुए संजय मित्तल ने समस्त श्याम प्रेमियों को देर रात तक झुमाया. कार्यक्रम में स्थानीय के साथ बाहर से आए कलाकारों लव अग्रवाल, मंडल के सदस्य रोहित शर्मा और 16 वर्षीय कृष्णा अग्रवाल ने अपनी प्रस्तुति से श्याम भक्तों का मन मोह लिया. कार्यक्रम में मौजूद शहर के सभी गणमान्य लोगों को आयोजन मंडली की ओर से शॉल ओढ़ाकर कर स्वागत किया गया. भजन संध्या की समाप्ति के उपरांत बाबा श्याम की भव्य आरती हुई. मौके पर आयोजक मंडली ने कहा कि बाबा श्याम, कोलकाता रामगढ़ समेत झारखंड के विभिन्न जिलों से आए मंडल के सदस्य और हजारीबाग के श्याम प्रेमियों के आशीर्वाद से कार्यक्रम संपन्न हुआ. कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने संजय मित्तल एवं उनकी टीम के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद दिया.

## घरेलू विवाद में जलाया बाइक दो आरोपी को भेजा गया जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुर्कबाद में घरेलू मारपीट में बाइक को जलाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस बाबत शिव बालक मोदी, पिता नौरंगी मोदी ग्राम शिबुडीह थाना हीरोडीह, गिरिडीह निवासी ने बरकट्ठा थाना में आवेदन दे कर प्राथमिकी दर्ज करवाया है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि में अपने भाई छोटे लाल के साथ अपनी बहन उषा देवी पति शंभू मोदी के घर तुर्कबाद में शनिवार को लगभग 10:00 बजे पहुंचा। पहुंचने पर देखा कि मेरी बहन और बहनोई को संतोष मोदी, गणेश मोदी, जागेश्वर मोदी, स्वर्गीय कैलाश मोदी एवं इसकी पत्नी बिंदेश्वरी देवी सभी ग्राम तुर्कबाद थाना बरकट्ठा निवासी मारपीट एवं गली गलोज कर रहे थे। मेरे पहुंचते ही संतोष मोदी एवं गणेश मोदी लाठी डंडा लेकर हम दोनों भाई को मारपीट करने लगे। जिसमें में हम चार लोग घायल हो गए। साथी ही मोबाइल छीन लिया।वहीं संतोष मोदी और गणेश मोदी पर मोटर साइकिल जला देने का आरोप लगाया है। मामले को संज्ञान में लेते हुए थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने 170/23 दर्ज कर प्राथमिक अभियुक्त गणेश मोदी को जेल भेज दिया।

**प्रेस वार्ता**

### चुनावी भय ने गैस सिलेंडर की कीमत में कर दी कमी : अजय सिंह

# कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबागः** कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रति गैस सिलेंडर 200 रुपए की कमी चुनावी भय के कारण किया गया. यह पॉलीटिकल स्टंट है. रांची से आए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव और हजारीबाग प्रभारी अजय सिंह ने कृष्ण बल्लभ आश्रम में रविवार को प्रेस वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अचानक गैस सिलेंडर की कीमत में 200 रुपए क्यों कम करना पड़ा, यह देश की जनता जानती है. एक सर्वे में उन्हें पता चला है कि आने वाले समय में पांच राज्यों में जो चुनाव होने वाले हैं, वहां भाजपा की स्थिति ठीक नहीं है और चुनाव हारने वाले हैं. कर्नाटक में जिस तरह से भाजपा की हार हुई है, उससे मोदी सरकार डरी हुई है. इस कारण गैस की कीमत में कमी की गई है. उन्होंने कहा कि इसे लेकर राखी के अवसर पर बहन को तोहफा देने की बात कही गई. लेकिन केंद्र सरकार यह बताए कि पिछले तीन वर्षों में क्या राखी का त्योहार देश भर में नहीं मनाया गया. उस वक्त उन्होंने कीमत कम क्यों नहीं की. उन्होंने यह भी कहा कि मणिपुर में महिला के साथ गलत व्यवहार हो रहा है. लेकिन मोदी जी वहां नहीं पहुंचे और महिला सशक्तीकरण की बात करते हैं. उन्होंने 2000 रुपए की नोटबंदी पर भी मोदी सरकार को घेरा और कहा कि आखिर क्या कारण रहा कि 2000 के नोट बंद किए जा रहे हैं. उन्होंने नोटबंदी इस बात को लेकर किया था कि काला धन पर रोक लगेगी. लेकिन अब 2000 के नोट पर ही रोक लगाया जा रहा है. यह गलत फैसला उन्होंने लिया था. डुमरी में हो रहे उपचुनाव पर उन्होंने कहा कि गठबंधन उम्मीदवार की वहां जीत होने जा रही है. चुनावी नतीजा भाजपा को झारखंड में बैकफुट पर ला देगा. उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि पांच राज्यों में जहां विधानसभा चुनाव हो रहा है, वह फिर से कर्नाटक वाली स्थिति दोहराई जाएगी. आम जनता भाजपा को सबक सिखाए, जिसका असर लोकसभा चुनाव में दिखेगा. उन्होंने यह भी कहा कि आम जनता अब महंगाई के मुद्दे पर बात करना चाहती है. लेकिन केंद्र सरकार लोक लुभावना बात करके गुमराह कर रही है. कांग्रेस पार्टी गैस सिलेंडर की कीमत में कमी को लेकर चार सितंबर को सड़क पर उतर आम जनता के पास जाएगी. उन्हें यह बताया जाएगा कि आखिर क्या कारण है कि गैस की कीमत में कमी की गई है. प्रेस वार्ता के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी मुन्ना सिंह, विनय सिंह, भगवान सिंह, भैया असीम, गोविंद राम, मिथिलेश दूबे, विनोद कुशवाहा, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, दिलीप, मुख्तार अंसारी समेत कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## रामगढ़ : गैरेज में खड़ी 12 चक्का ट्रक में लगी आग



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** डटमामोड़ स्थित एक बॉडी गैरेज में रविवार को खड़े 12 चक्का ट्रक में अचानक आग लग गई। इस घटना में ट्रक का केबिन पूरी तरह जल गया। जबकि गैरेज में खड़े अन्य वाहनों को वहां से हटाया गया। बाद में ट्रक पर आग की लपटे देखकर आस-पास के लोगों व गैरेज के कर्मियों द्वारा पानी डालकर बुझाया गया। बताया जाता है कि चैनपुर निवासी राजेश्वर प्रसाद का 12 चक्का ट्रक संख्या जेएच02एक्स-8595 डटमामोड़ स्थित गेराज में खड़ा था. इसी बीच हुई शॉट सर्किट के कारण ट्रक पर आग लग गया। आग लगने से ट्रक के केबिन पूरी तरह जल गया।

## मणिपुर की घटना को लेकर जामपानी पल्ली में सभा का किया आयोजन

# ‘देश में आदिवासी कही भी सुरक्षित नहीं’



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** ठेठाईटांगर प्रखंड के जामपानी पल्ली में काथलिक सभा, युवा संघ और काथलिक महिलासंघ के संयुक्त तत्वावधान में मणिपुर में हुए हिंसात्मक घटना को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ और मणिपुर राज्य सरकार के खिलाफ सभा का आयोजन किया गया और झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना को मुख्य रूपसे निमंत्रण किया गया था और उनका सहयोगी रहें जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील सुरीन उपस्थित रहें मौके पर दो मिनट मौन होकर मणिपुर के हिंसात्मक घटना में शिकार होकर जान गवाने वालों के लिए शांति एवं देश में शांति की कामना की गई झामुमो नेताओं ने जनता के समस्याओं से अवगत हुए और हर संभव मदद करने की भी भरोसा दिलाई। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कन्डुलना ने सभा को संबोधित करते हुए कहा केंद्र सरकार तरह तरह की साज़िश रचकर आदिवासियों को परेशान करना चाहती है। मणिपुर की घटना पुरे मानवता को शर्मशार कर देने वाली घटना है जिसमें केंद्र सरकार का तीन महीने तक मौन रहकर तमाशा देखना आदिवासियों के खिलाफ साजिश ही प्रतीत होती है। आज देश में आदिवासी कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं।भारत के पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर की घटना एक यौन उत्पीड़न का मामला है। ये एक तरह का हमला था जिसमें भीड़ ने महिलाओं का बलात्कार किया और नग्न करके महिलाओं को घुमाया। मणिपुर की बेटियों के साथ जो हुआ और केंद्र सरकार की इस घटना पर उदासीनता रवैया को देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी.. उन्होंने डबल इंजन की सरकार द्वारा चलाये जा रहे आदिवासी दमनकारी नीति के सम्बन्ध में तथा सामान नागरिक सहिंता की नीतियो से आदिवासी समाज के ऊपर पड़ने वाले दुष्परभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी मौके पर मुख्य रूपसे फादर थोमास सोरेंग, फादर संदीप कु खेस, फादर जॉन केरकेट्टा,सिस्टर किरण एक्का,सिस्टर राजकिशोरी मिंज, सिस्टर कोरनेलिआ डुंग डुंग, सिस्टर ऑडील लकड़ा, सिस्टर स्वाती लकड़ा, बिलियम केरकेट्टा, बिलियम डुंग डुंग, एडरियन कंडुलना, पंच - प्रचारक और भारी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीण महिला -पुरुष भारी संख्या में उपस्थित रहें।

## कोडरमाः गैस सिलेंडर के दाम में 200 की कटौती को कांग्रेस ने बताया चुनावी स्टंट




**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार कांग्रेस पूरे राज्य में केंद्र सरकार पर हमलावर है. गैस सिलिंडर के दाम में 200 रुपये की कटौती को कांग्रेसी चुनावी स्टंट बता रहे हैं. रविवार को कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश महासचिव सह जिला कांग्रेस प्रभारी डॉ. मंजू कुमारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि लूट भाजपा के डीएनए में मौजूद है. केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को अमीर और गरीबों को गरीब बना रही है. मोदी सरकार ने गरीबों की पीड़ा की परवाह नहीं कि और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि कर दी. अब जब चुनाव नजदीक आया तो गैंस सिलिंडर के दाम में 200 रुपये की कटौती कर दी. यह चुनावी स्टंट नहीं तो और क्या है. रसोई गैस की कीमत 2014 से लगातार बढ़ी है. भाजपा सरकार ने 2020 से सब्सिडी भी देनी बंद कर दी. गरीबों को सरकार ने अच्छे दिन के सपने दिखाकर और गरीब बना दिया.कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई चिंता का विषय है. महंगी गैस, महंगा तेल , थोक और खुदरा महंगाई आजादी के बाद सर्वोच्च शिखर पर है. सिर्फ सत्ता की भूख में मोदी सरकार आम जनता की कमर तोड़ रही है.

## कोडरमा के खरकोटा पंचायत में भीम आर्मी ने स्टीयरिंग कमेटी का किया विस्तार

**कोडरमा।** सदर प्रखंड अंतर्गत खरकोटा पंचायत के ग्राम (गोलवाढाब) गेंदवाडीह में भीम आर्मी ने स्टीयरिंग कमेटी का विस्तार किया. जिसकी अध्यक्षता भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकाश कुमार ने किया. वहीं संचालन सुरेंद्र दास ने किया. जिसमें स्टीयरिंग कमेटी में नारायण दास, प्रदीप कुमार, बालेश्वर दास एवं दिलीप कुमार सर्वसम्मती से चुने गए. भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि बहुत जल्द 21 सदस्य खरकोटा पंचायत कमेटी का निर्माण किया जाएगा और लोगों को संविधान के प्रति जागरूक किया जायेगा. कार्यक्रम में उपस्थित भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष महेंद्र दास, डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष पवन कुमार, उपाध्यक्ष पिंटू कुमार, मीडिया प्रभारी पप्पू कुमार दास, शुभम शेखर दास, सुरेंद्र दास, अर्जुन दास आदि उपस्थित थे.

## डोमचांच क्षेत्र में बिजली कटौती से लोग परेशान

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड क्षेत्र में उमस भरी गर्मी में इन दिनों बिजली कटौती से लोग परेशान हैं. डीवीसी द्वारा पांच से छह घंटे बिजली कटौती के अलावा विद्युत विभाग द्वारा लोड शेडिंग के नाम पर कई घंटों बिजली कटने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है. खासकर शाम के समय इसका असर पेयजलापूर्ति, घर में छात्रों की पढ़ाई झ लिखाई समेत व्यवसाय में भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है. इस बाबत ग्रामीणों का कहना है कि नेता और अमीरों के घर में तो इनवर्टर और जेनरेटर है, जिससे अमीरों को कोई परेशानी नहीं होती है. लेकिन बिजली कटौती का खास असर हम सब गरीबों पर पड़ रहा है. जिससे हमारे बच्चे घर में पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं. नेता और जनप्रतिनिधि केवल वोट के समय वोट मांगने गांव आ जाते हैं, लेकिन संकट के समय कोई आवाज नहीं उठाते हैं.

## डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

# टूर्नामेंट में आसिफ 11 सबडेगा बनी चैंपियन

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर मुख्यालय के प्रखंड मैदान में खचाखच भर दर्शकों के बीच अंतरराज्यीय डॉ एपीजे अब्दुल कलाम फुटबॉल टूनामेंट का समापन हो गया। टूनामेंट में मुख्य अतिथि विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी कोलेबिरा, विधायक भूषण बाड़ा सिमडेगा, विधायक राजेश कच्छप खिजरी, विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी जामताड़ा, विधायक उमाशंकर अकेला बरही उपस्थित हुए एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में दोनों ही टीम निर्धारित समय के अंदर कोई गोल नहीं कर पाई, फिर पेनाल्टी शूट का सहारा लिया गया



जिसमें आसिफ 11 सबडेगा ने न्यू स्टार फुटबॉल क्लब3-1 से हराकर चैंपियन बनी। विजेता टीम को एक लाख एक हजार एवं उपविजेता टीम को 51000 रुपया नगद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर आए सभी विधायकों ने प्रतियोगिता की सराहना की। मौके पर विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा प्रखंड मैदान को सौंदीर्यकरण के लिए हर संभव मदद करने की घोषणा की। बाहर से सभी विधायकों को सोल ओढ़ कर एवं गुलदस्ता बुके देकर सम्मानित किया गया।

# खेल कार्यक्रम में पहुंचे झारखंड के तीन विधायक, किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** ठेठईटांगर के खेल कार्यक्रम मे भाग लेने के लिए कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगारी के साथ झारखण्ड के तीन विधायक सिमडेगा पहुंचे जिसमे बरही विधायक उमाशंकर अकेला ,खिजरी विधायक राजेश कच्छप और जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी शामिल थे, सिमडेगा आगमन पर विधायक इरफान अंसारी ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा आदीवासी भाई बहनों के साथ अमानिये व्यवहार कर रही है और आदिवासियों के सर पर भाजपा पेशाब कर रही है। और उन्होंने मणिपुर घटना को बताते हुए कहा कि हमारे आदिवासी महिलाओं के साथ खुलेआम सरेआम इस तरह का हमला हो रहा है जो हमारे मां-बहन के हमले के बराबर है उन्होने जल्द खेल विधेयक पारित कर खेलाडियो को उचित सम्मान देने की बात कही और विधेयक पास होने से खेल के क्षेत्र में खिलाड़ी को नौकरी भी मिल पाएगी । वहीं बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा सिमडेगा जिला से कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल रहे हैं और यहां की मिट्टी में खेल की प्रतिभा छिपी हुई है हम जिले की खिलाड़ियों का सम्मान करते हैं और हर संभव मदद करने के लिए प्रयास करेंगे और यहां आगमन पर हमने देखा की कैसे हरे भरे जंगलों से आच्छादित सिमड़ेगा जिला का वातावरण है जो राज्य के अन्य जिलों में कहीं नहीं पाया जाता है वहीं कोलेबिरा विधायक नमन बिक्क्सल कोंगारी ने कहा खेल के क्षेत्र मैं बढ़ावा देने के लिए यहां के लोगों को प्रोत्साहन करने के लिए हम विधायक साथी को सिमडेगा जिला में आगमन करने होता दिए हैं जिससे यहां के खेल प्रेमियों को खेल का महत्व समझकर निरंतर खेल की विकास कर सके।

## कोडरमा : रास्ते को एक पक्ष ने किया बंद, ग्रामीणों ने की शिकायत

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया के वार्ड नंबर 8/28 के बीच बरसों से खुले रास्ते को कुछ लोगों ने बंद कर दिया. इसकी शिकायत ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय में आवेदन देकर की है. आवेदन में लिखा है कि सैकडो वर्षो से देवी मंडप व बजरंग बली के मंदिर में लोग पूजा अर्चना करते आ रहे हैं. लकिन 12 अगस्त 2023 को सुरेश यादव, पिता डीलो यादव, किशुन यादव, पिता स्व. पुनित यादव, मुन्शी यादव,पिता प्रसाधी यादव, महेन्द्र यादव, पिता स्व० झरी यादव, अर्जुन यादव, पिता स्व. पुनित यादव, बिनोद यादव, पिता स्व. तेजो यादव, सहदेव यादव, पिता ईश्वर यादव, बन्टी यादव, पिता मुन्शी यादव, मनोज यादव, पिता प्रसाधी यादव ने उक्त स्थल को जोत कर देवी परती जमीन पर घेराबन्दी बांस द्वारा कर दिया गया है. ये सभी लोग अपनी जमीन होने का दावा करते हैं. ग्रामीणों ने कहा कि मामले की जांच की आवश्यकता है. आवेदन पर अर्जुन पंडित, श्रवण कुमार, वासुदेव पंडित, तुलसी पंडित, प्रकाश पंडित आदि थे।

## यौन शोषण के आरोपी को भेजा जेल

**सिमडेगा।** शादी की झांसा देकर एक युवती के साथ यौन शोषण करने के मामले में सिमडेगा महिला थाना की पुलिस के द्वारा आरोपी युवक असीम आनंद को गिरफ्तार करते हुएन्यायिक हिरासत में भेज दिया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए महिला थाना प्रभारी मंजूश्री कुंकल ने बताया कि केरसई थाना क्षेत्र की एक युवती जो की सिमडेगा शहर क्षेत्र के आनंदनगर में रहती है वहीं आनंद नगर के आशिम आनंद नामक युवक के द्वारा उसकी शादी की झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। बाद में शादी से इनकार कर दिया तब जाकर पीड़िता द्वारा इस मामले को लेकर सिमडेगा महिला थाना में आवेदन देखकर कार्रवाई की मांग की। इस पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए न्याय हिरासत में जेल भेज दिया इस संबंध में महिला थाना कांड संख्या 20/2023 के तहत मामला दर्ज की गई।

## जीईएल चर्च पंडरीपानी ढोढरीबहार चर्च में धूमधाम के साथ मनाया गया कादो पर्व



**ठेठईटांगर।** जी ई एल चर्च पंडरीपानी ढोढरीबहार चर्च में धूमधाम के साथ रविवार को कादो पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एनोस एक्का एवं झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मौजूद रहे। जहां पर उपस्थित लोगों को कादोपर्व की शुभकामनाएं दी। मंत्री ने कहा यह पर्व धान रोपनी के पश्चात मनाया जाता है जिसमें परमपिता परमेश्वर को धन्यवाद दी जाती है क्योंकि खेती-बाड़ी के दौरान जीव जंतु सहित कई प्रकार की चीज खेत में जाने अनजाने में भूल वश उनकी मौत हो जाती है और इसी को क्षमा मांगने के उद्देश्य से मनाया जाता है हम सभी अच्छी फसल की कामना करते हैं ताकि आने वाले दिनों में फसल अच्छी हो और इस क्षेत्र का वातावरण और क्षेत्र में खुशियां बनी रहे। मौके पर ललित समद अनिल बरला आसियान बागे, सुदीप लुगुन ओलिवर लुगुन, रसाल खलखो आदि उपस्थित रहे ।

## स्टालिन के बयान की हिंदू बिग्रेड ने की निंदा

**सिमडेगा।** तमिलनाडू के सीएम एमके स्टालिन के बेटे उदय निधि स्टालिन के द्वारा सनातन धर्म को लेकर दिए गए बयान पर हिंदू बिग्रेड ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। हिंदू बिग्रेड ने उदय निधि पर सनातन धर्म को अपमानित करने का आरोप लगाते हुए माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वोट की राजनीति के कारण स्टालिन अनर्गल बयानबाजी कर रहे है जो किसी भी सभ्य समाज के लिए शोभनीय नहीं है। हिंदू बिग्रेड ने कहा कि स्टालिन के बयान की जितनी भी निंदा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि स्टालिन के बयान से ही उनके गंदे सोच और देश के प्रति उनके प्रेम की झलक नजर आ रही है।

## आंधी-तूफान से गिरा पेड़, सड़क जाम

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के केरया पहान टोली के पास रविवार को हुए तेज आंधी तूफान और झमाझम बारिश के बीच अचानक बड़ा पेड़ उखड़ कर पेड़ के बीचो-बीच गिर गया ।पेड़ गिरने की वजह से एनएच 143 पूरी तरह से जाम हो गई। इधर जाम होने की वजह से आने जाने वाली वाहनों की लंबी कतार लग गई जिसके बाद लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा ।मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची एवं काफी मशक्कत के बाद सड़क पर गिरे पेड़ को कटर मशीन से कटवाकर आवागमन के लिए रास्ता तैयार किया जिसके बाद जाम में फंसे वाहनों को सुचारू रूप से आने-जाने में मदद मिली मौके पर पूर्व मुखिया शिवराज बड़ाईक सहित कई लोग मौजूद रहे।

## नारोडेगा जंगल में दुपट्टा से लटका मिला शव

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र के लचरागढ़ अन्तर्गत नारोडेगा जंगल में दुप्पटा से लटका मिला शव। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राप्त जानकारी के अनुसार विवेक पंडा पिता मनमोहन पंडा गांव लचरागढ़ निवासी उम्र लगभग 36 है यह रात्रि लगभग 11 बजे से घर से गायब हो गया जिसके बाद पूरे परिवार सहित लचरागढ़ उसे ढूंढने में लग गए लेकिन कोई जानकारी नहीं हुई अगले सुबह नारोडेगा जंगल में दुपट्टा से लटका व्यक्ति का मिला शव ।इसकी जानकारी होते ही मामले की सूचना कोलेबिरा पुलिस को दी गई तत्पश्चात घटनास्थल पर कोलेबिरा थाना प्रभारी प्रभात कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंची फिर शव का अंत्यपरीक्षण कर पेड़ से नीचे उतार गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मौके पर थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि लचरागढ़ के नारोडेगा नामक गांव में विवेक पंडा नामक युवक का शव बरामद किया गया है शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है, मामले में जो भी संलिप्त है उसपर अग्रतर करवाई किया जाएगा।

## कोलेबिरा प्रखंड के कोम्बाकेरा में चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ फाइनल मैच



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के अंतर्गत कोम्बाकेरा ग्राम में छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज के द्वारा आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच खेला गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अरुण साहू छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज के प्रदेश अध्यक्ष और विशिष्ट अतिथि तेली समाज जिला अध्यक्ष जगदीश साहू पहुंचे खेल का उद्घाटन मुख्य अतिथियों ने मासूम क्लब मोरहाटोली और और माचो मनोहरपुर की टीम को जर्सी वितरण कर साथ ही खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक मारकर किया। फाइनल मैच मासूम क्लब मोहरा टोली और माचो मनोहरपुर के टीम के बीच खेला गया जिसमें माचो मनोहरपुर एक गोल की बढ़त बनाकर जीत हासिल किया। मौके पर मुख्यअतिथि-अरूण साहू, प्रदेश अध्यक्ष तेली समाज, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर महेंद्र भगत, जगदीश साहू जिला अध्यक्ष,राम कैलाश राम मुख्य संरक्षक,जिला उपाध्यक्ष रंथु सिंह,जिला कोषाध्यक्ष सुनीलाल प्रसाद, पूर्व प्रमुख दीपक कंडुलना आदि उपस्थित थे।

## बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को लेकर कोलेबिरा विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न

**कोलेबिरा।** 20 सितंबर को कोलेबिरा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह प्रथम मुख्यमंत्री का आगमन होगा जहाँ वे कोलेबिरा बिधानसभा के कार्यकताओं एवं जनता को संकल्प यात्रा के तहत संबोधित करेंगे ।कार्यक्रम की सफलता हेतु कोलेबिरा में कोलेबिरा बिधानसभा स्तरीय कार्यकताओं की बैठक हुई,कोलेबिरा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार ने स्वागत भाषण कर अथितियों का स्वागत किया।बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष लक्मन बड़ाईक ने कहा कि पूरे राज्य में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा हो रहा है कोलेबिरा और सिमडेगा में भी संकल्प यात्रा को लेकर कार्यकर्ता उत्साहित हैं ।बैठक को संबोधित करते हुए संकल्प यात्रा के जिला संयोजक सह पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा की पूरे झारखंड में संकल्प यात्रा को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है झारखंड सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है कार्यकर्ता कमर कसकर तैयार रहें कोलेबिरा विधानसभा एवं सिमडेगा विधानसभा की संकल्प यात्रा ऐतिहासिक होनी चाहिए यह 2024 लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव का बिगुल है ।संकल्प यात्रा के जिला सहसंयोजक केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सह प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की विधानसभा स्तरीय संकल्प यात्रा ऐतिहासिक होगी। इसको लेकर सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

## समिति गठित

## विश्व हिंदू परिषद की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

# धूमधाम से मनाया जाएगा स्थापना दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा की जिलास्तरीय आवश्यक बैठक रविवार को गांधी मैदान स्थित देवराहा बाबा आश्रम में जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रांत द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार सिमडेगा जिला अंतर्गत सभी पंचायत एवं राजस्व गांव में विश्व हिंदू परिषद की समिति गठन के संबंध में चर्चा हुई यहां पर बताया गया कि सभी गांव में समिति गठित किया जा रहा है और कई जगहों पर बाकी है उन जगहों पर भी की जाएगी। जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिले के सभी मठ मंदिरों में प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन हो जिससे कि अधिक से अधिक लोगों का धर्म के प्रति जुड़ाव हो, वही बताया गया कि आगामी जन्माष्टमी के दिन विश्व हिंदू परिषद की 60वीं वर्षगांठ के मौके पर धूमधाम के साथ सिमडेगा में विश्व हिंदू परिषद का 60वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा जिला अध्यक्ष ने कहा की स्थापना दिवस पर धार्मिक अनुष्ठान एवं कार्यक्रम का आयोजन करने के पश्चात कार्यक्रम की जाएगी जिस पर बौद्धिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। वही बताया गया कि स्थापना दिवस को स्थापना सप्ताह के रूप में एक सप्ताह तक सिमडेगा जिले के विभिन्न पंचायत एवं ग्राम स्तर तक मनाने को लेकर तैयारी की जा रही है ताकि सभी जगह पर इसकी स्थापना दिवस मनाया जा सके। इसके अलावा बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा एवं विश्व हिंदू परिषद की षस्ठिपूर्ति योजना से संबंधित कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। साथी क्षेत्र में हो



रहे हिंदुओं पर अत्याचार एवं कई बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए सभी लोगों को संगठित और सरना सनातन संस्कृति सभ्यता और सत्संग आदि चीजों को बढ़ावा देने के लिए जोर दिया गया। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन मंत्री कमल सेनापति के द्वारा की गई बैठक में मुख्य रूप से जिला मंत्री कृष्णा शर्मा,जिला उपाध्यक्ष घनश्याम राम, कोषाध्यक्ष मुरारी प्रसाद,प्रचार प्रसार प्रमुख वीके साहू, सरवन गोस्वामी, अरुण सिंह,बजरंग दल सह संयोजक बबलू अग्रवाल, नगर सयोंजक मानस प्रसाद, सह सयोंजक आंकित केशरी,नयन केसरी ,सोनू कुमार,जयंत पंडा,अग्निवेश चौबे, सहित विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जिला कांग्रेस ओबीसी अध्यक्ष के नेतृत्व में देर रात सब स्टेशन पहुंचे विद्युत कटौती से परेशान ग्रामीण, निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग

# 22 घंटे आपूर्ति के लिए चाहिये 12 मेगावाट बिजली, मिल रही 6 मेगावाट

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**
नगर पंचायत क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती से परेशान होकर शुक्रवार की देर रात्रि जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष सह नगर पंचायत के भावी अध्यक्ष प्रत्याशी मारुति नंदन सोनी के नेतृत्व में लगभग दो दर्जन से अधिक की संख्या में नगर पंचायत क्षेत्र के स्थानीय लोग विद्युत सब स्टेशन पहुंचे और निर्बाध 22 घंटा बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की। बताते चलें कि मझिआंव विद्युत सब स्टेशन में मझिआंव शहरी एवं ग्रामीण के साथ-साथ बरडीहा,कांडी प्रखंड क्षेत्र के लिए 18 से 22 घंटा बिजली आपूर्ति के लिए कम से कम 12 मेगावाट बिजली मझिआंव विद्युत सब स्टेशन को मिलना चाहिए। लेकिन मझिआंव विद्युत सब स्टेशन को मात्र 4 से 6 मेगावाट बिजली मिल रही है।



इधर ग्रामीणों ने बताया कि नगर पंचायत एवं मझिआंव ग्रामीण, बरडीहा एवं कांडी प्रखंड क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठीक ढंग से नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की जो भी कुछ समय के लिए क्षेत्र में बिजली आपूर्ति मिल रहा है उसमें भी लोगों को लो वोल्टेज का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की क्षेत्र में वर्षा नहीं होने के कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही बिजली आपूर्ति ठीक ढंग से नहीं होने के कारण किसान दोहरा मार झेल रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों ने जो भी कुछ धान का खेती किया है उसको भी पानी नहीं मिल पा रहा है। साथ ही भीषण गर्मी होने के कारण नगर पंचायत क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को गर्मी से जीना मुहाल हो गया है। सोनी ने बिजली विभाग के वरीय पदाधिकारी से आग्रह करते हुए कहा कि अगर मझिआंव को ठीक ढंग से बिजली नहीं दी जाएगी तो बाध्य होकर यहां के ग्रामीण जनता के साथ मिलकर प्रदर्शन करेंगे और विद्युत सब स्टेशन में तालाबंदी करेंगे। इसलिए पदाधिकारी से आग्रह है कि ठीक ढंग से बिजली आपूर्ति की जाए। क्षेत्रीय विद्युत सहायक कनिय अभियंता कमल कुमार गुप्ता ने बताया कि ऊपर से ही विद्युत आपूर्ति कम दी जा रही है। मझिआंव शहरी एवं ग्रामीण और कांडी बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के लिए 10 से 12 मेगा वाट बिजली चाहिए लेकिन 4 से 6 मेगावाट बिजली ही मिल रही है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## केतार प्रखंड में बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
केतार प्रखंड क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। इससे उमस भरी गर्मी में लोग परेशान हो गये हैं। एक तरफ किसान प्राकृतिक की मार झेलने को विवश हैं, वहीं दूसरी तरफ बिजली विभाग की मनमानी ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। नियमित बिजली आपूर्ति नहीं होने से किसान, व्यवसायी व उपभोक्ता सभी परेशान हैं। मुकुंदपुर गांव के ग्रामीण छोटन सिंह, शिव भरोष सिंह, रिशू सिंह, अवध ठाकुर, सुरेश बियार, विष्णु प्रसाद, अभिषेक ठाकुर ने कहा कि बारिश नहीं होने के कारण बिजली मोटर से फसल का पटवन कर रहे थे लेकिन बिजली की कटौती से धान की खेतों में



दरार पड़ गई है। मुकुंदपुर गांव के ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के कर्मियों से बिजली आपूर्ति में सुधार करते हुए नियमित करने की मांग की है। अन्यथा धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इधर लोहरगाड़ा पंचायत की मुखिया निलम देवी, परसोडीह पंचायत की मुखिया बसंती देवी, मुकुंदपुर मुखिया मुंगा साह, केतार मुखिया प्रमोद कुमार, बलिगढ़. मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता ने भी नियमित बिजली आपूर्ति की मांग की है। इस संबंध में बिजली विभाग के जेई गुणवंत ने कहा कि ऊपर से ही बिजली कटौती हो रही है, जिस कारण उपभोक्ताओं को नियमित बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

### 200 व 300 फीट की जगह मात्र 150 फीट बोरिंग

# नल जल योजना में बरती जा रही है अनिमियतता

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
प्रखंड के तसरार पंचायत में हर घर को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार ने नल जल योजना लेकर आई है, लेकिन इसके शुरुआती दौर में ही गड़बड़ियों की शिकायत आनी शुरू हो गयी है। इस दौरान 200 एवं 300 फीट की जगह मात्र 100 व 150 फीट ही बोरिंग की खुदाई कर छोड़ दिया जा रहा है। प्रखंड के तसरार पंचायत स्थित महदंड गांव में इसे आमतौर पर देखा जा रहा है। महुदंड गांव के ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अभी तक पंचायत में 9 प्वाइंट पर बोर किया जा चुका है, लेकिन सिर्फ मुखिया मुनिता देवी के खेत छोड़कर कहीं भी प्राक्कलन के अनुसार बोरिंग नहीं किया गया है। संवेदक एनएस कंस्ट्रक्शन के द्वारा 200 फीट की जगह मात्र 100 फीट ही सभी जगहों पर बोरिंग का कार्य कराया गया है।



ग्रामीण ललिता देवी, प्रभा देवी, कविता देवी, रबिता देवी, लालो देवी, कलिंदा देवी, पितांबर राम, सरीफा राम, हरिलाल राम, महेंद्र राम, रामजी महतो, उपेंद्र प्रजापति, सोनू, सुरेश राम, बिरजू प्रजापति, दामोदर ठाकुर, नरेश राम सहित कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चापाकल में 250 और 300 फीट बोरिंग हुआ था। उससे हम लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा था। यहां तक कि गर्मी के दिन में भी उक्त चापाकल पूरी तरह सूख जा रहा था। लेकिन नल जल योजना के लिए संवेदक के द्वारा मात्र कहीं 100 फीट तो कहीं 200 फीट बोरिंग कराया जा रहा है, जिससे अपेक्षित पानी की उम्मीद नहीं की जा सकती है। ग्रामीणों ने कहा कि नल जल योजना कहीं दिखावा तो बनकर नहीं आयी है कि न उससे हमको पर्याप्त पानी मिले, न ही उसका हम अधिक समय तक लाभ ही उठा पाएं।

## 'रसोइयों को चतुर्थ श्रेणी का दर्जा सहित सभी सुविधाएं दे सरकार'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
राष्ट्रीय असंगठित श्रमिक रसोइया वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले प्रखंड के रसोइयों की बैठक राजकीय मध्य विद्यालय नगर उंटारी में एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष अनिता देवी की अध्यक्षता में हुई।

बैठक को संबोधित करते हुये संगठन के राष्ट्रीय संस्थापक व संरक्षक तैयब अंसारी ने कहा कि देश के सभी विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों को नियमितीकरण करते हुये बीस हजार रुपये मासिक मानदेय भुगतान किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि उम्र के आधार पर कार्यरत रसोइयों को निष्कासित किये जाने पर पांच लाख रुपये ग्रेच्युटी के रूप में नकद



भुगतान व दस हजार रुपये मासिक पेंशन की व्यवस्था लागू होनी चाहिये। रसोइयों व सहायिकाओं का आयुष्मान कार्ड बनाया जाये, जिससे वे अपने समस्त परिवार का इलाज सभी अस्पतालों में मुफ्त करा सकें। उन्होंने कहा कि रसोइयों से 11 माह कार्य कराकर 10 माह का मानदेय दिया जाता है, जबकि उन्हें 12 माह का मानदेय मिलना चाहिये। उन्होंने कहा कि कार्यरत रसोइयों को 90 दिन का मातृत्व अवकाश, 14 दिन आकस्मिक अवकाश, मेडिकल सुविधा, स्वास्थ्य बीमा, ड्रेस तथा मृत्यु के बाद उनके ही परिवार को वरीयता क्रम में रिक्त पदों पर नियुक्त किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा रसोइयों के लिये नियमावली बनाकर रसोइयों को चतुर्थ श्रेणी का दर्जा देते हुये सभी सरकारी सुविधा उपलब्ध करानी चाहिये। झारखंड प्रदेश संरक्षक व प्रभारी बखोरी राम ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नियमावली बनाकर छात्र संख्या के आधार पर रसोइयों का चयन किया जाना चाहिये।

जिलाध्यक्ष अनिता देवी ने प्रदेश सरकार से जिले के सभी विद्यालयों में छात्र संख्या के आधार पर रसोइयों की नियुक्ति तत्काल नहीं होने पर जिला मुख्यालय में विशाल धरना प्रदर्शन करने की बात कही। समाज सेवी सह कांग्रेस के प्रदेश सचिव माणिक राम ने कहा कि रसोइयों के मान सम्मान व उनका हक दिलाने के लिये हमेशा ततपर रहूंगा। समय पर न्यूनतम मानदेय दिलवाने का भी काम किया जायेगा। मौके पर भवनाथपुर प्रखंड संरक्षक अनिल कुमार यादव, जिला संरक्षक उदय यादव, कामेश्वर प्रजापति, छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी उषा देवी, ज्ञानी देवी, केतार प्रखंड अध्यक्ष सीतामणी देवी, भवनाथपुर प्रखंड अध्यक्ष रीना देवी, खरौंधी प्रखंड अध्यक्ष किरण देवी, चंद्रावती देवी, समुंद्री देवी, प्रमिला देवी, राजकुमारी कुंवर, देवंती देवी, कलावती देवी, उषा देवी] सरस्वती देवी, मालती देवी, सबिता देवी, गीता देवी, कुंदती कुंवर, अनिता देवी, चिंता देवी, शर्मिला देवी सहित बड़ी संख्या में रसोइया उपस्थित थे।

## मेडिकल दुकान का किया गया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**
प्रखंड से 10 किलोमीटर की दूरी पर गेरुआ पंचायत अंतर्गत बिछियादामर मेन रोड पर अंश हेल्थ केयर फामेर्सी का शुभारंभ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह युवा समाजसेवी डॉ कुलदेव चौधरी, विशिष्ट अतिथि गेरुआ मुखिया अनिल कुमार चौधरी, वीआईपी के



प्रदेश सचिव सह भावी विधानसभा प्रत्याशी मनदीप मल्लाह, वीआईपी गढ़वा जिला अध्यक्ष सरोज चौधरी, भवनाथपुर विधानसभा के भूतपूर्व प्रत्याशी दशरथ चौधरी आदि ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया। मौके पर मेडिकल के संचालक फार्मासिस्ट ओमकार चौधरी, एएनएम ज्योति कुमारी, चनरु चौधरी, शिक्षक दुलारू चौधरी, रामलाल चौधरी, नागेंद्र चौधरी, महेंद्र चौधरी, कुलदीप चौधरी, शंकर चौधरी, कोमल चौधरी, रामनाथ चौधरी, अजीत कुमार आदि उपस्थित रहे।

### संक्षिप्त

#### प्रशासन एकादश ने जीता फैंसी फुटबॉल टूर्नामेंट



**मेराल।** प्रखंड के हासनदाग गांव के जेपीएससी मैदान में रविवार को फैंसी फुटबॉल टूर्नामेंट का सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच प्रशासन एकादश बनाम वार्ड सदस्य एकादश के बीच खेला गया जिसमें प्रशासन एकादश की टीम ने छह गोल दागकर मैच अपने नाम कर लिया। विजेता टीम के कैप्टन थाना प्रभारी नीतीश कुमार को जम्मू जिला अध्यक्ष तनवीर खान द्वारा कप एवं 5100 रुपये नकद देकर सम्मानित किया। वहीं उप विजेता टीम के कैप्टन उप मुखिया अविनाश चौबे को मुखिया संघ के अध्यक्ष रामसागर महतो द्वारा कप एवं 4100 रुपये नकद देकर सम्मानित किया गया। प्रशासन एकादश के आरक्षी मिन्हाज आलम को मैन ऑफ द सीरीज से सम्मानित किया गया, जबकि मैन ऑफ द मैच गोलकीपर हवलदार मनोज कुमार सिंह को चुना गया। फैंसी फुटबॉल टूर्नामेंट कमेटी को मंत्री मिथिलेश ठाकुर द्वारा 21000 रुपये दिये गये। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, प्रखंड के कार्यकारी अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, बीडीसी नंदू चौधरी, उपमुखिया अविनाश चौबे,एस आई अजीत कुमार, संजय कुशवाहा, मुखिया संजय राम, अनिल चौधरी, अजीज अंसारी, मनदीप सिंह, शिव कुमार चौधरी, गुलबहार खान, लालमणि साव, राजबली चौधरी, जफीर अंसारी, गुलबास अंसारी, महेंद्र प्रसाद, कोमल चौधरी, संतोष चौधरी,मानदेव बैठा,प्रणय चौबे, राजेंद्र चौधरी, कौशर अंसारी आदि उपस्थित थे।

#### घाघरा कैलान को 4-3 से हराकर फाइनल में

**भवनाथपुर।** प्रखंड के कैलान पंचायत के शिवाजी खेल मैदान ज्योतिबा फुले स्पोर्ट क्लब द्वारा आयोजित निलाम्बर पिताम्बर फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में घाघरा ने पेनाल्टी शूट आउट में कैलान को 4 -3 से हराया। विजेता घाघरा टीम को मुख्य अतिथि बीडीओ जयपाल महतो जिला परिसद सदस्य रंजनी शर्मा ने ट्रॉफी कैप्टन को दिया, वही उप विजेता कैलान टीम को सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव, पीएनबी बैन्क शाखा प्रबंधक मनीष मेहता, कैलान पंचायत के मुखिया सुकनी देवी ने दिया। मौके पर मुख्य अतिथि बीडीओ जयपाल महतो, सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव,जिला परिसद सदस्य रंजनी शर्मा, पीएनबी शाखा प्रबंधक मनीष मेहता, कैलान मुखिया सुकनी देवी, उप मुखिया सुरेन्द्र यादव उपस्थित थे।

## गिद्धौर : बोलेरे में अचानक लगी आग, झुलसा चालक

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
गिद्धौर थाना क्षेत्र के बेलगाछ के समीप रविवार को न्यू बोलेरो वाहन में अचानक आग लग गयी, जिससे वाहन जल कर राख हो गया। इस घटना में वाहन मालिक सह चालक झुलस गया। उसे ग्रामीणों की तत्परता से आनन फानन में इलाज के लिए हजारीबाग ले जाया गया। मिली जानकारी के अनुसार चौपारण थाना क्षेत्र के चैथी गांव निवासी नुनु प्रसाद के पुत्र सुबास दांगी अपने घर चैथी से चतरा जा रहे थे, इसी क्रम में बेलगाछ के समीप वाहन में अचानक आग लग गयी और वाहन के सभी गेट लोक हो गया। तभी पथ से गुजर रहे राहगीरों ने शीशा तोड़ कर वाहन चालक को बाहर निकाला।



हलाकि वाहन मालिक का हाथ व चेहरा आग से झुलस गया। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर एसआई विजय गुप्ता पहुंचे, उसके बाद आग बुझाने के लिए दमकल की गाड़ी भी पहुंची, परंतु तब तक देर हो चुकी थी और वाहन पूरी तरह से जल कर राख हो गया था। मालूम हो कि वाहन 15 दिन पूर्व ही शोरूम से खरीदा गया था।

## 'गैस सिलेंडर का दाम 500 करके दिखाए भाजपा'

**लातेहार।** युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र उरांव कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजेंद्र उरांव और साजन कुमार प्रेस वार्ता कर केंद्र सरकार की महंगाई नीति का विरोध किया। कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने गैस सिलेंडर पर 185 परसेंट वृद्धि की और इन्होंने 2014 के चुनाव से अब तक दर से मात्र 17 परसेंट का दाम कम किया। कहा कि इसी बात को लेकर कांग्रेस धरना प्रदर्शन करेगी। अगर भाजपा जनता के इतना ही हितैषी है तो सिलेंडर 500 करके दिखाए। बीजेपी ने झूठ बोलने में महारत हासिल की है। जनता इनके बहकावे में नहीं आने वाली है और 2024 में इसका मुंह तोड़ जवाब देगी। कहा कि खाद्य सामग्री के भी दाम दोगुने हो गये हैं। 4 सितंबर को समाहार न्यायालय के सामने कांग्रेस जिला द्वारा धरना का आयोजन किया गया है, जिसमें भारी संख्या में लोग जुटेंगे।

## छिपादोहर को प्रखंड बनाने की मांग ने पकड़ा जोर, कमेटी का हुआ गठन

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड के छिपादोहर गांधी मैदान में रविवार को छिपादोहर को प्रखंड बनाने की मांग को लेकर आसपास की 6 पंचायत के मुखिया एवं काफी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में चुंगरू पंचायत के मुखिया बलदेव परहिया की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि छिपादोहर को प्रखंड बनाने तक आंदोलन जारी रहेगा।

प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविंद्र राम ने आदिवासी बहुल क्षेत्र के विकास के लिए छिपादोहर को प्रखंड बनाने पर जोर दिया। विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू ने कहा कि छिपादोहार को जल्द प्रखंड का दर्जा प्राप्त हो इसको लेकर नवगठित प्रखंड कमेटी विधायक रामचंद्र सिंह के नेतृत्व में जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री से हेमंत सोरेन से मिलकर इस मांग को जल्द पूरा करने पर जोर देंगे। पूर्व अध्यक्ष देवनाथ सिंह खरवार ने भी इस संबंध में मुख्यमंत्री से पत्राचार करने की



बात कही। 20 सूत्रीय अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि प्रखंड निर्माण को मुकाम तक पहुंचाने के लिए अंतिम लड़ाई लड़ने की जरूरत है। इस मौके पर छिपादोहर निर्माण कमेटी का भी गठन किया गया, जिसमें विधायक रामचंद्र सिंह मुख्य संरक्षक, देवनाथ सिंह खरवार को अध्यक्ष, जनेश्वर सिंह सचिव, शत्रुघ्न सिंह मुखिया कुचला, बलदेव परहिया, चुंगरू मुखिया उपाध्यक्ष, कृष्ण प्रसाद कोषाध्यक्ष, पूर्वी जिप सदस्य कन्हाई सिंह, राजू प्रसाद संरक्षक, जबकि सदस्यों में कृष्ण प्रसाद यादव, अनिल कुमार सिंह समाजसेवी, दीपा देवी उप मुखिया, प्रेमलता मिंज, वेरोनिका कुजूर छिपादोहर मुखिया, संदीप सिंह ग्राम प्रधान, दिलीप सिंह पंचायत समिति छिपादोहर, तेतरी देवी पंचायत समिति सदसय, सुरेंद्र सिंह, अनीता देवी, हरातु पंचायत मुखिया, जुलेश्वर राम, मंजू देवी पूर्व मुखिया लात, विजय सिंह मुंडू, अंकित गुप्ता, महेंद्र प्रजापति, संजय उरांव लात, संदीप ठाकुर को रखा गया है।

### धर्म-कर्म

## वेदरूपी कल्पवृक्ष का पका हुआ फल है भागवत : स्वामी

# गलत ढंग से आयी लक्ष्मी उपद्रवकारी : जीयर

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी ने कहा कि घर में उपद्रव करने वाली लक्ष्मी नहीं, बल्कि ऐसी लक्ष्मी चाहिए जो सुख-शांति और संतुष्टि प्रदान करें। लक्ष्मी का सदैव उपयोग करें, उपभोग कदापि नहीं। अनिवार्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मितव्ययिता से धन का प्रयोग धन का उपयोग है लेकिन विलासिता के लिए धन का अनुचित अपव्यय धन का उपभोग है। आज की जीवनशैली उपभोक्तावादी हो गई है, जिसके कारण सामाजिक संरचना तितर-बितर हो गयी है।

उन्होंने नैमिषारण्य में सूत-सौनक संवाद की चर्चा करते हुए कहा कि जिस व्यक्ति पर संत कृपा करते हैं, वह संसार का हो जाता है। सूत जी से ऋषियों ने प्रश्न किया कि सभी ग्रंथों के बाद भागवत की क्या आवश्यकता



है? इस पर सूत जी ने उदाहरण देते हुए कहा कि दूध से घी बनता है, लेकिन दूध से घी का काम नहीं होता। आम के वृक्ष से फल प्राप्त होता है, लेकिन पेड़ से फल का आनंद प्राप्त नहीं होगा। इसी तरह वेद का सार है भागवत। भागवत वेद रुपी कल्प वृक्ष का पक्का हुआ फल है। इस पर सभी का अधिकार है। कालांतर में भगवान द्वारा लक्ष्मी जी को भागवत सुनाया गया। लक्ष्मी जी ने विश्वकसेन को, विश्वकसेन ने ब्रह्माजी, ब्रह्मा जी ने सनकादि ऋषि, सनकादि ऋषियों ने नारद जी, नारद जी ने व्यास जी, व्यास जी ने शुकदेव जी और शुकदेव जी ने सूत जी को सुनाया। बच्चा, बूढ़ा युवा और स्त्री सहित सभी वर्ग और धर्म के लोग इसका रसपान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गलत तरीके से आयी लक्ष्मी उपद्रवकारी होती हैं। इन्हें संभालना मुश्किल होता है। लक्ष्मी का सदैव सदुपयोग होना चाहिए। जिस परिवार और समाज में लक्ष्मी का उपभोग होने लगता है, वहाँ एक साथ कई विकार उत्पन्न हो जाते हैं। अंततः वह पतन का कारण बनता है। स्वामी जी ने कहा कि आषाढ़ पूर्णिमा को व्यास जी का अवतरण हुआ था, इसीलिए इस तिथि को गुरु-पूर्णिमा मनाने की परम्परा है। व्यास जी को नहीं मानने वाले भी गुरु-पूर्णिमा मनाते हैं।

स्वामी जी ने कहा कि गुरु सिद्ध होना चाहिए, चमत्कारी नहीं। जो परमात्मा की उपासना और भक्ति की सिद्धि किया हो, वही गुरु है। गुरु का मन स्थिर होना चाहिए, चंचल नहीं। वाणी-संयम भी होनी चाहिए। गुरु समाज का कल्याण करने वाला हो और दिनचर्या में समझौता नहीं करता हो। गुरु भोगी-विलासी नहीं हो। उन्होंने कहा कि गुरु और संत का आचरण आदर्श होना चाहिए। जिनके दर्शन के बाद परमात्मा के प्रति आशक्ति और मन में शांति का एहसास हो, वही गुरु और संत की श्रेणी में है। गुरु दंभी और इंद्रियों में भटकाव वाला नहीं होना चाहिए। गुरु सभी स्थान व प्राणियों में परमात्मा की सत्ता स्वीकार करने वाला हो।

## 'शिक्षकों को हर दिन सीखने की जरूरत'

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति की ओर से आरकेवीएस संस्थान में शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडे, सचिव मदन केसरी संजय सोनी, अशोक विश्वकर्मा, सुधीर पाठक ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में निजी विद्यालय में बेहतर शिक्षा देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

मौके पर अध्यक्ष अलकनाथ पांडे ने कहा कि शिक्षक के हर सभ्य समाज को प्रेरणा देता है। ऐसे में शिक्षकों को अपने चरित्र, स्वभाव को बेहतर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा जरूरी है। उसके लिए शिक्षकों को खुद हर दिन सीखने की जरूरत है। सचिव मदन केसरी ने कहा कि जिला पब्लिक



स्कूल समन्वय समिति जिले में बेहतर शिक्षा व्यवस्था देने के साथ-साथ विभिन्न तरह के कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर आगे रहती है। जिला समन्वय समिति के बैनर तले कई तरह के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। बेहतर शिक्षा बच्चों को उपलब्ध कारण विधि विद्यालय का नाम रोशन हो और यही वजह है कि आज निजी विद्यालयों से विभिन्न क्षेत्रों में छात्र बेहतर कर रहे हैं। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे पूर्व अंचलाधिकारी सा आरके पब्लिक स्कूल के प्राचार्य प्रमोद झा, सुशील केसरी, चंदन जायसवाल, संजय सोनी, ने भी अपनी बातों को शिक्षकों के समक्ष रखा। मौके पर चंद्रभूषण सिंह सतीश तिवारी, पीके दुबे बृजेश मिश्रा, कमलेश दुबे, डा आलोक दुबे सहित बड़ी संख्या में निजी शिक्षक उपस्थित थे।

**खुद की कमियां देखो, उन्हें स्वीकार करो, उसमें सुधार करो और जीवन में आगे बढ़ो ; खुद से कभी झूठ मत बोलो।- अज्ञात**



# आदिवासी समाज व झारखंड

***आदिवासी*** सभ्यता-संस्कृति पर अध्ययन कर रहे कई इतिहासकारों का मानना है कि वर्षों तक देश के विभिन्न इलाकों में शासन करने वाले ट्राइबल राजाओं को भारतीय इतिहास में समुचित स्थान नहीं मिल पाया। यह इन दिनों बहस का विषय बना हुआ है। सचमुच देखा जाये तो ऐसा हुआ है। इतिहास और ऐतिहासिक लेखन में आर्य नैरेटिव की जगह इन दिनों आदिवासी नैरेटिव पर नई चर्चा शुरू हुई है। इतिहास लेखन में ट्राइबल नैरेटिव की बात करने वाले इतिहासकारों का मानना है कि देश में एक सुनियोजित तरीके से सदियों पुरानी आदिवासी सभ्यता पर दूसरी संस्कृति हावी होती गई। चाहे वो आदिवासियों के पूजा स्थल अंजन पर्वत के अंजनधाम में बदलने की कहानी हो या फिर सुतियाम्बे में मंदरा मुंडा के साम्राज्य के नागवंशी शासन में बदलने की कहानी हो। इतिहासकारों का मानना है कि एक लंबे कालखंड में आदिवासी देवी-देवताओं और राजाओं की कहानी को वैदिक समाज का हिस्सा बना दिया गया। झारखंड ही नहीं छत्तीसगढ़ की तारा, वज्र डाकिनी और दंतेश्वरी जैसी देवियों की कुछ दशक पहले तक सिर्फ आदिवासी समाज में ही पूजा होती थी, अब इन सभी देवियों को भी हिन्दू संस्कृति से जोड़ कर पूजा-पाठ की एक नई परंपरा की शुरूआत हुई है। रांची में डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान की ओर से 28 से 30 अगस्त तक राष्ट्रीय आदिवासी इतिहास सेमिनार का आयोजन किया गया। बिहार-बंगाल से लोग आये, आदिवासी दूसरे स्थान पर नहीं गये देश के प्रतिष्ठित जेएनयू यूनिवर्सिटी के एसोसिएट एक प्रोफेसर ने आदिवासियों की सभ्यता-संस्कृति के साथ उनके राजनीतिक इतिहास पर गहन अध्ययन किया है। वे कहते हैं कि आखिर क्यों आदिवासियों की जमीन पर हनुमान बनाना आसान है, जबकि आदिवासी समाज के लोग किसी दूसरे स्थान पर सरना स्थल नहीं बना सकते हैं। लोग ऐसा करने भी नहीं देते हैं। आर्य सीमित संख्या में यूरोप से रोजी-रोटी की तलाश में भारत आये। वे असभ्य और बर्बर थे। उस वक्त देश में 16जनपद थे, आदिवासी राजाओं का विशाल साम्राज्य था। लेकिन धीरे-धीरे आदिवासी राजाओं का शासन समाप्त हो गया। कई ऐतिहासिक तथ्यों से यह प्रमाणित भी होता है, जो असभ्य और बर्बर होते हैं, वहीं शासन करते हैं। इसके बावजूद ऐतिहासिक प्रमाण है कि कई आक्रमणकारी और मुस्लिम शासकों के सेनापति आदिवासी ही थे और सेना में बड़ी संख्या में आदिवासी शामिल होते थे। समुद्रगुप्त के शासनकाल में भी झारखंड क्षेत्र में बड़ी संख्या में सेना को भेजा गया, लेकिन यहां उसे सफलता नहीं मिली। जिसके बाद समुद्रगुप्त ने झारखंड के हर गांव में ब्राह्मण परिवारों को भेजना शुरू किया। गांव में ब्राह्मण पहुंचे और मंदिर बनाकर पूजा-पाठ करने लगे। बाद में वे गांव में मुखिया-प्रधान बन गये। आदिवासियों को भी अपनी ओर आकषित करने लगे। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि ब्राह्मणों के कारण आदिवासी समाज भी वैदिक संस्कृति की ओर आकर्षित हुआ। झारखंड का इतिहास यह बताता है कि यहां के आदिवासियों ने अंग्रेजों की भी कभी दासता स्वीकार नहीं की। अनेक लड़ाई लड़ी गई, लेकिन इतिहास में उसे पर्याप्त जगह नहीं मिला। आज जरूरत है कि वर्तमान हेमंत सरकार इन विषयों पर ध्यान देते हुए आदिवासी संस्कृति के इतिहास को स्कूलों के सिलेबस में शामिल कराये। ताकि इस इतिहास को लोग समझ सकें।

**इतिहास और ऐतिहासिक लेखन में आर्य नैरेटिव की जगह इन दिनों आदिवासी नैरेटिव पर नई चर्चा शुरू हुई है। इतिहास लेखन में ट्राइबल नैरेटिव की बात करने वाले इतिहासकारों का मानना है कि देश में एक सुनियोजित तरीके से सदियों पुरानी आदिवासी सभ्यता पर दूसरी संस्कृति हावी होती गई।**

# आखिर कहां जा रहे हैं हम?





आलोक रंजन झा दिनकर

***चंद्रयान-3*** की ऐतिहासिक सफलता पर हर भारतीय को गर्व करना ही चाहिए। यह उपलब्धि बताती है कि सही दिशा में चलने पर हम क्या-क्या नहीं कर सकते हैं? वह भी, जो अब तक कोई नहीं कर पाया है। लेकिन इसके साथ ही घटित हालिया कुछ घटनाओं से हमें शर्मसार व परेशान भी होना चाहिए। एक नागरिक और समाज के रूप में हमें आत्मचिंतन करना चाहिए कि नियंत्रण से बाहर हो गई नफरत आखिर हमें कहां लेकर जा रही है? क्या अशांति की राह पर प्रगति की मंजिल मिलेगी? क्या शांति और सद्भाव के बिना सपने साकार होंगे? अगर नहीं, तो फिर संगठित घृणा अपराध पर चुप्पी क्यों?

प्रसिद्ध ब्रिटिश कवि जॉर्ज गॉर्डन बायरन के मुताबिक, ''जो लोग सवाल नहीं उठाते, वे पाखंडी हैं! जो सवाल नहीं कर सकते, वे मूर्ख हैं! और जिनके मन में सवाल उभरता ही नहीं, वे गुलाम हैं!'' क्या मासूम बच्चों के मन में भेदभाव का जहर घोलने और स्कूल जैसे पाक व पवित्र स्थल में नफरत और हिंसा फैलाने से भी बुरा कुछ हो सकता है? क्या इससे डरावना कुकृत्य कोई हो सकता है कि एक चलती ट्रेन में एक समुदाय विशेष के लोगों को चुन-चुनकर उस शख्स द्वारा गोली मार दी जाती है, जिस पर यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी थी। क्या कोई सभ्य समाज उस वहशीपन के बाद खुद कलंकित और नंगा होने से बच सकता है, जब उसके सामने ही सड़क पर दिनदहाड़े महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया जाता है और फिर उनके साथ सामूहिक बलात्कार की खौफनाक घटना को अंजाम दिया जाता है। जाति और धर्म के नाम पर अंजाम दी जा रही ऐसी घटनाएं बताती हैं कि नफरत ने हमारे जीवन को इस कदर नियंत्रित कर लिया है कि हम जनता से ऐसी बर्बर भीड़ में परिवर्तित हो गए हैं, जो बस एक संकेत मिलते ही; या कभी-कभी स्वतः ही अपनी हजारों साल पुरानी एवं महान सभ्यता-संस्कृति और विरासत को भी चिथड़े-चिथड़े करने में जड़ा सा संकोच नहीं करती है!

महात्मा गांधी और गौतम बुध के देश में नफरत और क्रूरता का सबसे ताजा मामला उत्तर प्रदेश का है, जहां एक निजी विद्यालय में महिला शिक्षक सह स्कूल संचालिका द्वारा एक अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चे की साथी बच्चों द्वारा पिटाई कराई गई। सांप्रदायिक टिप्पणी भी की गई। पीड़ित बच्चे ने कहा, ''मैंने पहाड़ा याद नहीं किया था, इसलिए मेरे सहपाठियों ने मुझे थप्पड़ मारा। ऐसा करने के लिए उनसे टीचर ने कहा था। इसके बाद उन्होंने मुझे एक घंटे तक पीटा।'' यह वीडियो सामने आया तो हड़कंप मच गया, लेकिन इस बर्बर घटना पर कार्रवाई के बजाय राज्य का सारा जोर पीड़ित और आरोपी के बीच समझौता कराने पर रहा। वहीं गुजरात के एक स्कूल की छात्रा के पिता ने स्कूल पर धर्म के आधार पर भेदभाव करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल ने टॉपर्स को सम्मानित किया, लेकिन उनकी बेटी का सम्मान नहीं किया गया, क्योंकि वह मुस्लिम है। इससे पहले अपनी तरह की पहली सांप्रदायिक हिंसा में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक जवान ने महाराष्ट्र के पालघर में जयपुर से मुंबई जा रही ट्रेन में चार लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी। आरपीएफ जवान ने 'धार्मिक बहस' के दौरान पहले अपने स्कॉट ड्यूटी प्रभारी टीका राम मीणा को मारा। इसके बाद तीन अलग-अलग बोगी में एक समुदाय विशेष के तीन लोगों की पहचान कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। इस मामले की गंभीरता को भी कमतर करने की कोशिश की गई। वहीं मणिपुर में दो जातीय समूहों के बीच जारी तनाव के बीच जिस शर्मनाक घटना के वीडियो ने देश और दुनिया को हिला कर रख दिया, उसमें साफ देखा जा सकता है कि एक जाति के प्रभुत्व वाले जिले में दूसरी जाति की 20 व 40 साल की दो महिलाओं को नग्न कर भीड़ द्वारा सड़क पर घुमाया जाता है। इस दौरान कई युवक महिलाओं को जबरन पकड़ते और छेड़खानी करते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, भीड़ ने करीब 50 साल की एक महिला को भी कपड़े उतारने के लिए मजबूर कर दिया था। यही नहीं, सबसे कम उम्र की महिला के साथ दिन के उजाले में भीड़ के सामने सामूहिक बलात्कार भी किया गया। जिस महिला का बलात्कार हुआ है, उसको बचाने की कोशिश कर रहे उसके पिता और भाई को मार दिया गया। इन शर्मनाक व बर्बर घटनाओं में भी कार्रवाई तब शुरू हुई जब वीडियो वायरल हुआ और सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लेकर कड़ा रुख अपनाया। सड़क से संसद तक हंगामा हुआ, लेकिन इसके बावजूद मणिपुर में बने 'गृह युद्ध' जैसे हालात के लिए किसी की जवाबदेही तय नहीं की गई। इसी तरह महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के मामले में भी 'कानून का राज' नजर नहीं आया।

जिस तरह समाज में नफरत की जड़ें गहरी और विभाजन की खाई चौड़ी होती जा रही है, जातीय या धार्मिक भावना के नाम पर मौखिक और शारीरिक हिंसा को दोषमुक्त किया जा रहा है; उससे हमें चिंतित होना चाहिए। संस्थापकों का भारत के बारे में विचार सांप्रदायिक सद्भाव के साथ आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में दूरगामी बदलाव के बारे में था। उनका मानना था मानव जीवन में धर्म की भूमिका को अस्वीकार नहीं किया जा सकता, लेकिन इसका संगठित स्वरूप समाज और देश के लिए खतरा उत्पन्न कर सकता है। अतीत में समाज की दमनकारी प्रकृति के बावजूद प्रतिस्पर्धा की संभावना थी, सांस लेने की जगह थी; सामूहिकताएं एक साथ आ सकती थीं और नफरत फैलाने वालों को समय-समय पर पीछे धकेला जा सकता था। लेकिन आज संस्थागत मंजूरी हिंसा का प्रतीक बन गई है। नफरत और हिंसा नैतिक और सामाजिक मूल्यों पर भारी पड़ गई है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि हमारे संविधान के मौलिक सिद्धांतों और कानून के शासन को 'बहुसंख्यकवाद' के दबाव के अधीन कर दिया गया है!

इससे अजीब विडंबना क्या हो सकती है कि एक ओर हमारा विज्ञान है, जो चांद पर शान से भ्रमण कर रहा है और सूर्य के यथासंभव नजदीक जाना चाहता है, वहीं दूसरी तरफ एक समाज के रूप में हम रसातल में जा रहे हैं! बहरहाल, वर्तमान कठिन हालात में हमें आधुनिक भारत के निर्माता पंडित जवाहर लाल नेहरू के इस कथन पर गंभीरता से सोचना चाहिए कि शांति के बिना सभी सपने गायब हो जाते हैं और राख में मिल जाते हैं।

**अतीत में समाज की दमनकारी प्रकृति के बावजूद सामूहिकताएं एक साथ आ सकती थीं, नफरत को पीछे धकेला जा सकता था; लेकिन आज संस्थागत मंजूरी हिंसा का प्रतीक बन गई है। क्या शांति व सद्भाव के बिना सपने साकार होंगे?**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### आइये सुने कथा महान धनुर्धर एकलव्य की

***एकलव्य*** ने अपने प्राण तक देने की बात कर दी। गुरु दक्षिणा में गुरु द्रोण ने अंगूठे की मांग की जिससे कहीं एकलव्य सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर ना बन जाये अगर ऐसा हुआ तो अर्जुन को महान धनुर्धर बनाने का वचन झूठा हो जायेगा। एकलव्य ने बिना हिचकिचाहट अपना अंगूठा गुरु को अर्पित कर दिया। इसके बाद एकलव्य को छोड़ कर सब चले गये। एक पुरानी कथा के अनुसार इसका एक सांकेतिक अर्थ यह भी हो सकता है कि एकलव्य को अतिमेधावी जानकर द्रोणाचार्य ने उसे बिना अँगूठे के धनुष चलाने की विशेष विद्या का दान दिया हो। कहते तो ये भी हैं कि अंगूठा कट जाने के बाद एकलव्य ने तर्जनी और मध्यमा अंगुली का प्रयोग कर तीर चलाने लगा। यहीं से तीरंदाजी करने के आधुनिक तरीके का जन्म हुआ। अतः एकलव्य को आधुनिक तीरंदाजी का जनक कहना उचित होगा। निःसन्देह यह बेहतर तरीका है और आजकल तीरंदाजी इसी तरह से होती है। बाद में एकलव्य श्रृंगबेर राज्य वापस आ गये और वहीं रहने लगे। पिता की मृत्यु के बाद वहां का शासक बन गये और अमात्य परिषद की मंत्रणा से वह न केवल अपने राज्य का संचालन करते, बल्कि निषाद भीलों की एक सशक्त सेना और नौसेना गठित कर ली और अपने राज्य की सीमाओं का विस्तार किया। इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार निषाद वंश का राजा बनने के बाद एकलव्य ने जरासंध की सेना की तरफ से मथुरा पर आक्रमण कर यादव सेना का लगभग सफाया कर दिया था। यादव वंश में हाहाकर मचने के बाद जब कृष्ण ने दाहिने हाथ में महज चार अंगुलियों के सहारे धनुष बाण चलाते हुए एकलव्य को देखा तो उन्हें इस दृश्य पर विश्वास ही नहीं हुआ। एकलव्य अकेले ही सैकड़ों यादव वंशी योद्धाओं को रोकने में सक्षम था।

(क्रमशः)

# सनातन पर आघात उन्मादी है ये जमात



सुरेश हिन्दुस्तानी

***वर्तमान*** में भारत देश की सर्वग्राही संस्कृति पर सुनियोजित आक्रमण करके समाज में बिखराव पैदा करने का खेल चल रहा है। हालांकि यह भी सर्वविदित है कि इस प्रकार की स्वार्थी मानसिकता के लोग हमेशा ही समाज के बीच रहते चले आये हैं। ऐसे ही लोग देश की मजबूत सांस्कृतिक विरासत को मिटाने का कुत्सित प्रयास करते दिखाई देते हैं। यह जानबूझकर उन्माद के शोले भड़काते हैं। आज विसंगति यह है कि कुछ राजनेता भी भारत की पहचान को प्रकट करने वाली सनातन आस्था पर कुठाराघात कर रहे हैं। इस जमात में तमिलनाडु के मंत्री और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन भी शामिल हो गये हैं। उनके सनातन धर्म को लेकर दिये अतिरंजित बयान पर विवाद होना ही था। यह सीधे-सीधे सनातनी समाज को चुनौती है। इसका हर मंच पर मुखर प्रतिरोध होना चाहिए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तो मुंबई में हद ही कर दी। उन्होंने कांग्रेस के तथाकथित विपक्षी एकता के मंच पर तिलक लगवाने से इनकार कर दिया। यह ममता का निजी मामला है कि वह तिलक लगाएं या न लगवाएं, लेकिन सार्वजनिक रूप से ऐसा करके उन्होंने सनातनी परंपरा को चोट पहुंचाई है। अभी हाल ही में विवादास्पद बयान देकर सुर्खियों में बने रहने की कुटिल राजनीति करने वाले एक नेता (सही अर्थों में यह नेता नहीं) स्वामी प्रसाद मौर्य ने अत्यंत संकीर्णता का परिचय देकर अपनी अज्ञानता का परिचय दिया, जिसे देश की जनता ने सुना भी और देखा भी। लेकिन ऐसा लगता है कि ऐसे ही लोग देश को मजबूत होते देखना नहीं चाहते। कहा जाता है कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। सत्य को कितना भी झुठलाने का प्रयास किया जाय, लेकिन एक दिन वह सूरज की तरह सारे अंधकार को समाप्त करने की क्षमता रखता है। भारत की सनातन आस्था पर जब भी हमला किया जाता है, तब कुछ लोग आंख बंद करके तमाशा देखने की मुद्रा में आ जाते हैं, लेकिन यह भी सत्य है कि यह कृत्य दुस्साहस करने वालों के हौसलों को बढ़ाने का ही काम करता है। इसलिए अब तटस्थ रहने का समय नहीं, कुछ करने का समय है। वर्तमान में भारत देश में जिस प्रकार से आस्था के विषय को लेकर राजनीति की जा रही है, उससे देश में असामंजस्य का भाव पैदा हो रहा है। इस भाव के कारण कई प्रकार की विसंगति निर्मित हो रही हैं। देश में जितने भी धर्म या संप्रदाय हैं, उनकी मान्यताओं का सम्मान किया जाना संवैधानिक अधिकार भी है और हिन्दुस्थान की मान्यताओं का सांस्कृतिक परिवेश भी। संवैधानिक अधिकारों के तहत हर किसी को अपना वक्तव्य प्रसारित करने का अधिकार है, लेकिन इन अधिकारों में अगर किसी भी व्यक्ति के विचार या धर्म पर कुठाराघात होता है, तब यह अधिकार का दुरुपयोग ही माना जायेगा। वास्तव में हमारे देश में अधिकारों का दुरुपयोग कई अवसरों पर देखा जा रहा है। चाहे वह सांस्कृतिक मुद्दा हो या धार्मिक। हर बात पर राजनीति की जाती रही है। भारत में सभी धर्मों का सम्मान किये जाने के लिए कानून भी बना है, लेकिन जिस प्रकार से इन कानूनों का मजाक उड़ाया जाता रहा है, उससे देश की अस्मिता तार-तार हो रही है। असहिष्णुता के नाम पर राजनीतिक दलों ने जिस प्रकार का खेल खेला है, उससे स्थिति और बिगड़ेगी ही। इसके अलावा राजनीतिक दलों को करना यह चाहिए था कि ऐसे मुद्दों पर पूरे देश की भावना के अनुसार ही काम हो। लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी सहित कई राजनीतिक दलों ने हमेशा ही राजनीति की है। भारत में मौलिक अधिकारों के लिए संवैधानिक प्रावधान हैं, लेकिन यह बात हर एक पर लागू हो, तब ही सही मायने में इसकी प्रासंगिकता और उपादेयता मानी जायेगी। वर्तमान में हमारे देश में देखा जा रहा है कि हमारी सांस्कृतिक विरासत के रूप में स्थापित मान बिन्दुओं पर जमकर कुठाराघात किया जा रहा है। इससे समाज की भावनाएं भी आहत हो रही हैं।

**कहा जाता है कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। सत्य को कितना भी झुठलाने का प्रयास किया जाय, लेकिन एक दिन वह सूरज की तरह सारे अंधकार को समाप्त करने की क्षमता रखता है।**

**सनातन**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# गुरुकुल के अनुरुप शैक्षणिक परिवेश



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

***उत्तर*** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक और संकल्प सिद्ध हुआ। श्रमिकों के बच्चों को शिक्षित करने के उद्देश्य से उन्होंने अटल आवासीय विद्यालय बनाने की योजना शुरू की थी। सभी 18 मंडलों में इन विद्यालयों का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ। पहले चरण में प्रदेश के 18 मंडलों में एक-एक विद्यालय की स्थापना हुई है। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा बचे हुए सत्तावन जनपदों में इसी तर्ज पर एक एक विद्यालय स्थापित किया जा रहा है। इन विद्यालयों के निर्माण सम्बन्धी कार्य पूरे हो चुके हैं। इनका पहला सत्र शीघ्र प्रारम्भ होगा। योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर गुरुवार्ता संगम कार्यक्रम को संबोधित किया। अटल आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को एडमिशन किट वितरित की गई है। उन्होंने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय भारत की प्राचीन गुरुकुल जैसी परम्परा की शुरूआत है। गुरुकुल परम्परा ने भारत को शिक्षा तथा समृद्धि के क्षेत्र में विश्वगुरु बनाया था। इन विद्यालयों की स्थापना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा, श्रद्धेय अटल का नाम, तथा पं दीनदयाल उपाध्याय जी का संकल्प है। अटल आवासीय विद्यालय सभी सुविधाओं से युक्त विश्वस्तरीय विद्यालय हैं। अटल आवासीय विद्यालयों का उद्देश्य समाज के सबसे पिछड़े तथा अन्तिम पायदान से बच्चों की प्रतिभाओं को शिक्षित तथा प्रशिक्षित कर उन्हें गरिमामयी जीवन जीने के योग्य बनाना है। इन विद्यालयों में सामान्य बच्चों को भी प्रवेश दिया जायेगा। अटल आवासीय विद्यालयों के भवन उच्च श्रेणी के बनाये गये हैं। इन विद्यालयों का परिसर करीब पंद्रह एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है। इन विद्यालयों में शिक्षा के साथ ही स्किल डेवलपमेंट तथा खेलकूद की गतिविधियों के लिए भी स्थान है। यहां बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग छात्रावास भी हैं। योगी आदित्यनाथ अनेक अवसरों को विकास से जोड़ने के प्रति सजग है। उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस भी उसके लिए ऐसा ही अवसर रहा है। 24 जनवरी को यह स्थापना दिवस मनाया जाता है। योगी आदित्यनाथ ने स्थापना दिवस को भी विकास का अवसर बना दिया। ऐसे ही स्थापना दिवस पर उन्होंने अटल आवासीय विद्यालय बनाने की घोषणा की थी। पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने सरकार को उत्तर प्रदेश दिवस आयोजित करने का सुझाव सपा सरकार को दिया था। लेकिन उसने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई। योगी आदित्यनाथ जब मुख्यमंत्री बने तब उन्होंने इस ओर ध्यान दिया। उन्होंने 24 जनवरी को न केवल उत्तर प्रदेश दिवस मनाने का निर्णय किया, बल्कि इसे उत्तर प्रदेश के विकास से जोड़ दिया। विश्वकर्मा पुरस्कार की यही प्रतिध्वनि थी। धीरे धीरे इसका विस्तार पूरे प्रदेश में किया गया। लखनऊ में सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य आयोजन होता है। अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर सभी 18 कमिश्नरी में अटल आवासीय विद्यालयों का शुभारंभ किया गया। इससे पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों व निराश्रित बच्चों हेतु भी आवासीय विद्यालय उपलब्ध होंगे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विद्यालयों में नियमित मॉर्निंग असेम्बली होनी चाहिए। प्रार्थना सभा में सभी बच्चे सम्मिलित हों। यहां भारत की परम्पराओं के विषय में जानकारी दी जाए। विद्यार्थियों को किसी भी राष्ट्रीय पर्व अथवा आध्यात्मिक आयोजन से पहले इनके महत्व के विषय में बताया जाना चाहिए। त्योहारों के आध्यात्मिक व धार्मिक पक्ष होते हैं। त्योहारों के प्रेरणादायी पक्षों से विद्यार्थियों को अवगत कराया जाना चाहिए। विद्यालय का परिसर तथा प्रवेश द्वार आध्यात्मिक वातावरण से परिपूर्ण होना चाहिए। इसके लिए अलग-अलग प्रकार के वृक्षों को लगाया जाना चाहिए। विद्यालय में पुष्पदार पौधे लगाये जाने चाहिए। अलग-अलग जगह पर आम्र वाटिका, जामुन वाटिका, अमरूद वाटिका आदि वाटिकाएं विकसित की जानी चाहिए।

**गुरुकुल परंपरा ने भारत को शिक्षा तथा समृद्धि के क्षेत्र में विश्वगुरु बनाया था। इन विद्यालयों की स्थापना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, श्रद्धेय अटल का नाम, तथा पं दीनदयाल उपाध्याय जी का संकल्प है।**

**गुरुकुल**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## NEWS इन ब्रीफ

### पिकनिक मनाने गए दो युवक जलप्रपात में डूबे, शव बरामद

**कवर्धा।** कवर्धा जिले के बोडला थानांतर्गत पर्यटन स्थल रानीदहरा जलप्रपात में पिकनिक मनाने गए दो युवकों की मौत हो गई है। रविवार सुबह पुलिस व गोताखोर की मदद से दोनों का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जलप्रपात में दोनों की डूबने से मौत हुई है। बताया जा रहा है कि नहाते दोनों युवक गहराई में जा समाए। 2 सितंबर शनिवार शाम 5 बजे 10 दोस्त पिकनिक मनाने गए थे। नहाने के दौरान दो युवक डूब गए। बाकी दोस्तों ने परिजनों व पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंचकर तलाश की, चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बावजूद दोनों की लाश नहीं मिली थी। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह दोनों युवकों का शव जलप्रपात से बाहर निकाला गया। दोनों युवक कवर्धा शहर के निवासी थे। मृतक युवक का नाम राहुल ठाकुर और शुभम झारिया बताया जा रहा है। 10 दोस्त एक साथ पिकनिक मनाने गए थे, जिसमें से रानी दहरा जलप्रपात से आठ दोस्त बाहर आ गए थे। राहुल व शुभम काफी देर तक जब बाहर नहीं निकले तो दोस्तों ने पुलिस को सूचित किया।

### ई-रिक्शा को कार ने मारी टक्कर, बच्चे की मौत, तीन घायल

**देवास।** शहर के मधु मिलन चौराहे पर शनिवार की रात एक तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में ई रिक्शा में सवार एक पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। ई रिक्शा में सवार सभी लोग एक ही परिवार से है। हादसे के बाद आरोपित वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, इंदौर के देवनगर राजमोहल्ला निवासी आशीष फतरोड़ अपने परिवार के साथ रक्षाबंधन मनाने के लिए अपनी मौसी के घर देवास जाने के लिए निकले थे। इस दौरान रात करीब 11 बजे देवास पहुंचते ही मधु मिलन चौराहे पर भोपाल पासिंग एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा में सवार आशीष फतरोड़, आनंद मेवाती और आरती मामूली रुप से घायल हो गए, जबकि उनके साथ रिक्शा सवार पांच साल का मासूम यश गंभीर रुप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई है।

### किसान हत्या मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार, हथियार बरामद

**भागलपुर।** पुलिस जिला नवगछिया के नदी थाना क्षेत्र में बीते 24 अगस्त को हुए किसान रामशरण यादव के हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। उक्त आशय की जानकारी रविवार को नवगछिया एसपी सुशांत कुमार सरोज ने दी। एसपी ने बताया कि बीती 24 अगस्त को नदी थाना के चौकीदार के द्वारा थानाध्यक्ष नदी को सूचना प्राप्त हुई कि कहारपुर दियारा में महंथजी के बासा पर सो रहे किसान रामशरण यादव (37 वर्ष) की हत्या गोली मारकर कर दी गई है। मृतक की माता नगया देवी के लिखित आवेदन के आधार पर नदी थाना में अंतर्गत प्राथमिक अभियुक्त सुजीत यादव, राजा यादव एवं अन्य के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अनुसंधान के क्रम में 02 सितंबर को कांड के प्राथमिक अभियुक्त सुजीत यादव और सकला उर्फ सकलदेव यादव को कब्जे में लेकर पूछताछ किया गया। दोनों अभियुक्तों ने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया तथा दोनो अभियुक्त के निशानदेही पर उक्त किसान की हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद किया गया। इस दौरान पुलिस ने दो देशी कट्टा, 303 बोर का तीन जिन्दा कारतुस, 315 बोर एक मिस फायर राउंड, एक खोखा, घटनास्थल से गोली का अग्रभाग और दो किपैड मोबाइल बरामद किया है।

`सीएम योगी ने जनता दर्शन कार्यक्रम में अधिकारियों को दिए निर्देश, कहा

# समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें

**एजेंसी। गोरखपुर**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन दिवसीय दौरे पर गोरखपुर में हैं। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे के तीसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों की समस्याओं को जाना सुना और उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के दिन की शुरूआत पूजा-पाठ और गौ सेवा से हुई। इसके बाद वे गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवा आश्रम में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में पहुंचे। यहाँ पहले से ही बैठाये गये समस्याओं से पीड़ित लोगों से मिले। एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना और मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को समस्या निवारण का निर्देश देते रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हिदायतें भी दी और कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता न बरती जाए। हर समस्या का त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात की। आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कई महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की समस्या घरेलू जमीन विवाद की थी तो कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पारिवारिक सम्पत्ति विवाद का निस्तारण पहले दोनों पक्ष के बीच बातचीत कराकर किया जाए। न होने पर कानूनी तरीके से हल निकाला जाए। जमीन कब्जा की शिकायत पर उन्होंने कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो उदाहरण बने। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को उन्होंने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया। उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### सीएम भूपेश कल कृषि कॉलेज के नवनिर्मित भवन का करेंगे उद्घाटन

**रायपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश मंगलवार पांच सितम्बर को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित संत विनोबा भावे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, मर्रा, पाटन के नवनिर्मित महाविद्यालय भवन, हाईटेक नर्सरी, टिश्यू कल्चर प्रयोगशाला, इम्प्लीमेंट शेड, बीज भण्डार गृह एवं कृषक विश्राम गृह का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता ताम्रध्वज साहू, मंत्री कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, गृह, जेल, लोक निर्माण, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन विभाग छत्तीसगढ़ शासन करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहम्मद अकबर, मंत्री परिवहन, वन, मौसम, आवास एवं पर्यावरण, कानून विभाग छत्तीसगढ़ शासन, रविन्द्र चौबे, मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास, संसदीय कार्य, डॉ. कमलप्रीत सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. अजय वर्मा मौजूद रहेंगे।

रैगिंग से छात्र की मौत का मामला

## यूजीसी की एंटी-रैगिंग टीम आज जायेगी जेयू

**एजेंसी। कोलकाता**



दस अगस्त को एक छात्र की रैगिंग से हुई मौत के मामले में जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) की तीन रिपोर्टों से असंतुष्ट विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने जांच के लिए विवि में एंटी-रैगिंग टीम भेजने का फैसला किया है। यह टीम सोमवार को जादवपुर विश्वविद्यालय पहुंचेगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने पहले ही इस संबंध में जेयू अधिकारियों को सूचना भेज दी है। उन?होंने कहा है कि फील्ड विजिट के दौरान आयोग के एंटी-रैगिंग सेल के सदस्य विश्वविद्यालय विभाग के सदस्यों और छात्रों के साथ अलग-अलग बातचीत करेंगे। जेयू के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि आयोग का मुख्य उद्देश्य एक गहन सर्वेक्षण करना है कि आयोग द्वारा निर्धारित एंटी-रैगिंग दिशानिर्देशों को जेयू में कितना लागू किया गया है। साथ ही मामले को लेकर स्पष्टीकरण भी प्राप्त करना है। इस संबंध में विश्वविद्यालय की तरफ से आयोग को पहले तीन रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। इस बीच जेयू के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि विश्वविद्यालय के परिसर में 26 सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए निविदा जारी करने के बावजूद इस पर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है। जेयू के अंतरिम कुलपति बुद्धदेव साव द्वारा बुलाई गई सभी हितधारकों की बैठक में छात्र प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय अधिकारियों से उन सटीक बिंदुओं पर लिखित घोषणा मांगी है जहां सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जेयू विभाग के एक सदस्य ने बताया कि यह एक प्रमुख बिंदु होगा जहां विवि के अधिकारियों को यूजीसी की एंटी-रैगिंग टीम को कई स्पष्टीकरण देने होंगे।

## भारत की अस्मिता को खत्म करना है 'इंडिया' का एजेंडा : गिरिराज

**एजेंसी। बेगूसराय**



केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के पुत्र उदय निधि स्टालिन द्वारा हिंदू धर्म को डेंगू मलेरिया की तरह खत्म करने की बात पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इंडिया गठबंधन पर जोरदार हमला किया है।

अपने संसदीय क्षेत्र बेगूसराय के प्रवास पर आए गिरिराज सिंह ने रविवार को कहा है कि लालू यादव और नीतीश कुमार ने बिहार में हिंदुओं की छुट्टी रद्द करने के बाद मुंबई में हिंदू सनातन समाप्त करने का एजेंडा बना लिया है। स्टालिन के पुत्र उदय निधि ने हिंदू धर्म को डेंगू और मलेरिया की तरह समाप्त करने की बात कही है, क्या अब इंडिया का यही एजेंडा है। लालू और नीतीश जबाब दें कि मुंबई में इंडिया गठबंधन का जो मीटिंग किया है, क्या उसका स्पोक पर्सन स्टालिन के बेटे को बनाया है कि सनातन धर्म को खत्म कर देना चाहिए। लगता है इसी योजना के तहत बिहार में भी हिंदू की धार्मिक छुट्टियों को कम किया गया है। वह बिहार की जनता और देश की जनता को बताएं कि क्या हिंदू धर्म को खत्म कर देना ही इंडिया गठबंधन का एजेंडा है। गिरिराज सिंह ने कहा कि यह लोग कभी स्टालिन के मुंह से बुलवाएं, बिहार में छुट्टियां बंद करें, यह साजिश हिंदू समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। लालू यादव की नौटंकी नहीं चलेगी, यह लोग हिंदुओं को जात में बांटकर अपनी राजनीति करना चाहते हैं। उन्होंने राजस्थान के सीकर में बागेश्वर धाम के संत धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा सनातन धर्म को लेकर दिए गए बयान की भी प्रशंसा की है।

## भाजपा कुछ भी कर ले उसे आशीर्वाद में नहीं मिलेगा जनता का वोट : कमलनाथ

**एजेंसी। भोपाल**



मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी जन आशीर्वाद यात्रा निकाल रही है। इस पर तंज कसते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमल नाथ ने कहा है कि भाजपा कुछ भी कर ले, उसे जनता का वोट रूपी आशीर्वाद हासिल नहीं होगा। जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर कमलनाथ ने कहा है, आज भाजपा को जन आशीर्वाद यात्रा करके जनता तक जाने की जरूरत इसलिए पड़ रही है क्योंकि उनके काम जनता तक नहीं पहुँचे। अगर भाजपा जनता के बीच क्षमाप्रार्थी बनकर जाएगी तो आशा है मध्यप्रदेश की बड़े दिलवाली जनता औपचारिकतावश उनकी यात्रा को पानी तो पिला दे, लेकिन भाजपा को वोट रूपी आशीर्वाद जनता फिर भी नहीं देगी। कमलनाथ ने आगे कहा, मप्र को पिछले 20 सालों में पीछे धकेलने के बाद क्या अब भाजपा का अपराध बोध जागा है जो जनता के बीच जा रही है। दो दशकों में तो मप्र इतना शक्तिशाली हो जाना चाहिए था कि जनता को लुभाने के लिए झूठी घोषणा-पर-घोषणा नहीं करनी पड़ती। कमलनाथ ने कहा है कि मप्र में भाजपा दो रिकार्ड बनाने जा रही है उनमें एक है सबसे ज्यादा झूठी घोषणाओं का और दूसरा है सबसे ज्यादा वोटों से हारने का। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता डबल इंजन की सरकार के धोखे और झूठे दावों के अब पूरी तरह से समझ चुकी है और झांसे में आनेवाली नहीं है। प्रदेश की जनता ने अब मन बना लिया है कि इस सरकार को सत्ता से बेदखल करना है। भाजपा भी इस बात को समझ गई है इसीलिए लगातार वादे किए जा रहे हैं।

## मायावती ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग शुरू की

**एजेंसी। लखनऊ**



बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की अध्यक्ष मायावती ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग शुरू कर दी है। लोकसभा चुनाव समय से पहले होने की आशंका के चलते मायावती ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और झारखंड में उम्मीदवारों के चयन को लेकर पार्टी नेताओं के साथ बैठक की। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायवती ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, "पार्टी जनता के बीच अपनी पहुंच बढ़ाने के साथ-साथ अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग शुरू कर दी है। मायावती ने पार्टी नेताओं से फिजूलखर्च अभियानों से परहेज करने को कहा है। उनका कहना है कि इसके बजाय वह ग्रामीण इलाकों और 'सर्व समाज' या विभिन्न समुदायों के लोगों के बीच पार्टी की पहुंच बढ़ाने के लिए कैडर कैंप और छोटी सार्वजनिक बैठकें आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित करें। बसपा ने 23 अगस्त को लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय बैठक में फैसला लिया था, "लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में जमीनी स्तर पर अपना आधार मजबूत करने के लिए कैडर कैंप रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनेंगे।" बसपा ने उत्तर प्रदेश में चार बार सरकार बनाई है, लेकिन पार्टी के ग्राफ में साल 2012 के बाद से गिरावट आ रही है। इसलिए, बसपा का ध्यान अपने मुख्य मतदाताओं, दलितों को वापस लाने पर है, जो वर्षों से अन्य दलों की ओर चले गए हैं।सूत्रों के अनुसार, बसपा नेताओं को हर कैडर कैंप में कम से कम 500 दलितों की मौजूदगी सुनिश्चित करने को कहा गया है। ये शिविर पार्टी के मौजूदा सैनिकों को सक्रिय करने और पार्टी की विचारधारा को मजबूत कर नए कार्यकताओं को जोड़ने का काम करते हैं। अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी में शामिल करने पर भी फोकस है।

## राजकीय विवि शिक्षा विभाग का निर्देश मानने के लिए बाध्य नहीं: राज्यपाल

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के कार्यालय द्वारा जारी ताजा अधिसूचना से राज्य विश्वविद्यालयों पर राज्य सरकार के अधिकार के स्तर को वस्तुतः शून्य पर लाने से गवर्नर हाउस और राज्य सचिवालय के बीच टकराव का एक और रास्ता खुल गया है। अधिसूचना में साफ तौर पर कहा गया है कि सभी राज्य विश्वविद्यालयों के फैकल्टी और नॉन फैकल्टी स्टाफ पहले चांसलर और फिर वाइस चांसलर के प्रति जवाबदेह हैं. राज्यपाल स्वयं अपने पद के आधार पर सभी राज्य विश्वविद्यालयों के चांसलर भी होते हैं। गवर्नर हाउस की ताजा अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि राज्य सरकार राज्य विश्वविद्यालयों के अधिकारियों को निर्देश दे सकती है, लेकिन वे निर्देश विश्वविद्यालयों के अधिकारियों या कर्मचारियों के लिए बाध्यकारी नहीं हैं। अधिसूचना में यह भी बताया गया है कि राज्य सरकार या राज्य शिक्षा विभाग से किसी भी राज्य विश्वविद्यालय को कोई भी निर्देश तभी मान्य होगा जब उसे वाइस चांसलर द्वारा मंजूरी दे दी जाएगी। राज्यपाल ने 1 सितंबर को घोषणा की कि वह राज्य विश्वविद्यालयों के चांसलर के रूप में उन राज्य विश्वविद्यालयों के लिए अंतरिम वाइस चांसलर की भूमिका निभाएंगे जहां वर्तमान में कार्यात्मक प्रमुखों की कुर्सियां खाली हैं। इस फैसले की राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने तीखी आलोचना की। उन?होंने कहा कि राज्य सरकार इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी। हालांकि, विपक्षी भाजपा ने इस कदम को राज्य सरकार द्वारा उन पर थोपे गए राजनीतिक निर्णयों से मुक्त विश्वविद्यालयों की स्वायत्त प्रकृति को सुरक्षित करने के लिए सही दिशा में एक कदम बताया है।

**राजनीति** जातीय गणना के सियासी धार को कुंद करने के लिए 'छुट्टी' कटौती का बवंडर

# भाजपा हिंदुत्व के मुद्दे के जरिए साध रही निशाना

**एजेंसी। पटना**



देश में भले ही विपक्षी दलों के गठबंधन को लेकर रणनीति बनाई जा रही हो, लेकिन बिहार में इसका प्रयोग सफल रहा है और महागठबंधन की सरकार चल रही है। इधर, महागठबंधन की सरकार बनने के बाद अकेले पड़ चुकी भाजपा को भी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा और लोजपा (रामविलास) के रूप में नए सहयोगी मिल चुके हैं, ऐसे में दोनों गठबंधन अब आगामी चुनाव को लेकर मुद्दे की तलाश कर रहे हैं। बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन जहां जातीय गणना को लेकर भाजपा को घेरने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ने अपने हिंदुत्व के मुद्दे को शिक्षा विभाग द्वारा पर्व त्योहारों की छुट्टी में कटौती को सनातन संस्कृति और हिंदुओं को अपमान से जोड़कर हवा देने की कोशिश कर रही है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमारभी प्रत्येक 10 साल पर होने वाली जनगणना को नहीं कराए जाने पर केंद्र सरकार को घेरने में जुटे हैं तो जदयू और राजद के नेता भाजपा को जातीय गणना विरोधी बताकर कटघरे में खड़ा करने को लेकर व्यग्र हैं। एनडीए के शासनकाल में ही बिहार में जातीय गणना कराने की योजना बनी थी और कैबिनेट में इसपर मुहर लगाई गई थी। जदयू के मुख्य प्रवक्ता और पूर्व मंत्री नीरज कुमार ने कहा कि अगर भाजपा जातीय गणना की इतनी पक्षधर है तो देश में जातीय गणना क्यों नहीं कराना चाहती। उन्होंने आगे कहा कि सामाजिक, आर्थिक गणना को तो छोड़िए, भाजपा की सरकार देश में जनगणना भी नहीं करा रही है। विश्व में अमेरिका और पाकिस्तान ने भी अपने यहां जनगणना करा ली है, ऐसे में भाजपा देश में जनगणना नहीं करने को लेकर बहाना क्यूं बना रही है? कुमार ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि कहीं ऐसा तो नहीं कि संविधान के तहत दलितों को मिलने वाले संसद और विधानमंडलों में उनकी सीटों की तादात नहीं बढ़े, इसको लेकर जनगणना नहीं करा रही?इधर, जदयू ने जाति आधारित गणना को रोकने की साजिश तथा केंद्र सरकार की कुछ नीतियों के खिलाफ शुक्रवार को पोल-खोल अभियान शुरू किया है। राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी कहते हैं कि जातीय गणना को लेकर भाजपा द्वारा उठाए गए कदमों को देख लें, आपको साफ लगेगा कि भाजपा कभी भी जातीय गणना के पक्ष में नहीं रही है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि इसकी पोल सर्वोच्च न्यायालय में खुल गई है। इस बीच, भाजपा जहां जातीय गणना को लेकर भी सरकार पर पलटवार करती नजर आ रही है, वहीं हाल ही में सरकारी स्कूलों में पर्व त्योहार में छुट्टी कटौती को लेकर भी मोर्चा खोल दिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी कहते हैं कि नीतीश कुमार की सरकार हो या पार्टी, दोनों बिहार में सिर्फ नौटंकी कर रही है। उन्होंने कहा कि जदयू जातीय सर्वे को लेकर आंदोलन कर रही हैं, लेकिन सवाल है कि उन्हें जातीय सर्वे की रिपोर्ट जारी करने से रोका किसने है। वे रिपोर्ट जारी क्यों नहीं कर रहे। भाजपा नेता ने कहा कि ईबीसी आयोग की रिपोर्ट एक साल बाद भी जारी नही की गई, सवर्ण आयोग की रिपोर्ट के आधार पर कोई काम नही हुआ। चौधरी ने साफ शब्दों में कहा कि नीतीश जातीय सर्वे की रिपोर्ट जारी करना नहीं चाहते, इसलिए सिर्फ नौटंकी कर रहे हैं। इधर, भाजपा स्कूल में छुट्टी कटौती को लेकर मुखर है। विधानसभा में विरोधी दल के मुख्य सचेतक जनक सिंह ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पहले से तय छुट्टी में कटौती नहीं होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि यह सनातन धर्मावलंबियों का अपमान है।

उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर जब हिंदुओं के पर्व त्योहार के सीजन की शुरूआत हुई तभी सरकार को छुट्टी कटौती की याद कहां से आ गई। उन्होंने कहा कि यह तुष्टिकरण नहीं तो और क्या है? बहरहाल, जहां सत्ताधारी गठबंधन जातीय गणना को लेकर भाजपा को कठघरे में खड़ा करने की पुरजोर कोशिश कर रही है, वहीं गठबंधन के इस सियासी धार को कुंद करने का एनडीए गठबंधन को स्कूलों में छुट्टी कटौती के रूप में हथियार मिल गया है। भाजपा इसके जरिए अपने हिंदुत्व के मुद्दे को हवा दे रही है, ऐसे में देखने वाली बात होगी कि कौन अपने मकसद में कितना सफल होता है।

### ट्रेलर के कुचलने से युवक की मौत, एक महिला घायल

**भिलाई।** भिलाई में एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने रविवार को रायपुर-भिलाई एनएच 56 में महिला सहित दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी तेज थी कि इसमें युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसका इलाज जिला अस्पताल दुर्ग में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गंगा सागर यादव (38) पुत्र जंगली यादव जोन तीन खुसीपार में शर्मा आश्रम के पास रहता था। वह रात में गार्ड की ड्यूटी और दिन में कबाड़ बीनने का काम करता था। रविवार दोपहर एक बजे के करीब पावर हाउस चौक दुर्गा धर्म कांटा के पास सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान ट्रेलर ने दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर से महिला दूर जा गिरी, जबकि गंगा सागर ट्रेलर के नीचे आ गया। आसपास मौजूद लोगों ने खुसीपार पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी उमेंद कुमार टंडन टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने गंगा सागर को मृत घोषित कर दिया।

# एशिया कप : नेपाल पर बड़ी जीत से सुपर चार में जगह बनाने उतरेगा भारत

**एजेंसी। पालेकल (श्रीलंका)**

पाकिस्तान के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद भारत का सामना सोमवार को यहां नेपाल से होगा जिसमें रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम बड़ी जीत दर्ज करके एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर चार में अपनी जगह पक्की करने के लिए उतरेगी। पाकिस्तान ग्रुप ए से पहले ही सुपर चार में जगह बना चुका है। उसके दो मैचों में तीन अंक हैं। पाकिस्तान के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द होने से भारत का एक अंक है। यदि सोमवार को होने वाला मैच भी बारिश की भेंट चढ़ जाता है तो भारत दो अंकों के साथ सुपर चार में पहुंच जाएगा लेकिन रोहित शर्मा और उनके साथी निश्चित तौर पर इस तरह से आगे नहीं बढ़ना चाहेंगे।

पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भारत के लिए कुछ सकारात्मक पहलू रहे, जिन्हें वह टूर्नामेंट में आगे भी जारी रखना चाहेगा।




पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ ने भारत का शीर्ष क्रम थर्राकर एक समय उसका स्कोर चार विकेट पर 66 रन कर दिया था। लेकिन अपने वनडे करियर में पहली बार पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने पांचवें विकेट के लिए 138 रन जोड़कर भारत का स्कोर 266 रन तक पहुंचाया।

किशन ने विशेषकर प्रभावशाली बल्लेबाजी की और शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के नहीं चलने के बाद एक छोर संभाले रखा। किशन पांचवें नंबर पर चल पाएंगे या नहीं, इसको लेकर संदेह व्यक्त किया जा रहा था लेकिन उन्होंने परिस्थितियों के अनुसार रक्षात्मक और आक्रामक खेल का सुंदर नजारा पेश करके साबित किया कि वह मध्यक्रम में भी सफल हो सकते हैं। नेपाल का गेंदबाजी आक्रमण पाकिस्तान की तरह मजबूत नहीं है और ऐसे में किशन आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके अपने नाम के आगे कुछ रन जोड़ना चाहेंगे। इसी तरह से पांड्या की अर्धशतकीय पारी से टीम प्रबंधन खुश होगा। उन्होंने पहले किशन के सहयोगी की भूमिका बखूबी निभाई और बाद में आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की।

पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों के सामने भारत के चोटी के चार बल्लेबाज रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर नहीं चल पाए और टीम प्रबंधन चाहेगा कि यह चारों बल्लेबाज जल्द से जल्द खुद को वनडे क्रिकेट के अनुकूल ढाल दें। रोहित और कोहली को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे श्रृंखला में विश्राम दिया गया था जबकि अय्यर चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। इन तीनों बल्लेबाजों के पास नेपाल के खिलाफ बड़ा स्कोर बनाने का मौका होगा।

भारत को हालांकि यह निराशा होगी उसके गेंदबाजों को पाकिस्तान के बल्लेबाजों के सामने अपना कौशल दिखाने का मौका नहीं मिला। टीम प्रबंधन यह देखने के लिए बेताब होगा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 10 ओवर करने और 50 ओवर तक क्षेत्ररक्षण करने में किस हद तक सक्षम हैं। नेपाल टूर्नामेंट के पहले मैच में पाकिस्तान से 238 रन से हार गया था और उसका लक्ष्य अब भारत के सामने कुछ चुनौती पेश करने का होगा। उसकी उम्मीदें लेग स्पिनर संदीप लामिछाने और कप्तान रोहित पौडेल पर टिकी होंगी।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, इशान किशन, हार्दिक पंड्या (उप-कप्तान), रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, संजू सैमसन (रिजर्व)।

**नेपाल :** रोहित पौडेल (कप्तान), कुशल भुर्टेल, आसिफ शेख, भीम शर्की, कुशल मल्ला, आरिफ शेख, दीपेंद्र सिंह ऐरी, गुलशन झा, सोमपाल कामी, करण केसी, संदीप लामिछाने, ललित राजबंशी, प्रतीश जीसी, मौसम ढकाल, संदीप जोरा , किशोर महतो, अर्जुन साउद।

## NEWS इन ब्रीफ

### टीम ग्रीन को हरा टीम येलो बना मीडिया कप वॉलीबॉल का चैंपियन




**रांची।** रांची विवि के वॉलीबॉल कोर्ट में खेली जा रही मीडिया कप वॉलीबॉल 2023 के खिताबी मुकाबले में टीम येलो ने टीम ग्रीन को हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। फाइनल मुकाबले को टीम येलो ने 25-11, 25-17 के अंतर से जीता। फाइनल मैच की समाप्ति के बाद मुख्य अतिथि ऊॠ प्रशांत सिंह और विशिष्ट अतिथि रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी व प्रशासक डॉ रामाशंकर सिंह व रांची विवि के ऊह डॉक्टर सुदेश साहू ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। अतिथियों व प्रतियोगिता को सफल बनाने में योगदान देनेवाले रेफरियों को द रांची प्रेस क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। इससे पहले लीग मैच में टीम रेड ने टीम ब्लू को 25-17, 25-12 से हराया और प्रतियोगिता के आखिरी लीग मैच 'प्री फाइनल' में टीम येलो ने टीम ग्रीन को एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-23, 22-25, 15-6 से हराया।

### प्रथम का चयन रेलवे अंडर-23 टीम के कैंप में



**प्रयागराज।** शहर के युवा क्रिकेटर प्रथम मिश्र का चयन भारतीय रेलवे की अंडर-23 क्रिकेट टीम के कैम्प में हुआ है। रेलवे स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड द्वारा यह कैंप भुवनेश्वर में 04 से 30 सितम्बर तक आयोजित किया जायेगा। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय सुबेदारगंज में कार्यरत प्रथम मिश्र दारागंज निवासी इलाहाबाद विश्वविद्यालय के क्रिकेट कोच देवेश मिश्र के पुत्र हैं। प्रथम दायें हाथ के विस्फोटक बल्लेबाज होने के साथ बायें हाथ के स्पिन गेंदबाज हैं।

### दिव्या देशमुख ने जीता टाटा स्टील रैपिड महिला शतरंज का खिताब



**कोलकाता।** टाटा स्टील रैपिड और ब्लिट्ज इंटरनेशनल शतरंज का तीसरा संसकरण कोलकाता के भाषा भवन में इस समय खेला जा रहा है और शनिवार को इसका रैपिड टूर्नामेंट वर्तमान एशियन चैम्पियन दिव्या देशमुख के विजेता बनने के साथ सम्पन्न हो गया। पहले दिन के खेल के बाद ही बढ़त हासिल करने वाली भारत की दिव्या देशमुख नें आखिरी राउंड तक अपनी बढ़त को कायम रखा और खिताब हासिल किया। वैशाली आर के अंतिम समय मे टूर्नामेंट में हटने के चलते अंतिम समय में टूर्नामेंट में शामिल हुई दिव्या नें अपने चयन को सही साबित करते हुए अंतिम राउंड में भारत की सबसे महान महिला खिलाड़ी पूर्व विश्व रैपिड चैम्पियन कोनेरु हम्पी को पराजित करते हुए खिताबी जीत दर्ज की।

### अल्काराज, मेदवेदेव और ज्वेरेव चौथे दौर में



**न्यूयॉर्क।** दानिल मेदवेदेव ने शनिवार देर रात आर्थर ऐश स्टेडियम में सेबेस्टियन बाएज की 12 मैचों की जीत की लय पर जोरदार प्रहार किया और अर्जेंटीना के खिलाड़ी को 6-2, 6-1, 7-6(6) से हराकर यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंच गए। शुरूआती दो सेटों में कमजोर प्रदर्शन के बाद, बाएज ने तीसरे सेट में मेदवेदेव को कड़ी टक्कर दी, बड़े फोरहैंड लगाए और 17 बार नेट पर आए, जो कि पहले दो राउंड में किए गए कुल 18 नेट विज़िट के करीब है। तीसरे सेट में बैज 5-2 से आगे थे लेकिन हल्की बारिश के कारण 10 मिनट की देरी से उनकी गति रुक गई।

## एशिया कप-2023 का चौथा मैच

# बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को 89 रनों से दी शिकस्त



**एजेंसी। लाहौर**

एशिया कप का चौथा मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में बांग्लादेश बनाम अफगानिस्तान में खेला गया जिसे बांग्लादेश ने आसानी से जीत लिया। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करते हुए मेहदी हसन मिराज (112) और नजमुल हुसैन शान्तो (104) के शतकों की बदलौत 5 विकेट के नुकसान पर 334 रन बनाए थे। मिराज और शान्तो के अलावा कप्तान शाकिब अल हसन ने भी 18 गेंदों पर नाबाद 32 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में खेलने उतरी अफगानिस्तान की टीम 244 रन नबाकर पवेलियन लौट गई और 89 रन से मैच गंवा दिया। बांग्लादेश ने पहले खेलते हुए मोहम्मद नेम और मेहंदी हस मिराज की बदौलत अच्छी शुरूआत की थी। नेम ने 32 गेंदों पर 28 रन का योगदान दिया। तौहीद बिना खाता खोले आऊट हो गए। लेकिन इसके बाद मिराज ने शान्तो के साथ मिलकर स्कोर को आगे बढ़ाया। दोनों ने 215 रनों की पार्टनरशिप की और अपनी टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। मिराज ने जहां 119 गेंदों पर सात चौके और तीन छक्कों की मदद से 112 रन बनाए तो वहीं, शान्तो ने 105 गेंदों पर नौ चौके और दो छक्कों की मदद से 104 रन बनाए। मुशफिकुर रहीम ने 15 गेंदों पर 25, कप्तान शाकिब ने 18 गेंदों पर 32 रन बनाकर स्कोर 334 तक पहुंचा दिया।

# भारत और पाक मैच ने किया निराश पहले कभी नहीं आई थी ऐसी नौबत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और पाकिस्तान के बीच खेला गया मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। जिसके कारण दोनों टीमों को एक -एक अंक बांट दिए गए हैं। बता दें कि भारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप के अहम मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.5 ओवर में 267 रनों का लक्ष्य दिया था। हर बार कि तरह इस बार फिर लोगों की नजरें इस मैच पर टिकी हुई है। जब भी ये टीमें एक दूसरे के सामने आती है तो मैदान अक्सर फैंस से भरा दिखाई देता है, लेकिन इस बार जब एशिया कप के मुकाबले में ये दोनों टीमें कैंडी में एक-दूसरे के सामने आईं तो चौंकाने वाले दृश्य देखने का मिला। भारत पाकिस्तान के मैच में पहली बार ऐसा हुआ है कि स्टेडिय के कई हिस्से खाली थे। मैच के दौरान स्टेडियम मे फैंस दोनों देशों का झंडा लहरा रहे थे, तालियों से भी प्लेयरों को उत्साहित कर रहे थे लेकिन इस बार संख्या इतीन नहीं थी, जैसी भारत-पाकिस्तान के मैच में देखने को मिलती है। यहां स्टैंड और घसियाले (बिना स्टैंड वाले) दर्शकदीर्घा में कई स्थान खाली थे जो आम तौर पर भारत-पाक क्रिकेट मुकाबले के दौरान देखने को नहीं मिलता।



### नजम सेठी ने एशिया कप के कार्यक्रम पर सवाल उठाए



**पाल्लेकल (श्रीलंका)।** पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष नजम सेठी ने पाल्लेकल में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले के बारिश की भेंट चढ़ने के बाद एशिया कप के कार्यक्रम पर सवाल उठाते हुए कहा कि यूएई में खेलने के उनके सुझाव को ठुकरा दिया गया और श्रीलंका में टूर्नामेंट के आयोजन के लिए बेकार के तर्क दिए गए। पिछले साल रमीज राजा को पीसीबी अध्यक्ष के रूप में बर्खास्त किए जाने के बाद अंतरिम तौर पर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने वाले सेठी ने शनिवार को भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले के बारिश की भेंट चढ़ने के बाद नाराजगी जाहिर की। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) पर निशाना साधते हुए सेठी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, कितना निराशाजनक। बारिश ने क्रिकेट के सबसे बड़े मुकाबले में खलल डाला। लेकिन भविष्यवाणी भी यही की गई थी। पीसीबी अध्यक्ष के रूप में मैंने एसीसी से यूएई में खेलने का आग्रह किया था लेकिन श्रीलंका में आयोजन के लिए बेकार के तर्क दिए गए।

# हीथ स्ट्रीक का निधन, लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे

**एजेंसी। हरारे**

जिंबाब्वे के पूर्व क्रिकेट कप्तान हीथ स्ट्रीक का लंबे समय तक कैंसर से जूझने के बाद रविवार को निधन हो गया। उनके परिवार में सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की। वह 49 वर्ष के थे। जिंबाब्वे की तरफ से 1993 से लेकर 2005 तक 65 टेस्ट और 189 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने वाले स्ट्रीक लंबे समय से यकृत के कैंसर से जूझ रहे थे। स्ट्रीक की पत्नी नादिन ने फेसबुक पर लिखा, रविवार की सुबह को तड़के मेरे जीवन के सबसे बड़ा प्यार और मेरे खूबसूरत बच्चों के पिता को उनके घर से एन्जिल्स के साथ ले जाया गया। वह अपने घर में थे जहां वह अपने परिवार और निकटतम प्रियजनों के साथ अपने आखिरी दिन बिताना चाहते थे। नादिन ने कहा, हृद्यवह प्यार और शांति से सराबोर थे और वह अकेले नहीं निकले। स्ट्रीकी हमारी आत्माएं अनंत काल के लिए एक हो गई हैं। जब तक कि मैं तुम्हें फिर से अपने आगोश में नहीं भर लेती। जिंबाब्वे के पूर्व तेज गेंदबाज हेनरी ओलोंगा ने कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर स्ट्रीक के निधन की घोषणा की थी लेकिन अपने पूर्व कप्तान से संदेश मिलने के बाद उन्होंने कुछ घंटों में ही इसका खंडन कर दिया था। तब तक हालांकि कई पूर्व क्रिकेटरों ने अपने शोक संदेश जारी कर दिए थे। ओलोंगा ने रविवार को एक्स पर लिखा,आरआईपी स्ट्रीकी। स्ट्रीक ने टेस्ट क्रिकेट में 216 विकेट लिए तथा बल्लेबाजी में 1990 रन बनाए जिसने एक शतक और 11 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 189 वनडे में 239 विकेट हासिल किए तथा 13 अर्धशतकों की मदद से 2943 रन बनाए। वह टेस्ट और वनडे में जिंबाब्वे की तरफ से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।



# भारत ने जीता हॉकी 5 एशिया कप

**एजेंसी। सालालाह (ओमान)**

भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को रोमांचक शूटआउट में 2-0 से हराकर पहला पुरूष हॉकी 5 एशिया कप जीत लिया है। निर्धारित समय तक स्कोर 4-4 से बराबर था। इस जीत के साथ ही भारत ने एफआईएच पुरूष हॉकी 5 विश्व कप 2024 में भी प्रवेश कर लिया। भारत के लिए मोहम्मद राहील (19वां और 26वां), जुगराज सिंह (7वां) और मनिंदर सिंह (10वां मिनट) ने निर्धारित समय में गोल दागे। वहीं गुरजोत सिंह और मनिंदर सिंह ने शूटआउट में गोल किए। पाकिस्तान के लिए निर्धारित समय में अब्दुल रहमान (पांचवां), कप्तान अब्दुल राणा (13वां), जिकरिया हयात (14वां) और अरशद लियाकत (19वां) ने गोल दागे। इससे पहले भारत ने शनिवार को ही सेमीफाइनल में मलेशिया को 10-4 से रौंदकर फाइनल में प्रवेश किया था। पाकिस्तान ने पहले सेमीफाइनल में ओमान को 7-3 से हराकर फाइनल में जगह बनायी थी। भारत को टूर्नामेंट के एलीट पूल चरण के मैच में पाकिस्तान से 4-5 से हार मिली थी। भारत की ओर से सेमीफाइनल में मोहम्मद राहील (नौवें, 16वें, 24वें, 28वें मिनट), मनिंदर सिंह (दूसरे मिनट), पवन राजभर (13वें मिनट), सुखविंदर (21वें मिनट), दिप्सन टिर्की (22वें मिनट), जुगराज सिंह (23वें मिनट) और गुरजोत सिंह (29वें मिनट) ने गोल दागे।




### पीएम ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हॉकी-5एस एशिया कप जीतने पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हॉकी-5एस एशिया कप जीतने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने ट्विटर के जरिए कहा, हॉकी-5एस एशिया कप में चैंपियन! भारतीय पुरुष हॉकी टीम को शानदार जीत के लिए बधाई। यह हमारे खिलाड़ियों के अटूट समर्पण का प्रमाण है और इस जीत के साथ, हमने अगले साल ओमान में हॉकी-5 विश्व कप में अपना स्थान भी सुरक्षित कर लिया है। हमारे खिलाड़ियों का धैर्य और दृढ़ संकल्प हमारे देशवासियों को प्रेरणा देता है।₹ उल्लेखनीय है कि भारत ने फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में पाकिस्तान को हराकर ओमान के सलालाह में पुरुष हॉकी-5एस एशिया कप 2023 जीत लिया है। मध्यांतर तक पाकिस्तान 3-2 से आगे था, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने अंतिम सीटी बजने से पहले खेल को 4-4 से बराबर कर दिया।

# श्रीलंका ने इंग्लैंड को पहली बार महिला टी20 में हराया

**एजेंसी। चेम्सफोर्ड**

श्रीलंका की इंग्लैंड पर पहली बार टी-20 में आठ विकेट की आश्चर्यजनक जीत में शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के जरिए प्लेयर ऑफ द मैच चुने जाने के बाद कप्तान चामरी अटापट्टू ने इस जीत को टीम के लिए बहुत बड़ी बताया। चामरी ने 40 गेंदों में 55 रन बनाए और इंग्लैंड के 104 रनों के स्कोर को 6.4 ओवर शेष रहते हासिल करने में श्रीलंका की अगुवाई की। गेंद के साथ, उन्होंने शुरूआती ओवर में डैनी व्याट को आउट कर श्रीलंका के लिए शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन की नींव रखी और तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। उन्होंने मैच के बाद कहा, मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से वास्तव में खुश हूं। हमने पिछले गेम से बहुत सी चीजें सीखीं और हमने यहां सभी सही योजनाओं को क्रियान्वित किया। एक कप्तान के रूप में, एक टीम के रूप में, यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात है। श्रीलंका में महिला क्रिकेट के लिए बहुत बड़ी बात है।




मुख्य कोच मलिंडा वनार्पुरा ने चामरी के हरफनमौला प्रदर्शन की प्रशंसा की। चामरी लंबे समय से शानदार क्रिकेट खेल रही है। यह देखना अच्छा लगता है। जब चामरी बल्लेबाजी कर रही होती है तो पुरुषों का खेल देखने से कोई फर्क नहीं पड़ता है, जिस तरह से वह गेंद को इतनी जोर से मारती है और चिंता नहीं करती है। वह दुनिया में हमारे पास मौजूद सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक है। इंग्लैंड को हराने से पहले, श्रीलंका ने टी20 में पहली बार घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड को भी हराया था और इस साल फरवरी में महिला टी20 विश्व कप के शुरूआती मैच में भी दक्षिण अफ्रीका से बेहतर प्रदर्शन किया था।

## टूर्नामेंट | विश्वकप टीम में केएल राहुल नहीं, बोले गंभीर

# ईशान को मिलनी चाहिए प्राथमिकता

**एजेंसी। मुंबई**

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मानना है कि विश्वकप टीम में केएल राहुल पर ईशान किशन को प्राथमिकता मिलनी चाहिए और कहा कि अगर कर्नाटक के बल्लेबाज की रोहित शर्मा या विराट कोहली से प्रतिस्पर्धा चल रही होती तो उनके नाम पर विचार तक नहीं किया जाता। किशन ने पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को एशिया कप मैच में 82 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली थी जो उनका एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार चौथा अर्धशतक है। बारिश के कारण यह मैच पूरा नहीं हो पाया था। किशन ने पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए यह पारी खेली जिससे उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में खुद को राहुल से आगे कर दिया। राहुल चोटिल होने के कारण एशिया कप के शुरूआती मैचों में नहीं खेल रहे हैं। गंभीर ने कहा कि भारत को विश्वकप टीम में नाम की बजाय फॉर्म को प्राथमिकता देनी चाहिए। विश्वकप के लिए भारत की टीम की घोषणा मंगलवार को की जा सकती है।



गंभीर में डिजनी हॉटस्टार से कहा, मुझे बताइए कि चैंपियनशिप जीतने के लिए क्या महत्वपूर्ण है नाम या फॉर्म। यदि रोहित या विराट ने इस तरह का प्रदर्शन (लगातार चार मैचों में अर्धशतक) किया होता तो क्या तब भी आप यह कहते कि उनकी जगह केएल राहुल को लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, जब आप विश्वकप जीतने के लिए तैयारी कर रहे होते हैं तो आप नाम नहीं देखते, आप फॉर्म देखकर उनका आकलन करते हैं। आप उस खिलाड़ी का चयन करते हैं जो अच्छा प्रदर्शन कर सकता है और आपके लिए विश्वकप जीत सकता है। भारत की वनडे विश्व कप 2011 की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले गंभीर ने कहा कि किशन ने भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए अपनी तरफ से पर्याप्त काम किया है।

उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि ईशान किशन ने वह सब कुछ किया है जिससे कि उन्हें विश्वकप टीम में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। केवल इसलिए क्योंकि वह ईशान किशन है और उसने बहुत अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेले हैं आप कह रहे हैं कि केएल राहुल को उन पर प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा, लेकिन अगर ईशान किशन की जगह विराट कोहली और रोहित शर्मा होते तो क्या आप कहते कि उनके स्थान पर केएल राहुल को रखना चाहिए। इसका जवाब है नहीं।



## भारतीय शेयरों में एफपीआई का निवेश सुस्त पड़ा

# अगस्त में डाले 12,262 करोड़ रुपए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय शेयर बाजारों में पिछले तीन माह में जोरदार निवेश करने के बाद अब विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के प्रवाह में सुस्ती आई है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और मुद्रास्फीति का जोखिम फिर उभरने के बीच अगस्त में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में 12,262 करोड़ रुपए डाले हैं। मॉर्निंगस्टोर इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, ह्यह्यएफपीआई पूरी तरह ह्ययू-टर्न' लेने के बजाय देखो और इंतजार करो' की नीति अपना रहे हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता बनी हुई है और अंतर्निहित परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। इससे एफपीआई के प्रवाह में उतार-चढ़ाव रहेगा।" डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो





निवेशकों ने अगस्त में भारतीय शेयरों में शुद्ध रूप से 12,262 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस आंकड़े में प्राथमिक बाजार और थोक सौदों के माध्यम से किया गया निवेश शामिल है। यह भारतीय शेयरों में निवेश का एफपीआई का पिछले चार माह का सबसे निचला आंकड़ा है। इससे पिछले तीन महीनों में एफपीआई ने शेयरों में लगातार 40,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया था। जुलाई में एफपीआई का निवेश 46,618 करोड़ रुपए, जून में 47,148 करोड़ रुपए और मई में 43,838 करोड़ रुपए रहा था। इससे पहले अप्रैल में उनका निवेश 11,631 करोड़ रुपए और मार्च में 7,935 करोड़ रुपए था। श्रीवास्तव ने अगस्त में एफपीआई निवेश में आई गिरावट के लिए कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और मुद्रास्फीति के जोखिमों के फिर उभरने को प्रमुख कारक बताया। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने की वजह से भी एफपीआई जोखिम वाले बाजारों से अपना निवेश निकाल रहे हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय शेयर बाजारों में लगातार तेजी की वजह से शेयरों का मूल्यांकन कुछ निवेशकों के संतोषजनक स्तर से ऊपर हो गया है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, डॉलर में मजबूती तथा बढ़ते बॉन्ड प्रतिफल की वजह से अगस्त में एफपीआई ज्यादातर उभरते बाजारों में बिकवाल रहे हैं।" एफपीआई ने शेयरों के अलावा पिछले महीने ऋण या बॉन्ड बाजार में भी 7,732 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इसके साथ ही इस साल अब तक शेयरों में एफपीआई का कुल निवेश 1.35 लाख करोड़ रुपए और बॉन्ड बाजार में 28,200 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है।

### थाइलैंड नरेश ने निर्वाचन के तीन माह बाद नई कैबिनेट को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** थाईलैंड के नरेश ने औपचारिक रूप से एक नए मंत्रिमंडल के सदस्यों को मंजूरी दी है, जिससे आम चुनाव के तीन महीने से अधिक समय बाद प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यभार संभालने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। फेउ थाई पार्टी का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रेथा को 22 अगस्त को संसद द्वारा प्रधानमंत्री नामित किया गया था। पिछले साल आधिकारिक तौर पर राजनीति में प्रवेश करने से पहले तक एक प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर रहे श्रेथा वित्त मंत्री का पद भी संभालेंगे। थाइलैंड के नेरश महा वजिरालोंगकोर्न ने शुक्रवार को इस पर शाही मंजूरी जारी की। नयी सरकार बनाने में देरी संसद द्वारा मई में हुए चुनावों में सबसे अधिक सीटें जीतने वाली पार्टी - मूव फॉरवर्ड पार्टी - द्वारा गठित गठबंधन को समर्थन देने में विफलता के कारण हुई। यह प्रतिनिधि सभा और सीनेट के संयुक्त वोट में बहुमत हासिल नहीं कर सका क्योंकि इसके प्रगतिशील मंच ने रूढ़िवादी सीनेट के सदस्यों को अलग-थलग कर दिया था।

## 1 हफ्ते में रिलायंस को हुआ 38,495 करोड़ का नुकसान

# एयरटेल और एसबीआई को भी घाटा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सेंसेक्स की टॉप-10 में से 7 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह कुल 62,279.74 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। बीते हफ्ते रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन घट गया। वहीं, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत में बढ़ोतरी हुई। बीते हफ्ते रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 38,495.79 करोड़ रुपये के नुकसान से 16,32,577.99 करोड़ रुपये पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 14,649.7 करोड़ रुपये घटकर 5,88,572.61 करोड़ रुपये पर और भारती एयरटेल का 4,194.49 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 4,84,267.42 करोड़ रुपये रह गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 3,037.83 करोड़ रुपये घटकर 5,50,214.07 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक की 898.8 करोड़ रुपये के नुकसान से 6,78,368.37 करोड़ रुपये रह गई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 512.27 करोड़ रुपये घटकर 12,36,466.64 करोड़ रुपये रह गया। एसबीआई की बाजार हैसियत में 490.86 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 5,08,435.14 करोड़ रुपये रह गई। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 10,917.11 करोड़ रुपये के उछाल से 11,92,752.19 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस का मूल्यांकन 9,338.31 करोड़ रुपये के उछाल से 5,98,917.39 करोड़ रुपये रहा। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 6,562.1 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 4,43,350.96 करोड़ रुपये रहा।

## अगस्त में रूस से घटा कच्चे तेल का आयात, सऊदी अरब से बढ़ा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

मानूसन की बारिश की वजह से मांग घटने के चलते अगस्त में भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात घटकर सात माह के निचले स्तर पर आ गया है। उद्योग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल उपभोक्ता देश भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात अगस्त में लगातार तीसरे महीने घटा है। ऊर्जा की खेप पर निगाह रखने वाली कंपनी ह्यवॉर्टेक्सा' के आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में भारत ने रूस से प्रतिदिन 14.6 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा। इससे पिछले महीने भारत ने रूस से प्रतिदिन 19.1 लाख बैरल तेल खरीदा था। इसके अलावा भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने एक अन्य शीर्ष आपूर्तिकर्ता इराक से भी आयात घटाया है। इराक से आयात 8,91,000 बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) से घटकर 8,66,000 बैरल प्रतिदिन रह गया है। आंकड़ों से पता चलता है कि इस दौरान सऊदी अरब से आयात जुलाई के 4,84,000 बैरल प्रतिदिन से बढ़कर 8,20,000 बैरल प्रतिदिन हो गया है।

## पाक में मिल रही है 64 रुपये में एक यूनिट बिजली, आवाम में हाहाकार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आसमान छूती महंगाई, दिवालिया होने का खतरा, नाजुक राजनीतिक हालात जैसी कई मुसीबतों से पाकिस्तान जूझ रहा है। इन सबके बीच पाकिस्तान में इस समय एक नया मुद्दा गमार्या हुआ है। वहां जनता बिजली की महंगाई से परेशान है। पाकिस्तान में बढ़े हुए बिजली बिल को लेकर हाहाकार है। जनता आत्महत्या करने को मजबूर हो रही है। गृहयुद्ध का खतरा भी जताया जा रहा है। रेकॉर्ड महंगाई के बीच बढ़ी हुई बिजली की कीमतों ने आवाम की कमर तोड़ दी है। पूरे देश में लोग भारी विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अब पाकिस्तान की बिजनस कम्यूनिटी भी महंगी बिजली के विरोध में स्ट्राइक कर रही है। पाकिस्?तानी मीडिया के मुताबिक देश में बिजली की कीमत 64 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंच गई है। पाकिस्तान की बिजनस कम्यूनिटी ने शनिवार को देशभर में बिजली के बिलों में बढ़ोतरी के विरोध में हड़ताल की। दक्षिणपंथी जमात-ए-इस्लामी (जेआई) और व्यापारी समूहों ने हड़ताल का आह्वान किया और उन्हें वकीलों का समर्थन मिला। इससे कराची, लाहौर और पेशावर के साथ-साथ अन्य शहरों में व्यावसायिक गतिविधियां रुक गईं। सार्वजनिक परिवहन भी ठप रहा।

## पेज एक के शेष

### लेवी के 5 लाख के...

नितेश यादव का पत्र भी मिला है। जिसमें कई बातों की जानकारी है। टॉप माओवादी नितेश यादव ने यह पत्र हरि यादव को लिखा था। पुलिस गिरफ्तार हरि यादव और विनोद यादव से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार, विनोद यादव और हरि यादव ने कई बातों का खुलासा किया है। जिसके बाद बिहार के गया औरंगाबाद के कई इलाकों में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। पलामू पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल यह पता लगाया जा रहा है कि लेवी का यह पांच लाख रुपए कहां से आया था और किसने दिया था।

### एसडीपीओ राजेंद्र...

आफिस में उपस्थित होने को कहा गया है। ईडी को अंदेशा है कि अवैध खनन केस में प्रमुख गवाह रहे विजय हांसदा को मैनेज करने की कोशिश राजेंद्र दुबे ने भी की थी।

अवैध खनन व इससे अर्जित राशि की मनी लाउंड्रिंग के केस में ईडी ने साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से पूछताछ की थी। उन्होंने तब बताया था कि अवैध खनन रोकने के लिए उन्होंने पुलिस को कई बार पत्र लिखा था। साथ ही कार्रवाई के आदेश भी दिए थे। इस दौरान पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में आ गई थी। डीसी ने अपने आदेश से जुड़े साक्ष्य भी एजेंसी को उपलब्ध कराए थे। यही वजह है कि ईडी ने राजेंद्र दुबे को इस मामले में समन किया है। राजेंद्र दुबे साहिबगंज के खनन क्षेत्र में ही बतौर डीएसपी पोस्टेड रहे हैं। राजेंद्र दुबे से नौ दिसंबर 2022 को ईडी ने पूछताछ की थी। तब ईडी को यह जानकारी मिली थी की मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान राजेंद्र दुबे ने फोन पर बात की थी। गैरकानूनी तरीके से हुई दोनों के बीच लगातार बातचीत को ईडी ने गंभीर माना था , पूछताछ में भी ईडी के समक्ष राजेंद्र दुबे ने अपनी गलती स्वीकार की थी। ईडी ने राजेंद्र दुबे व उनके परिजनों की संपत्ति का हलफनामा भी मांगा था। अब नए तथ्यों के आधार पर राजेंद्र दुबे से ईडी पूछताछ करेगी।

### बेबी देवी के पक्ष में ...

के डिप्टी सीएम रह चुके हैं। यशोदा देवी आजसू के टिकट पर चुनाव लड़ रहीं हैं। उन्हें एनडीए ने अपना संयुक्त उम्मीदवार बनाया है। उपचुनाव के लिए गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड की 37 पंचायतों, बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड की 24 पंचायतों व चंद्रपुरा प्रखंड की नौ पंचायतों में 373 बूथ बनाए गए हैं। इस बार मतदाताओं की कुल संख्या 2,98,629 है। इसमें 1,54,452 पुरुष और 1,44,174 महिला हैं। डुमरी प्रखंड में 199, नावाडीह में 129 और चंद्रपुरा प्रखंड में 45 बूथ बनाए गए हैं, जहां वोटर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

वर्ष 2019 में यहां से झामुमो के कद्दावर नेता जगरनाथ महतो ने चुनाव जीता था। उन्होंने आजसू की यशोदा देवी को 34 हजार से अधिक मतों के अंतर से पराजित कर दिया था। इस बार यशोदा महतो के सामने दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी हैं। बेबी देवी झारखंड सरकार में मद्य निषेध मंत्री हैं। यही वजह है कि हेमंत सोरेन सरकार के लिए यह उपचुनाव प्रतिष्ठा का प्रश्न बन चुका है। सरकार ने पूरी ताकत झोंक दी है। वहीं, विपक्षी गठबंधन ने भी प्रचार-प्रसार में कोई कसर नहीं छोड़ी।

**8 अगस्त को उपचुनाव की तारीखों का हुआ था ऐलान :** उल्लेखनीय है कि 8 अगस्त को निर्वाचन आयोग ने 8 अगस्त को डुमरी विधासनभा सीट पर उपचुनाव की तारीखों का ऐलान किया था। चुनाव आयोग ने 10 अगस्त को चुनाव की अधिसूचना जारी की। 17 अगस्त तक उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए। 18 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच हुई। 21 अगस्त को एक उम्मीदवार ने आजसू के समर्थन में अपना नामांकन वापस ले लिया। अब 5 सितंबर को वोटिंग होगी। 8 सितंबर को मतों की गणना की जाएगी और उसी दिन दोपहर बाद तक रिजल्ट घोषित हो जाने की उम्मीद है। चुनाव की प्रक्रिया 10 सतिंबर तक पूरी हो जाएगी।

### विधेयक को जन हित...

के इशारे पर तीन अहम बिल को लटकाना चाह रहे हैं। राज्यपाल नहीं चाहते कि स्थानीय और नियोजन नीति बने और ओबीसी का आरक्षण बढ़े। उन्होंने कहा कि 1932 खतियान आधारित नियोजन और स्थानीय नीति, एसटी, एससी और ओबीसी का आरक्षण दायरा बढ़ाने और मॉब लिंचिंग बिल राज्य की जनता के हित से जुड़ा है। यह झारखंड वासियों की प्रतिष्ठा का प्रश्न है। स्थानीय नीति अलग राज्य की लड़ाई में मुख्य मुद्दा रही थी। इसके बाद भी तत्कालीन राज्यपाल रमेश बैस ने बिना संदेश के ही इसे लौटा दिया था। नये राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भी इस मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया। समन्वय समिति के सदस्यों ने एक सवाल के जवाब में कहा कि राज्यहित से जुड़ा मामला था। इसलिए राजभवन से समय नहीं मिलने के बावजूद हमलोग मांग पत्र सौंपने आये। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राजभवन में न तो कोई ओएसडी उपलब्ध था और ना ही कोई सचिव और न ही कोई जिम्मेवार अधिकारी। इसलिए समन्वय समिति ने सुरक्षा में तैनात एक संतरी को ही मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में राज्य समन्वय समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय, राजेश ठाकुर, बंधु तिर्की, योंगेद्र महतो और फागू बेसरा आदि शामिल थे।

### विकासशील देशों की...

मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर नहीं कर सकते हैं, और इसके अर्थव्यवस्था मंत्री रकेल ब्यूनरोस्त्रो सांचेज शिखर सम्मेलन में देश का प्रतिनिधित्व करने की संभावना है। शिखर सम्मेलन में आमंत्रित जी 20 सदस्य देशों की पूरी सूची यहां दी गई है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधान मंत्री एंथोनी अल्बानीज, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, जापान के प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा, इटली के प्रधान मंत्री जियोर्जिया मेलोनी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो, कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधान मंत्री मोहम्मद बिन सलमान, जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज, तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन, यूनाइटेड किंगडम के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक येओल और यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन शामिल हैं। बहुपक्षीय कार्यक्रम में यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल भी भाग लेंगे।

इसके अलावा, भारत ने उन नौ देशों के नेताओं को भी आमंत्रित किया है, जो जी20 समूह का हिस्सा नहीं हैं। ये हैं बांग्लादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना, मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सिसी, मॉरीशस के प्रधान मंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, नीदरलैंड के प्रधान मंत्री मार्क रूट, नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू, सिंगापुर के प्रधान मंत्री ली सीन लूंग, स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और सैय्यद असद बिन तारिक अल सईद, ओमान के उप प्रधान मंत्री और राज्य के प्रमुख सुल्तान हैथम बिन तारिक के निजी प्रतिनिधि।

## विदेश

# सूडानी सेना ने खार्तूम में हमला किया तेज

**एजेंसी। खार्तूम**

सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) ने सूडान की राजधानी खार्तूम में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के ठिकानों पर हवाई हमले और तोपखाने बमबारी तेज कर दी है। खार्तूम के एक सूत्र ने विगत शनिवार को बताया कि एसएएफ युद्धक विमानों ने खार्तूम के उत्तर-पश्चिम में ओमडुरमन के भीतर आरएसएफ स्थानों पर हवाई हमले किए। इन हमलों ने ओमडुरमैन के पश्चिम में ओमबाडा और दार अल सलाम जैसे इलाकों के साथ-साथ दक्षिण में अल सलहा पड़ोस को निशाना बनाया। सूत्र ने कहा, सेना व वायु सेना ने खार्तूम के उत्तर में बहरी शहर के अल-कदारो पड़ोस में आरएसएफ पदों पर भी हमले किए। इस बीच, दक्षिण खार्तूम आपातकालीन कक्ष के प्रवक्ता मोहम्मद कंदाशा ने शनिवार को अपने फेसबुक पेज पर बताया कि वायु सेना



ने दक्षिणी खार्तूम में अल-इंगहाज, अल-अजहरी और अल-सलामा इलाकों पर तीव्र बमबारी की। कंदाशा ने कहा, दक्षिण खार्तूम के इलाकों में सुबह से लगातार हवाई और तोपखाने बमबारी का सामना करना पड़ रहा है।₹ उन्होंने कहा कि अल-अजहरी पड़ोस में रजी अस्पताल के पास एक आवासीय और वाणिज्यिक स्थल पर हमले के कारण दो लोग मारे गए और दस अन्य घायल हो गए, इनमें से कुछ गंभीर हैं। रिपोर्ट के अनुसार आरएसएफ ने शनिवार को एक बयान जारी कर 'युद्धक विमानों द्वारा अंधाधुंध हवाई बमबारी' की निंदा की, जिसके परिणामस्वरूप तीन शहरों में महिलाओं और बच्चों सहित कई नागरिक हताहत हुए। आरएसएफ ने यह भी बताया कि आबादी वाले इलाकों में भारी तोपखाने की गोलाबारी जारी रही, इसमें अल-सल्हा, अल-फतेइहाब और ओमडुरमैन में ओम्बाडा के साथ-साथ पूर्वी नील क्षेत्र भी शामिल है। अर्धसैनिक बल ने ₹निर्दोष नागरिकों के प्रति सूडानी सेना के व्यवहार₹ की निंदा की और क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से इन कार्यों की जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया, उन्हें युद्ध अपराध के रूप में वगीर्कृत किया। एसएएफ ने आरएसएफ के साथ शनिवार की सशस्त्र झड़प पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। खार्तूम में झड़पें एसएएफ के जनरल कमांडर, अब्देल फतह अल-बुरहान के लाल सागर और पूर्वी सूडान के कसाला राज्यों के दौरे के साथ हुईं। शनिवार को दोनों राज्यों में सैन्य ठिकानों पर सैनिकों को संबोधित करते हुए, अल-बुरहान ने पुष्टि की कि लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक कि विद्रोह, अर्थात आरएसएफ, पराजित नहीं हो जाता। सूडानी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सूडान में 15 अप्रैल से खार्तूम और अन्य क्षेत्रों में एसएएफ और आरएसएफ के बीच घातक सशस्त्र झड़पों में तीन हजार से अधिक लोग मारे गए और छह हजार से अधिक घायल हो गए।

### ताइवान में तूफान 'हाइकुई' का कहर, परिवहन सेवा और स्कूल किये गये बंद

**बीजिंग।** ताइवान में तूफान हाइकुई' के कहर को देखते हुए रविवार को कार्यालय, स्कूल, खुले में होने वाले कार्यक्रमों, हवाई यातायात, रेल परिवहन और नौका सेवाओं को बंद किया गया है। अधिकारियों ने कामगारों से घर पर रहने की अपील की है। तूफान हाइकुई' के असर से ताइवान के कई इलाकों में भारी बारिश हुई और तेज हवा चल रही है।

इसके अलावा हांगकांग और मकाओ के लिए हवाई सेवाओं के साथ-साथ दर्जनों घरेलू उड़ानें रद्द कर दी गईं। द्वीप के मौसम विज्ञान ब्यूरो के अनुसार तूफान के असर से अधिकतम 137 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलती रही। हाइकुई' ताइवान को पार करने के बाद चीन की ओर आगे बढ़ेगा और ऐसे में चीन के गुआंग्डोंग प्रांत के शहर शान्ताउ के अधिकारियों ने अपने नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

## युद्ध तेज — रूस ने क्रीमिया पुल पर हमले को फिर किया नाकाम

# हवा में ही मार गिराए यूक्रेन के तीन ड्रोन

**एजेंसी। कीव**

रूस के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को दावा किया कि उसने यूक्रेन के तीन ड्रोन को मार गिराया है जिन्हें मॉस्को और कब्जे किए गए क्रीमिया प्रायद्वीप को जोड़ने वाले पुल पर हमला करने के लिए भेजा गया था। इस हमले की वजह से एक साल में तीसरी बार इस अहम पुल को अस्थायी रूप से यात यातायात के लिए बंद करना पड़ा है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि एक नौसैनिक ड्रोन को विगत शुक्रवार देर रात और दो अन्य को विगत शनिवार देर शाम मार गिराया गया। हालांकि, यूक्रेन के अधिकारियों की ओर से मामले में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है। यूक्रेन के साथ युद्ध में क्रेमलिन बलों के लिए केर्च पुल एक प्रमुख आपूर्ति मार्ग है। रूस द्वारा यूक्रेन के साथ युद्ध शुरू करने के बाद से इस पुल को बार-बार



निशाना बनाने की कोशिश की जा रही है। यूक्रेन से लगते रूस से सीमावर्ती क्षेत्र बेलगोरोद के गवर्नर व्याचेस्लेव ग्लादकोव ने बताया कि विगत शनिवार की देर शाम गोलाबारी में एक आम नागरिक मारा गया जबकि दो अन्य घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि यूक्रेन के दो ड्रोन ने इलाके के वालुइस्की जिले में हमला किया जिससे एक निजी मकान और कार को नुकसान पहुंचा जबकि एक अन्य ड्रोन को रूसी हवाई रक्षा प्रणाली ने ग्राइवारोनस्की जिले में मार गिराया। क्षेत्रीय गवर्नर रोमन स्टारोवोइट ने कहा कि यूक्रेन की सीमा से लगे पड़ोसी कुर्स्क क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को गोलाबारी के दौरान एक महिला घायल हो गई। उन्होंने गोलाबारी के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराया। यूक्रेन के अधिकारी आम तौर पर रूसी धरती पर हमलों पर टिप्पणी करने से बचते हैं। उन्होंने यह नहीं बताया कि हमले उनकी ओर से किए गए या नहीं। रूसी सीमा क्षेत्रों पर ड्रोन हमले और गोलाबारी नियमित तौर पर होती रहती है। इस बीच, रूस द्वारा तैनात महापौर अलेक्सी कुलेमजिन ने बताया कि पूर्वी यूक्रेन के शहर दोनेतस्क में यूक्रेन की गोलाबारी में चार लोग घायल हो गए। दोनेतस्क इसी नाम के पूर्वी यूक्रेनी प्रांत की क्षेत्रीय राजधानी है, जो सितंबर में रूस के कब्जे में आए यूक्रेन के चार प्रांतों में से एक है। यह शहर 2014 में रूस समर्थित अलगाववादियों के नियंत्रण में आ गया था। यूक्रेन की सेना ने शनिवार को एक नियमित विज्ञप्ति में कहा कि पिछले 24 घंटों के दौरान रूस ने कई रॉकेट लॉन्चरों से 42 हमले किए हैं। इनके अलावा चार मिसाइलें दागी हैं और 39 हवाई हमले किए हैं। गवर्नर ओलेह प्रोकुदीन के मुताबिक शनिवार को यूक्रेन के दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र में गोलाबारी के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। क्रिवी रिह के महापौर ओलेक्संद्र विलकुल ने दावा किया कि यूक्रेन की हवाई रक्षा प्रणाली ने राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के गृहनगर पर रूसी हमले को नाकाम कर दिया है।




# ‘भारत 2047 तक होगा विकसित राष्ट्र’

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आर्थिक वृद्धि को अपनी सरकार के नौ साल के कार्यकाल की राजनीतिक स्थिरता का स्वाभाविक सह-उत्पाद बताते हुए उम्मीद जताई है कि 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र होगा, जिसमें भ्रष्टाचार, जातिवाद और सांप्रदायिकता के लिए कोई जगह नहीं होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले सप्ताह मीडिया को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि मुद्रास्फीति पर काबू पाने की कवायद में केंद्रीय बैंकों को नीतिगत रुख के बारे में समय पर और स्पष्ट सूचना देनी चाहिए ताकि प्रत्येक देश के महंगाई रोकने की लड़ाई के कदमों का दूसरे देशों पर नकारात्मक दुष्प्रभाव न पड़े। इस समय जहां अधिकांश विकसित अर्थव्यवस्थाएं आर्थिक सुस्ती, गंभीर किल्लत, ऊंची मुद्रास्फीति और अपनी आबादी की बढ़ती उम्र की समस्या का सामना कर रही हैं वहीं भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है जिसके पास सबसे बड़ी युवा आबादी है।



मोदी ने कहा, विश्व इतिहास में लंबे समय तक भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक था। बाद में उपनिवेशवाद के प्रभाव की वजह से हमारी वैश्विक पहुंच घट गई। लेकिन अब भारत एक बार फिर आगे बढ़ रहा है। हमने जिस रफ्तार से दुनिया की 10वीं से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था तक लंबी छलांग लगाई है वह दर्शाता है कि भारत को अपना काम बखूबी पता है।

उन्होंने लोकतंत्र, जनांकिकी और विविधता के साथ विकास (चार डी) को भी जोड़ते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक का काल व्यापक अवसरों से भरपूर है और इस दौर में रहने वाले भारतीयों के पास वृद्धि की एक नींव रखने का बड़ा अवसर है जिसे आने वाले हजारों साल तक याद रखा जाएगा। भारत ने वित्त वर्ष 2021-22 के अंत में 3.39 लाख करोड़ डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लिया था। भारत से आगे अब सिर्फ अमेरिका, चीन, जापान एवं जर्मनी ही हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले के तीन दशकों में देश में कई ऐसी सरकारें आईं जो अस्थिर थीं, जिसकी वजह से वे बहुत कुछ नहीं कर पाईं। उन्होंने कहा, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में जनता ने (भाजपा को) निर्णायक जनादेश दिया है जिससे देश में एक स्थिर सरकार है, अनुकूल नीतियां हैं और सरकार की कुल दिशा को लेकर स्पष्टता है। इस स्थिरता की ही वजह से पिछले नौ साल में कई सुधार लागू किए जा सके हैं। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था, शिक्षा, वित्तीय क्षेत्र, बैंक, डिजिटलीकरण, कल्याण, समावेशन एवं सामाजिक क्षेत्र से संबंधित इन सुधारों ने एक मजबूत बुनियाद रखी है और वृद्धि इसका स्वाभाविक सह-उत्पाद है।

उन्होंने कहा, भारत की त्वरित एवं सतत प्रगति ने दुनियाभर का ध्यान आकृष्ट किया है और कई देश हमारी वृद्धि गाथा को बेहद करीब से देखते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ये देश इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि हमारी प्रगति कोई दुर्घटना न होकर ह्यसुधार, प्रदर्शन एवं बदलाव की एक स्पष्ट और कार्य-उन्मुख रूपरेखा का परिणाम है। उन्होंने कहा, लंबे समय तक भारत को एक अरब से अधिक भूखे पेट का देश माना जाता था, लेकिन अब भारत को एक अरब से अधिक आकांक्षावान मस्तिष्क, दो अरब से अधिक कुशल हाथों और करोड़ों युवा लोगों का देश माना जाता है।

उन्होंने कहा कि 100 से अधिक यूनिकॉर्न की मौजूदगी वाला भारत स्टार्टअप कंपनियों का तीसरा बड़ा गढ़ है और अंतरिक्ष के क्षेत्र में इसकी उपलब्धियों का जश्न आज पूरी दुनिया में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की लगभग सभी खेल स्पर्द्धाओं में पुराने रिकॉर्ड तोड़ रहा है और हर साल अधिक संख्या में विश्वविद्यालय दुनिया के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में शामिल हो रहे हैं। यूनिकॉर्न से आशय एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले स्टार्टअप से है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, इस रफ्तार को देखकर मुझे यकीन है कि हम निकट भविष्य में दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएंगे। मुझे भरोसा है कि 2047 तक हमारा देश विकसित देशों में से एक होगा। उन्होंने कहा कि एक विकसित देश के रूप में भारतीय अर्थव्यवस्था अधिक समावेशी एवं नवाचारी होगी, गरीब लोग निर्धनता के खिलाफ लड़ाई में जीत हासिल करेंगे और देश के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र दुनियाभर में बेहतरीन होंगे।

मोदी ने कहा,हमारे देश में भ्रष्टाचार, जातिवाद एवं सांप्रदायिकता का कोई स्थान नहीं होगा। हमारे लोगों के जीवन की गुणवत्ता दुनिया के अग्रणी देशों के मुकाबले की होगी। सबसे बढ़कर, हम प्रकृति और संस्कृति दोनों का ध्यान रखते हुए यह मुकाम हासिल करेंगे। ईवाई का अनुमान है कि भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वर्ष 2028 तक जापान एवं जर्मनी दोनों को पीछे छोड़ते हुए पांच लाख करोड़ डॉलर पर पहुंच जाएगा। हालांकि, उस समय भी अमेरिकी अर्थव्यवस्था का आकार भारत से छह गुना बड़ा होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, जी20 की हमारी अध्यक्षता के दौरान वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों के साथ बैठक में इस पर जोर दिया गया कि केंद्रीय बैंकों द्वारा अपने नीतिगत रुख के बारे में समय पर एवं स्पष्ट सूचना देना महत्वपूर्ण है। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि मुद्रास्फीति कम करने के लिए हर देश में उठाए जाने वाले नीतिगत कदम दूसरे देशों पर नकारात्मक दुष्प्रभाव न डालें।

आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) कर प्रतिस्पर्धा को सीमित कर और कंपनियों के कर भुगतान की जगह को बदलकर कर नियोजन एवं वंचना के लिए प्रोत्साहन घटाने के प्रस्तावों को लक्षित कर रहा है। ओईसीडी का यह प्रस्ताव उन कंपनियों के मुनाफे पर कर लगाने के देश के अधिकार का विस्तार करता है, जो देश में बिक्री करती हैं, लेकिन वे वहां पर भौतिक रूप से मौजूद नहीं हैं। मोदी ने कहा, यह सम्मेलन देशों और न्यायिक क्षेत्रों को अंतरराष्ट्रीय कर प्रणाली के ऐतिहासिक, प्रमुख सुधार के साथ आगे बढ़ने की अनुमति देगा। आप देख सकते हैं कि कई मुद्दों पर पर्याप्त प्रगति हुई है।

## NEWS इन ब्रीफ

### सोनिया गांधी दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी को रविवार को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में हलके बुखार के बाद भर्ती कराया गया है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष हाल ही में विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए की बैठक में शामिल होने के लिए मुंबई गई थीं। सूत्रों के मुताबिक वर्तमान में सोनिया गांधी डॉक्टरों की निगरानी में हैं और उनकी हालात सामान्य है।

### ऑटो रिक्शा-लॉरी के बीच टक्कर, 5 की मौत, दो घायल

**बापटला।** आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में रविवार तड़के एक ऑटोरिक्शा और एक लॉरी के बीच हुई टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना तड़के साढ़े चार बजे संथामागुलुरु गांव के पास गुंटूर-कुर्नूल राजमार्ग पर हुई। इसमें घायल हुए दो लोगों का इलाज नरसरावपेटा अस्पताल में किया जा रहा है।

### राजौरी से एक आईईडी बरामद, सुरक्षाबलों ने समय रहते किया नष्ट

**राजौरी।** राजौरी जिले के संगपुर गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) जैसी वस्तु बरामद हुई। इसके बाद बम निरोधक दस्ते ने समय रहते इससे नष्ट कर दिया। करीब ढाई घंटे बाद राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही बहाल कर दी गई है। सैन्य अधिकारियों के अनुसार नियमित गश्त के दौरान सुरक्षाबलों के जवानों को नारियन और चिंगस के बीच संगपुर गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे एक संदिग्ध सामग्री पड़ी हुई मिली। यह संदिग्ध सामग्री एक टिफिन में थी, जिसके बाद राजमार्ग को यातायात के लिए बंद कर दिया गया और पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई। भारतीय सेना के बम निरोधक दस्ते ने सेना और पुलिस कर्मियों की सहायता से इस सामग्री की जांच की। जांच में पता चला कि टिफिन में आईईडी है। बम निरोधक दस्ते ने समय रहते इससे नष्ट कर दिया। इसके बाद राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही बहाल कर दी गई।

## इंडिया गठबंधन कर रहा सनातन धर्म का अपमान : अमित शाह

**एजेंसी। डूंगरपुर**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु की डीएमके सरकार के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के बयान को लेकर रविवार को विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन आईएनडीआईए दो दिन से सनातन धर्म का अपमान कर रहा है। आईएनडीआई के दो घटक दल डीएमके और कांग्रेस के बड़े नेता कह रहे हैं कि सनातन धर्म को समाप्त कर देना चाहिए। इन लोगों ने वोटबैंक और तुष्टीकरण की राजनीति के लिए हमारी संस्कृति का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म पर ये जितना बोलेंगे, उतना कम होते जाएंगे।

गृहमंत्री शाह रविवार को राजस्थान के बेणेश्वर धाम में भाजपा की दूसरी परिवर्तन यात्रा से पहले आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वोटबैंक और तुष्टीकरण की राजनीति करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। राहुल गांधी हिंदू संगठन की तुलना लश्कर-ए-तैयबा से कर रहे हैं तो वहीं यूपीए सरकार के तत्कालीन गृहमंत्री कहते थे हिंदू टेरर चल रहा है। शाह ने कहा कि आप जितना बोलोगे, उतना कम होते जाओगे। सनातन धर्म के खिलाफ बोलोगे तो 2024 में दूरबीन से भी देखने पर नहीं दिखोगे। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह कहते थे कि बजट पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। हम कहते हैं कि बजट पर पहला अधिकार गरीबों का है।




अल्पसंख्यकों के नाम पर तुष्टीकरण करते हैं।

शाह ने कहा कि कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार पर 12 लाख करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप है। साथ में मन में अहंकार है, घमंड है कि देश में राज सिर्फ गांधी परिवार कर सकता है। और मोदी तो गरीब मां और चाय बेचने वाले का गरीब बेटा है। ये लोग सहन नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दस साल तक यूपीए सरकार ने राजस्थान की जनता को क्या दिया? दस साल की सरकार में सिर्फ राजस्थान को 1 लाख 60 हजार करोड़ रुपये दिए, जबकि मोदी सरकार ने 9 साल में 8 लाख 71 हजार करोड़ रुपये राजस्थान को दिए।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि गहलोत सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है, महिला सुरक्षा में विफल सरकार है। राजस्थान में महिलाओं के साथ बदसलूकी के हर रोज करीब 19 मामले आ रहे हैं। एक महिला का चीरहरण हुआ लेकिन सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। गहलोत जादूगर हैं। उन्होंने जादू से राजस्थान से बिजली गायब कर दी। महिलाओं की सुरक्षा गायब कर दी।

## मुंद्रा बंदरगाह पर विदेशी सिगरेट से भरा कंटेनर जब्त : डीआरआई



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंद्रा बंदरगाह पर 6.5 करोड़ रुपये की विदेशी सिगरेट की 32.5 लाख छड़ें जब्त की हैं। डीआरआई ने रविवार को यह जानकारी दी। खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई अहमदाबाद के अधिकारियों ने मुंद्रा बंदरगाह पर एक आयात खेप को रोका। डीआरआई अधिकारी ने कहा कि खेप को 'ऑटो एयर फ्रेशनर' के रूप में घोषित किया गया था और इसे जेबेल अली बंदरगाह से भेजा गया था।

अधिकारी ने कहा, ''खेप की जांच के दौरान उन्हें कंटेनर में पहली लाइन में पैकेज 'ऑटो एयर फ्रेशनर' के थे। हालांकि, पहली लाइन के पीछे सभी पैकेजों में विदेशी सिगरेट गोल्ड फ्लेक्स थीं।''

इन विदेशी सिगरेटों पर 'मेड इन तुर्की' की मार्किंग थी। पंचनामा कार्रवाई के तहत कुल 32.5 लाख छड़ें जब्त की गईं। जब्त सिगरेटों की कीमत करीब 6.5 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह भी देखा गया कि सिगरेट के कुछ पैकेटों पर 'मेड इन इंडिया' की मार्किंग थी। अधिकारी ने आगे कहा कि नकली सिगरेट या इसी तरह आयात करने के प्रयास की संभावना की पहचान करने के लिए अधिकारी क्षेत्र विशेषज्ञों के संपर्क में हैं।

## डॉ दिनेश शर्मा को भाजपा ने बनाया राज्यसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सीट के लिए होने वाले उपचुनाव में अपने उम्मीदवार के रूप में राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा के नाम की घोषणा की। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया, ''भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने उत्तर प्रदेश में होने वाले आगामी राज्यसभा उपचुनाव के लिए डॉ. दिनेश शर्मा के नाम पर अपनी मंजूरी दे दी है।''भाजपा के वरिष्ठ नेता हरद्वार दुबे के निधन के बाद चुनाव जरूरी हो गया था। दुबे का 26 जून को दिल्ली में निधन हो गया। उपचुनाव के लिए मतदान 15 सितंबर को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होगा। वोटों की गिनती भी उसी दिन होगी। दिनेश शर्मा 2017-22 के बीच उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के पहले कार्यकाल में दो उपमुख्यमंत्रियों में से एक थे।

## कर्नाटक : महिला टीचर ने दो स्कूली लड़कों से कहा- 'पाकिस्तान जाओ'

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के शिवमोग्गा में एक उर्दू स्कूल की महिला टीचर ने अपनी कक्षा के दो मुस्लिम लड़कों से कहा कि पाकिस्तान चले जाओ। महिला टीचर की इस टिप्पणी से लोग आक्रोशित हो गए, जिससे उन्हें लोगों के गुस्से का शिकार होना पड़ा। हालांकि, महिला टीचर का तबादला कर दिया गया है। कक्षा 5 के दो छात्र झगड़ते हुए कक्षा में शोर मचा रहे थे, जिससे महिला टीचर चिढ़ गई। जब उसके डांटने के बाद भी छात्रों ने झगड़ा जारी रखा तो वह गुस्से में आ गईं और छात्रों से 'पाकिस्तान चले जाने' को कहा। छात्रों के माता-पिता के अनुसार, शिक्षक ने कथित तौर पर उनसे कहा कि 'पाकिस्तान चले जाओ, यह हिंदुओं का देश है।'

## कार्य के भविष्य के लिए रूपरेखा



हम काम करने के तरीके में बड़े पैमाने पर वैश्विक बदलाव को देख रहे हैं। यह आईआर 4.0, ऊर्जा संक्रमण और नए युग की प्रौद्योगिकियों द्वारा संचालित 'कार्य के भविष्य' के रूप में हमारे सामने है। नई प्रौद्योगिकियां 'कार्य', 'कार्यस्थल' और 'कार्यबल' के स्तर पर बदलाव ला रही हैं। हम विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की संरचना में व्यापक बदलाव देख रहे हैं। यह उच्च-स्तरीय अनुभूति और सामाजिक-भावनात्मक कौशल की आवश्यकता वाले नए रोजगारों के आगमन से प्रमाणित है। 'कार्य के भविष्य' को समायोजित करने के लिए सभी सामाजिक आर्थिक क्षेत्रों में आशावाद के साथ-साथ संदेह भी व्याप्त है। इस प्रकार के व्यापक वैश्विक परिवर्तनों के संदर्भ में गहन विचार-विमर्श की आवश्यकता होती है। जी-20 अपने सभी आर्थिक और सामाजिक आयामों के साथ 'काम के भविष्य' पर चर्चा करने के लिए सही मंच है। यह वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 85 प्रतिशत और वैश्विक आबादी के दो-तिहाई का प्रतिनिधित्व करता है। जी-20 जो 'काम के भविष्य' से निकलने वाली प्रवृत्तियों का प्रबंधन करने के लिए राष्ट्रों की पूरक शक्तियों के साथ वैश्विक हित के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के लिए एक रूपरेखा तैयार कर सकता है। भारत की अध्यक्षता में जी-20 ने जी-20 कौशल रणनीति और क्षमता निर्माण, आजीवन शिक्षण और निगरानी से जुड़े इसके संबंधित पहलुओं को चर्चाओं के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में रखा है। पूरी दुनिया के लिए ये विचार-विमर्श प्रासंगिक हैं। यह जी-20 और वास्तव में दुनिया को शैक्षिक और प्रशिक्षण प्रणालियों के बारे में फिर से परिकल्पना करने के कार्य की नये सिरे से शुरूआत करने का अवसर प्रदान करता है ताकि शिक्षार्थियों को जीवन को सही दिशा में ले जाने, समाज में योगदान देने और रोजगार के उभरते बाजारों के अनुकूल आवश्यक कौशल से लैस किया जा सके।

ऑटोमेशन, बिग डेटा, एआई और अन्य प्रौद्योगिकियों के माध्यम से हमारे चारों ओर तेजी से तकनीकी व्यवधान के संदर्भ में 'कार्य के भविष्य' की कुछ प्रमुख अभिव्यक्ति दिखाई देती है। जहां एक तरफ इसने उत्पादकता में पर्याप्त वृद्धि को सक्षम किया है, वहीं दूसरी तरफ इसने भविष्य में रोजगार के बाजार के दायरे, आकार और समावेश से जुड़े सवाल भी उठाए हैं। कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में 2050 तक कामकाजी उम्र की आबादी 25 प्रतिशत से कम होने का अनुमान है। दुनिया भर में यह जनसांख्यिकीय विचलन चिंता पैदा कर रहा है। जी-20 के तहत शिक्षा और श्रम कार्य समूह के विचार-विमर्श ने वास्तव में कुछ क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति को चिन्हित किया है। इसमें सामूहिक जी-20 कौशल रणनीति को लागू करने के लिए संकेतक और स्कूल और टीवीईटी में निरंतर शिक्षण, शिक्षा और शिक्षण के परिणामों में सुधार के तरीके शामिल हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020, विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/राज्यों में फैले शिक्षा और कौशल से संबंधित आधारभूत संरचना में निर्बाध ऋण संचय और हस्तांतरण, व्यावसायिक से सामान्य शिक्षा और कौशल के वितरण को एकीकृत करके सभी स्तरों पर कौशल और व्यावसायिक शिक्षा के एकीकरण के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रदान करती है। इसका उद्देश्य शिक्षण को अधिक पेशा-उन्मुख, स्वस्थ बनाना और रोजगार क्षमता को बढ़ाना है। इसमें यह भी परिकल्पना की गई है कि हमारे शिक्षा और कौशल संस्थान ऐसे व्यक्तियों को तैयार करने में सक्षम हैं, जो अर्थव्यवस्था और रोजगार के बाजार में परिवर्तन के लिए लचीला और अनुकूल हैं।

'कार्य के भविष्य' के लिए कार्यबल तैयार करना एक बहुआयामी और बहु-हितधारक जिम्मेदारी है। डोमेन और सॉफ्ट कौशल के अलावा, शिक्षा-कौशल संबंधी इको-सिस्टम को छात्रों में रचनात्मकता, समस्या सुलझाने और विश्लेषणात्मक सोच के कौशल को स्थापित करना चाहिए, ताकि उन्हें नए युग की अर्थव्यवस्था के लिए तैयार किया जा सके। हम विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों में गतिशील कौशल मूल्यांकन और प्रत्याशा की आवश्यकता को पहले से कहीं अधिक देखते हैं, क्योंकि ऑटोमेशन से शॉप फ्लोर और ग्राहक से जुड़ने के तरीकों में बदलाव होता है। कौशल संबंधी आधारभूत संरचना को भी संस्मरण और सिद्धांत से उन्नत करने की आवश्यकता होगी। इसके लिए हस्तांतरणीय रोजगार कौशल पर अधिक ध्यान देते हुए दुनिया को समझना होगा। हमें स्थानीय/जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के हितधारकों में कार्यान्वयन से जुड़े भागीदारों की क्षमता को भी बनाए रखना चाहिए, ताकि उन्हें इस परिवर्तन को अक्षरशः लागू करने के लिए आवश्यक कौशल और प्रेरणा से लैस किया जा सके। प्रौद्योगिकियों के साथ-साथ 'कार्य के भविष्य' को समावेश करने और श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी, वंचित वर्गों/भौगोलिक क्षेत्रों तक कौशल की पहुंच और उन वर्गों की मदद करने जैसी सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए भी नए सिरे से प्रयास करने की आवश्यकता है, जिन्हें नई अर्थव्यवस्था के साथ मुख्यधारा में लाना मुश्किल लगता है। भारत के नेतृत्व में ग्लोबल साउथ अपने कार्य के भविष्य के लिए अपनी शिक्षा-कौशल प्रणालियों को उन्नत करने के लिए आवश्यक सुधार करते हैं, यह स्वचालित रूप से जी-20 के तहत विभिन्न देशों के बीच सहयोग और गतिशीलता के पूरक अवसरों की एक शृंखला की शुरूआत करता है, जो विपरीत जनसांख्यिकीय और आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हैं।

**(अतुल कुमार तिवारी,सचिव, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय)**

**शिखर सम्मेलन** | **एक दिसंबर को जी-20 की कमान ब्राजील को सौंपेगा भारत**

# अंतरराष्ट्रीय स्तर की ‘जी-20 थिंक’ का होगा समापन

### नौसेना ने 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना से रखी थी क्विज जी-20 थिंक की अवधारणा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जी-20 की इस साल मेजबानी करने के बाद भारत अगले साल के लिए शिखर सम्मेलन की कमान ब्राजील को सौंपेगा। एक दिसंबर को होने वाले इस कार्यक्रम के साथ ही 'जी-20 थिंक' की श्रृंखला का समापन होगा। यह जी-20 का नेतृत्व करने के लिहाज से भारत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी, जिसने वैश्विक स्तर पर कई अनूठी उपलब्धियां देखी हैं। जी-20 थिंक के अंतरराष्ट्रीय दौर में दुनियाभर से युवा और प्रतिभाशाली दिमागों का प्रतिनिधित्व देखने को मिलेगा।




रक्षा मंत्रालय के मुताबिक आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए भारतीय नौसेना ने विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिताओं को राष्ट्रीय स्तर की स्कूल क्विज प्रतियोगिता 'द इंडियन नेवी क्विज' (थिंक) में बदल दिया था। इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता संभालने पर भारत के लिए यह एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम बन गया, इसलिए इसका नाम बदलकर 'जी-20 थिंक' कर दिया गया। जी-20 सचिवालय के तत्वावधान में नौसेना कल्याण और कल्याण संघ (एनडब्ल्यूडब्ल्यूए) के साथ साझेदारी में नौसेना ने यह प्रतियोगिता आयोजित की। बाद में इसके दो स्तर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कर दिए गए। जी-20 थिंक के लिए एक वेबसाइट स्थापित की गई, जिसके माध्यम से जी-20 थिंक के राष्ट्रीय दौर में नौवीं से बारहवीं कक्षा में पढ़ने वाले 11,700 से अधिक स्कूलों ने पंजीकरण कराया। इसके बाद दो ऑनलाइन एलिमिनेशन राउंड 12 सितंबर और 3 अक्टूबर को होंगे। इसके बाद 10 अक्टूबर को ऑनलाइन क्वार्टर फाइनल होगा, जहां प्रत्येक जोन से चार स्कूल यानी 16 टीमें सेमीफाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई करेंगी। राष्ट्रीय स्तर का सेमीफाइनल 17 नवंबर को मुंबई के एनसीपीए ऑडिटोरियम में होगा। इससे निकलीं शीर्ष 8 टीमें 18 नवंबर को मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया पर राष्ट्रीय फाइनल राउंड में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

राष्ट्रीय राउंड के पूरा होने पर सभी फाइनलिस्टों में से दो सर्वश्रेष्ठ क्विजर्स को अंतरराष्ट्रीय दौर में 'टीम इंडिया' का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाएगा। जी-20 थिंक के अंतरराष्ट्रीय दौर में दुनियाभर से युवा और प्रतिभाशाली दिमागों का प्रतिनिधित्व देखने को मिलेगा। इस दौर में जी-20 देशों की टीमें और 9 अन्य देशों के विशेष आमंत्रित सदस्य भाग लेंगे। प्रत्येक टीम में दो छात्र शामिल होंगे। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों को इस दौरान भारत की विविध विरासत और संस्कृति का अनुभव करने का अवसर मिलेगा। इन सभी को देश के विभिन्न लोकप्रिय पर्यटक स्थलों और प्रतिष्ठित स्थलों पर ले जाया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर का फाइनल 22 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित होगा। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के बाद एक दिसंबर को नई दिल्ली में होने वाले एक कार्यक्रम के साथ ही 'जी-20 थिंक' की श्रृंखला का समापन होगा। इसी दिन भारत अगले जी-20 शिखर सम्मेलन की कमान ब्राजील को सौंपेगा।